राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे 9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, मंगलवार, 03 दिसंबर 2024

वर्ष 06, अंक 67, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

पीड़ित ने पुलिस विवेचना पर उठाए सवाल, एसपी से मिलकर की निष्पक्ष जांच की मांग...02

असम श्रीभूमि (करीमगंज) जिले के दुल्लभछड़ा के कई इलाकों के लोग बंदरों के आतंक से परेशान।...12

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से प्रति मतदान केंद्र मतदाता संख्या बढ़ाने के फैसले के खिलाफ याचिका पर जवाब मांगा

**स्वतंत्र प्रभात**



उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को चुनाव आयोग से उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा जिसमें प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1,200 से बढ़ाकर 1,500 करने के उसके फैसले को चुनौती दी गई है। न्यायालय ने कहा कि वह इसे लेकर चिंतित है। पीठ ने ''निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने निर्देश दिया है कि वे एक संक्षिप्त हलफनामे के जरिए स्थिति स्पष्ट करेंगे। हलफनामा तीन सप्ताह के भीतर दाखिल किया जाए।'' भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह को इस निर्णय के तर्क को स्पष्ट करते हुए एक संक्षिप्त हलफनामा दायर करने को कहा।पीठ ने कहा कि वह'चिंतित है और किसी भी मतदाता को इससे वंचित नहीं रखा जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने कहा कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) में मतदाताओं की कुल संख्या बढ़ाते समय राजनीतिक दलों से परामर्श किया जाता है।सिंह ने कहा कि मतदाताओं को निर्धारित समय के बाद भी वोट डालने की अनुमति दी जाती है। मनिंदर सिंह ने तर्क दिया कि मतदान केंद्र 2019 से मतदाताओं की बढ़ी हुई संख्या को समायोजित कर रहे हैं। ऐसा निर्णय लेने से पहले सभी राजनीतिक दलों से परामर्श किया जाता है। सीजेआई ने चुनाव आयोग से इस तरह के निर्णय के कारणों को स्पष्ट करने वाला हलफनामा दाखिल करने को कहा,"स्थिति को स्पष्ट करते हुए संक्षिप्त हलफनामा दाखिल करें, हम चिंतित हैं कि किसी भी मतदाता को परेशानी न हो।"

जस्टिस कुमार ने यह भी पूछा, "मतदान केंद्र में कई मतदान केंद्र हो सकते हैं तो क्या यह (नीति) एक ही बूथ-मतदान केंद्र पर भी लागू होगी?" इस पर सिंह ने जवाब दिया कि हलफनामे में उपरोक्त पहलू पर स्पष्टीकरण दिया जाएगा। इसके बाद पीठ ने चुनाव आयोग को 3 सप्ताह के भीतर संक्षिप्त हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। इससे पहले, पीठ ने बिना नोटिस जारी किए निर्देश दिया कि याचिका की अग्रिम प्रति चुनाव आयोग के नामित/सरकारी वकील को दी जाए, जिससे वे तथ्यात्मक स्थिति पर निर्देश प्राप्त कर सकें और अगली तारीख पर अदालत में पेश हो सकें। पीठ ने अब जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए इसे 27 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाले सप्ताह में सूचीबद्ध किया है और निर्वाचन आयोग को सुनवाई की अगली तारीख से पहले याचिकाकर्ता को अपने हलफनामे की एक प्रति उपलब्ध कराने को कहा है।

इंदु प्रकाश सिंह द्वारा दायर जनहित याचिका में अगस्त में निर्वाचन आयोग की ओर से जारी दो विज्ञप्ति को चुनौती दी गई है, जिसमें भारत भर में प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की संख्या बढ़ाने की बात कही गई है।सिंह ने तर्क दिया है कि प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय मनमाना है और यह किसी भी डाटा पर आधारित नहीं है। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की खंडपीठ भारत के चुनाव आयोग के संचार को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसके तहत प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1200 से बढ़ाकर 1500 कर दी गई।सीजेआई ने ECI से पूछा कि अगर मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक लोग आते हैं तो स्थिति को कैसे संभाला जाएगा। पिछली सुनवाई के दौरान, सीनियर एडवोकेट डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी याचिकाकर्ता (सोशल एक्टिविस्ट) की ओर से पेश हुए और तर्क दिया कि प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की संख्या में 1200 से 1500 की वृद्धि मतदाताओं के लिए चुनौतियां पैदा करती है और यह मतदाता वंचितता का कार्य है।यह तर्क दिया गया कि विवादित तदर्थ निर्णय (निर्णयों) से वंचित समूहों को चुनाव प्रक्रिया से बाहर रखा जा सकता है, क्योंकि वे मतदान के लिए असंगत समय नहीं निकाल सकते हैं। 07.08.2024 के विवादित संचार के खंड 7.4 (i) को पढ़ते हुए सिंघवी ने समझाया कि यदि एक मतदान केंद्र पर 1500 तक मतदाता हैं, तो कोई युक्तिकरण नहीं होगा। केवल यदि संख्या 1500 से अधिक है तो एक नया मतदान केंद्र अस्तित्व में आएगा।सीनियर वकील ने कुछ समाचार पत्रों की रिपोर्टों का भी हवाला दिया, जिसमें बताया गया कि मतदाता लंबी कतारों/प्रतीक्षा अवधि और खराब मौसम की स्थिति के कारण हतोत्साहित होते हैं।

## पीएम मोदी ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ देखी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट', फिर 'x' पर किया ये पोस्ट



**●पीएम मोदी ने सोमवार को संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में कैबिनेट मंत्रियों के साथ फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट 'देखी. इसके बाद पीएम ने एक पोस्ट में कहा, 'द साबरमती रिपोट 'की स्क्रीनिंग में एनडीए के साथी सांसदों के साथ शामिल हुआ. मैं फिल्म मेकर्स के प्रयासों की सराहना करता हूं।**

**स्वतंत्र प्रभात**

पीएम मोदी ने सोमवार को संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में कैबिनेट मंत्रियों के साथ फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखी. स्क्रीनिंग में गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी व अन्य नेताओं के साथ ही फिल्म के कलाकार भी शामिल हुए. फिल्म देखने के बाद पीएम मोदी ने एक पोस्ट में कहा, 'द साबरमती रिपोर्ट' की स्क्रीनिंग में एनडीए के साथी सांसदों के साथ शामिल हुआ. मैं फिल्म मेकर्स के प्रयासों की सराहना करता हूं।

### अभिनेत्री राशि खन्ना का रिएक्शन

प्रधानमंत्री के साथ अपनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखने के बाद अभिनेत्री राशि खन्ना ने कहा, हमने ये फिल्म कई बार देखी है. आज का दिन बहुत खास था क्योंकि हमें ये फिल्म प्रधानमंत्री के साथ देखने का मौका मिला. यह मेरे करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. फिल्म को कई राज्यों में टैक्स फ्री कर दिया गया है. अन्य राज्य भी इसे टैक्स फ्री करने की राह पर हैं।

### अभिनेता जितेंद्र ने क्या कहा?

पीएम मोदी व मंत्रिमंडल के साथ फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखने के बाद अभिनेता जितेंद्र ने कहा, प्रधानमंत्री के साथ फिल्म देखते हुए मैंने यही कहा कि मैंने फिल्म इंडस्ट्री में 50 साल बिताए लेकिन अपनी बेटी की वजह से पहली बार कोई फिल्म प्रधानमंत्री के साथ देख रहा हूं. प्रधानमंत्री बनने के बाद यह पहली फिल्म है, जो वो देख रहे हैं।

### विक्रांत मैसी ने क्या कहा?

प्रधानमंत्री मोदी व मंत्रिमंडल के साथ अपनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखने पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सभी मंत्रियों के साथ फिल्म देखना एक अलग अनुभव था. मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर पाऊंगा क्योंकि एक अलग सी घबराहट और खुशी है कि मुझे इन सबके साथ यह फिल्म देखने का मौका मिला. ये मेरे करियर का सबसे बेहतरीन पल है कि मुझे पीएम मोदी के साथ फिल्म देखने का मौका मिला।

## जाम की समस्या से जूझ रहा बलरामपुर नगर



**●घंटों तुलसीपुर गोण्डा और बहराइच मार्ग हो रहा बाधित,ट्रेन आने से लगभग 5 बार लग रहा जाम**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बलरामपुर** – जनपद में नगर क्षेत्र इस समय जाम की समस्या से जूझ रहा है। जिसके चलते लोगों को दिन में लगभग पांच बार जाम में फंसना पड़ रहा है। यह समस्या बलरामपुर में ट्रेन आने के चलते हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब भी ट्रेन आती है तो जाम लग जाता है जिससे लोगों को घंटे जाम में फंसे रहना पड़ता है। लोगों का कहना है यदि कहीं जल्दबाजी में कोई होता है तो वह जाम में फंस जाता है घंटा लग जाता है कभी-कभी। स्थानीय लोग जाम की समस्या को लेकर अस्थाई प्रबंध की मांग कर रहे है। बलरामपुर नगर में इस समय सबसे बड़ी समस्या जाम की बनी हुई है। जिसके चलते बलरामपुर तुलसीपुर, बलरामपुर गोंडा और बलरामपुर बहराइच मार्ग बार-बार पर जाम लग रहा है जिसके चलते दिन में लगभग 5 बार जाम लग रहा है। जिसके चलते लोगों को घंटे तक जाम में फंसे रहना पड़ रहा है। मामले पर स्थानीय मनोज कुमार ,उमेश कुमार, दिनेश सहित तमाम लोगों का कहना है जाम की समस्या सबसे ज्यादा ट्रेन आने की वजह से हो रही है जिसके चलते लोगों को घंटो जाम में फंसे रहना पड़ रहा है। ट्रेन जब भी आती है जाम लग जाता है और कभी-कभी तो घंटे तक जाम समाप्त ही नहीं होता है। दिन में लगभग पांच से अधिक बार जाम लग रहा है जिसके चलते लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है यदि प्रशासन द्वारा झारखंडी पर ओवर ब्रिज की कोई व्यवस्था की जाए तो जाम से निजात मिल जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवर ब्रिज को लेकर कई बार मांग की जा चुकी है लेकिनअभी तक इसका कोई प्रबंध नहीं हो पाया है। जिसके चलते लोगों को काफी समस्या हो रही है।

### बड़े वाहनों के प्रवेश से हो रही समस्या

स्थानीय लोगों का कहना है की बलरामपुर नगर में वीर विनय चौराहे पर सबसे अधिक जाम की समस्या हो रही है। जिसका मुख्य कारण ट्रेन आना और बड़े वाहनों का प्रदेश है प्रशासन द्वारा नगर से बाहर एक मार्ग बनाया गया है। जो डायरेक्ट फुलवरिया बाईपास को निकलता है। लेकिन उस पर बड़े वाहनों का आवागमन काम हो रहा है बड़े वाहन डायरेक्ट नगर से होकर गुजरते हैं उसे मार्ग का प्रयोग कम कर रहे हैं ।जिसके चलते जाम लग जाती है। वही इस समय गन्ने की बिक्री का समय चल रहा है जिससे कभी-कभी बड़े वाहनों की वजह से और अधिक जाम की समस्या बन जाती है। वहीं स्थानीय लोग जाम की समस्या को लेकर प्रशासन से अस्थाई समाधान की मांग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दस माह से चल रहे धरने मे शामिल होगें किसान



**अलीगढ़।** संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा सह-संयोजक जितेंद्र शर्मा ने बताया कि 13 फ़रवरी से किसान आंदोलन चल रहा है । मोर्चा द्वारा एमएसपी लीगल गारंटी कानून मांग लागू करने सहित अन्य 11 मांगों को लेकर दिल्ली कूच किया था । जिसे हरियाणा भाजपा सरकार ने सड़कों पर बेरिकेडिंग लगा हरियाणा पंजाब के खनौरी बार्डर, शम्भू बार्डर, रतनपुर बार्डर पर किसानों के आगे पुलिस बल तैनात कर जबरिया रोक दिया । दसवां माह हो गया किसानों को धरनार्थी हुए सरकार पर जूं नहीं रेंगी । तब किसान नेता सरदार जगजीत सिंह डल्ले वाल कैंसर से पीड़ित होने बाद भी 26 नवंबर से मरणासन्न व्रत खनौरी बार्डर से ऐलान किया तो पंजाब पुलिस ने डिटेन कर लिया। लुधियाना अस्पताल में गिरफ्तारी दौरान भी आमरण अनशन जारी रखा अब आज़ सातवां दिन है और तीन किलो वजन कम हो चुका है ,शुगर लेवल भी गिर रहा है। मोर्चा द्वारा 6 दिसंबर दिल्ली कूच किया जाएगा इस क्रम में आज़ संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा जत्थेबंदी अलीगढ़ से रेल द्वारा खनौरी बार्डर खाना होगी और किसान नेता सरदार जगजीत सिंह डल्ले वाल द्वारा किसानों की मांगों पर आमरण अनशन में उनका उत्साहवर्धन करेगा। उत्तर प्रदेश के किसान जब 13 फरवरी को किसान आंदोलन शुरू हुआ दिल्ली कूच तब कुछ सरकार और सरकारी यूनियनों ने कहा कि यह तो राजनीति वाले हैं। अब कहां गए वह नेता अगर सही में किसानों का काम करना है तो साथ आओ। लड़ाई निर्णायक मोड में है हक की लड़ाई लड़ने वाले जान देने को तैयार है।

## खराब पड़े सरकारी हैंडपंप, समाधान के नाम पर सिर्फ मिलता है आश्वासन

**स्वतंत्र प्रभात**

**शाहजहांपुर।** बंडा - नगर में पेयजल की सुविधा के लिए लगाये गए अधिकतर सरकारी हैंडपंपों की हालत खस्ता हो चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर कस्बे तक इंडिया मार्क हैंडपंपों की हालात दयनीय है। अगर किसी राहगीर मुसाफिर को प्यास लगी हो अपना गला तर करने के लिए हैंडपंपों की ओर रूख करते हैं। लेकिन नगर में खराब पड़े हैंडपंपों से प्यास बुझाने की बात करना बैमानी होगा। क्योंकि नगर मे अधिकांश हैंडपंप अपनी जीर्ण-शीर्ण हालत पर आंसु बहाने पर मजबूर हैं। इनकी मरम्मत आदि करना जरूरी नहीं समझा जा रहा है। शुद्ध पेयजल के लिए नगर में तकरीबन 100 इंडिया मार्क हैंडपंप लगे हुए हैं। अधिकांश हैंडपंप खराब स्थिति में है। तो कुछ हैंडपंपों से गंदा तथा बालूयुक्त पानी आ रहा है। सरकार शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए करोड़ों रुपए खर्च करती है ताकि आमजन को भीषण गर्मी में पानी पीने की कोई किल्लत न हो। लेकिन जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते लोगों को गर्मी में पानी की समस्या से जूझना पड़ सकता है। रामनगर कालोनी में मे लगे इंडिया मार्क हैंडपंप के पास दुकान का चबूतरा बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे कालोनी के वाशिंदों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। तो वहीं इसी कालोनी में नूरी मस्जिद में लगे हैंडपंप से गंदा तथा बालूयूक्त पानी पिछले 6 माह से आ रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी की लेकिन फिर भी समाधान के नाम पर सिर्फ कोरा आश्वासन ही मिला। रामनगर कालोनी में ही प्यास बुझाने के लिए लगे इंडिया मार्क हैंडपंप में स्थानीय लोग निजी स्वार्थ के लिए समर्सिबल पंप लगाकर कब्जा जमा रखा है। बाबा चरनदास कालोनी में लगे सरकारी हैंडपंपों की संख्या सिर्फ दो है लेकिन इन इंडियामार्क हैंडपंपों को भी कुछ लोगों ने निजी संपत्ति समझकर अपने घरों के दायरे में कर लिया है। जिसका वो निजी इस्तेमाल कर रहे हैं। नगर के खुटार रोड़ पर लगा सरकारी हैंडपंप तथा मुरादपुर में लगा हैंडपंप सालों से अपनी मरम्मत के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं लेकिन उनकी हालात दुरुस्त करने की जहमत नहीं उठाई जा रही है।

जिससे लोगों को पानी पीने के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। नगर के आलावा ग्रामीण इलाकों में लगे सरकारी हैंडपंप भी जिम्मेदारों की



लापरवाहियों की भेंट चढ़ गए हैं। वहीं ग्राम रायटांडा में लगे इंडिया मार्क हैंडपंपों का हाल भी खराब है, किसी हैंडपंप की टोटी इंटों के सहारे रुकी हुई है तो किसी हैंडपंप से दूषित पानी निकल रहा है,जो पीने योग्य नहीं है। वहीं एक हैंडपंप तो कूड़ा करकट से पाट दिया गया है। जिससे सालों से बंद पड़े हैंडपंपों का कोई पुरसाहाल नहीं है।वहीं खराब पड़े हैंडपंपों को लेकर ग्राम रायटांडा निवासी बीएसपी जिलासचिव देवशंकर गौतम ने ग्राम पंचायत अधिकारी से लेकर खंडविकास अधिकारी तक को मौखिक रूप से अवगतकराया लेकिन अधिकारियों ने उन्हें भी सिर्फ अनुशासन ही दिया।और अधिकारी भी इन हैंडपंपों की मरम्मत कराना उचित नहीं समझ रहे हैं। अलबत्ता गांव हो या कस्बा पानी की समस्या हर जगह विकट है। बहरहाल कस्बे की आधी से ज्यादा आबादी सरकारी हैंडपंपों के ऊपर ही निर्भर रहती है। यदि सरकारी हैंडपंपों की समस्याओं को प्रशासन ने दूर करने के इंतजाम नहीं किए। तो गर्मियों में पीने के पानी की किल्लत और भीषण हो जायेगी। एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ सकता है।

## खाद की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन में सड़क पर किया चक्का जाम

**स्वतंत्र प्रभात**

**बबेरू/बांदा।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा खाद की समस्या को लेकर सहकारी समिति भदेहदू व साथी मे खाद न मिलने से गुस्सा किसानों ने राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर जाम लगा दिया। कहां जब तक खाद नहीं आएगी तो जाम लगा रहेगा, सूचना पर नायब तहसील पहुंच कर किसानों को समझने का प्रयास किया, तब कहीं जाकर किसान माने जाम 1 घंटे तक जाम लगा रहा। दोनों तरफ वाहनो की कतारे लग गई भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह पटेल के नेतृत्व पर सहकारी समिति भदेहदू व साथी में खाद न आने से गुस्साये किसानों ने अतर्रा रोड राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम साथी को जाम कर दिया। और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे कि जब तक खाद नहीं मिलेगी चक्का जाम रहेगा। सूचना मिलते ही बबेरू कोतवाली प्रभारी बलराम सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल छक्का जम के समय पहुंच गए



और किसानों को समझने का प्रयास किया लेकिन किस नहीं माने। वही सूचना पर नायब तहसीलदार दीपेंद्र कुमार तत्काल साथी गांव पहुंचकर किसानों को समझने का प्रयास किया। किसानों ने कहा खाद न मिलने से बुवाई में लेट हो रही है। नायब तहसीलदार ने उच्च अधिकारियो से बात कर शीघ्र खाद उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर जाम खुला जाम के दौरान अजय कुमार सिंह तहसील अध्यक्ष ,ओम प्रकाश पटेल, विनोद कुमार ,राहुल यादव,अनिल सिंह, मधुकांत, धर्मेंद्र, राहुल, दिनेश कुमार, ओम प्रकाश, धर्मेंद्र सहित सैकड़ो की संख्या में किसान मौजूद रहे।

# दिन प्रति बिगड़ती जा रही अहिरौली थाने की हालात

**● हर मामले में जातीयता का लग रहा है आरोप**

**कल जातीयता के संबंध में वायरल हुआ था आडियो**

**आडियो वायरल होने पर कटेहरी के व्यापारियों में फैला है आक्रोश**

**स्वतंत्र प्रभात**

**अंबेडकरनगर।** अहिरौली थाना क्षेत्र में आए दिन उपज रहे नए विवादों को निपटाने में असफल हो रहे थानाध्यक्ष अहिरौली से लगता है कि अब थाना संभल पाना मुश्किल हो गया है । रविवार को थानाध्यक्ष और विश्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला के बीच हुई बातचीत का ऑडियो वायरल होने पर थानाध्यक्ष की जातीय मानसिकता के तहत कार्य करने की बात खुलकर सामने आ गई है ।उक्त ऑडियो में गत दिनों कटेहरी बाजार में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट प्रकरण में थानाध्यक्ष द्वारा एक पक्ष के खिलाफ बंपर करवाई किए जाने की बात कही जा रही है तो दूसरे पक्ष के खिलाफ ना के बराबर करवाई किए जाने की बात की जा रही है ।जबकि प्रकरण में दोनों तरफ से मुकदमा पंजीकृत किया गया है एक पक्ष को थानाध्यक्ष खुलेआम अपना भाई बता रहे हैं ।ऐसे में क्या दूसरा पक्ष उनका दुश्मन है क्या ?थानाध्यक्ष के इस बातचीत का ऑडियो वायरल होने पर व्यापारियों में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है ।व्यापारियों ने कहा कि अहिरौली थाने में मौजूदा एस ओ के रहते हुए उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है ।व्यापारियों ने न्याय हित में पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर से वर्तमान थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने की मांग की है ।उनका मानना है कि मौजूदा थानाध्यक्ष की मौजूदगी में व्यापारी पक्ष को न्याय नहीं मिलेगा और दूसरे पक्ष को खुश करने के लिए उनके द्वारा पीड़ित व्यवसायियों के खिलाफ मनगढ़ंत मुकदमा लाद कर गलत ढंग से उन्हें परेशान किया जा सकता है।क्षेत्र में निरंतर हो रही चोरी की घटनाएं हों या फिर मारपीट की घटनाएं साथ में भू माफियाओं द्वारा गरीबों की भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जों की फेहरिस्त लंबी होती चली जा रही है। ऐसे सभी मामलों में थानाध्यक्ष की नाकामी से से पीड़ितों में असंतोष बढ़ता जा रहा है । यह नहीं पता लग पा रहा है कि किन मजबूरियों से अहिरौली पुलिस की एक तरफा कार्रवाई में पीड़ित पक्ष पिसने को मजबूर हो रहा है।

ऐसी हालत में क्षेत्र वासियों को न्याय मिलने की उम्मीद क्षीण हो गई है। थाना क्षेत्र के खेमापुर गांव निवासी जावेद अहमद की पीड़ा भी शायद थानाध्यक्ष अहिरौली की परिणति है। जावेद ने बताया कि उसके पट्टीदार उसको काफी दिनो से तंग कर रहे हैं ।उसे गांव के बाहर या उसके घर में घुसकर मारा पीटा जाता है उसके द्वारा थानाध्यक्ष को कई बार प्रार्थना पत्र भी दिया गया किंतु कभी 151 करके या फिर कभी थाने पर समझौता करवा करके मामले को टाल दिया जाता है और विपक्षियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है ।जिसका नतीजा यह है कि 28 नवंबर को पीड़ित को गांव के बाहर मारा-पीटा गया। और 29 नवंबर को फिरोज अहमद,शहवाज आलम, मोहम्मद नयूम द्वारा उसके घर में घुसकर पिटाई की गई। और मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां दी गई जिसका आडियो वायरल होने पर पीड़ित के विपक्षियों की दबंगई उजागर हो रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने में थानाध्यक्ष क्यों नाकाम हो रहे हैं। उसकी मजबूरी वह स्वयं ही जानते होंगे। इसी तरह कल स्थानीय बाजार में हुई दो पक्षों में मार-पीट के मामले में एक पक्षीय कार्रवाई से पुलिस की खूब फजीहत हुई है अन्ततः व्यापारियों के बाजार बंद कर सड़क पर उतरने के बाद पुलिस को बैकफुट पर आकर हिरासत में लिए गए दोनों व्यवसायियों को छोड़ना पड़ा। इसके अलावा क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं किसी भी चोरी का मुकदमा पंजीकृत नहीं किया जा रहा है। उदाहरण के अनुसार क्षेत्र के रामनगर जमदरा का चोरी की घटना काफी है। जहां पर पीड़ित महिला लगातार महीने से ज्यादा समय तक अपने घर में हुई चोरी की घटना का मुकदमा लिखाने के लिए थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय तक नाक रगड़ती रही बाद में करत %करत अभ्यास ते जड़ में होत सुजान रस्सी आवत जात ते सिल पर परत निशान, का दोहा चरितार्थ हुआ और पुलिस को मुकदमा दर्ज करना पड़ा। इस मामले में पीड़िता की ज़िद और मेहनत रंग लाई। और एफ आई आर दर्ज न करने की कसम खा कर बैठी पुलिस को मुंह की खानी पड़ी। क्षेत्र का एक और मामला पुलिस के





लिए काफी शर्मिंदगी भरा हुआ है। कटेहरी गांव निवासी दलित ठनगनी की वेश कीमती जमीन पर पिछले कुछ महीनों से दबंग भू माफियाओं द्वारा अवैधानिक रूप से गुंडई व पैसे की ताकत से कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित अपनी बहू के साथ लगातार दो महीने से अम्बेडकरनगर प्रतिमा के पास धरना दे रहा है। गत दिनों उसकी बहू द्वारा मामले की सुनवाई न होने पर उप जिलाधिकारी कार्यालय सदर के बाहर ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आत्महत्या करने तक की कोशिश कर चुकी है। फिर भी उप जिलाधिकारी सौरभ शुक्ला ने न्याय दिलाने के बजाय अहिरौली थाने लाकर उसका और उसके बुजुर्ग ससुर का शांति भंग की आशंका मे चालान करवा कर दबंग भू माफियाओं को उसकी जमीन पर कब्जा करने की छूट दे रखी है।इस मामले में भी थानाध्यक्ष पूरी तरह से भूमाफियाओं से मैनेज होकर उन्हें पूरा संरक्षण दे रहे हैं। मजेदार बात यह है कि दलित की भूमि पर कब्जा कर रहे दबंग भी थानाध्यक्ष के सजातीय है।थानाध्यक्ष द्वारा पीड़ित से यह कहना कि हम कुछ नहीं कर सकते क्योंकि बहुत मजबूर है पुलिस की कमजोरियां उजागर कर रही है।अन्य कयी मामले और भी हैं जिसमें एस ओ की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि थानाध्यक्ष अहिरौली से अब थाना संभाल पाना मुश्किल हो गया है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## 40 वर्षीय युवक ने फाँसी लगाकर की आत्महत्या

**भीटी अंबेडकर नगर।** महरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम दरबपुर डीहवा गांव मे मनोज निषाद उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र गंगाराम निषाद द्वारा रविवार की रात लगभग 9:00 बजे अंदर से कमरा बंद कर छत में लगे हुए कुंडे मे साड़ी का फंदा लगाते हुए आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी होने पर महरुआ थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपने दल बल के साथ पहुंचकर दरवाजे का कुंडा तुड़वाते हुए दरवाजा खुलवाकर शव को कुंडी से लटक रही साड़ी को कटवाते हुए नीचे उतरवा कर पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम हेतु रात में ही मर्चरी हाउस भिजवा दिया। गांव वालों द्वारा बताया गया कि मनोज अपने मां-बाप और पूरे परिवार के साथ मामा के घर रहता था मृतक मनोज के एक पुत्री आस्था जिसकी उम्र लगभग 7 वर्ष और एक पुत्र अनीश कुमार उम्र लगभग 4 वर्ष मृतक की पत्नी गुड़िया जिसकी उम्र लगभग 32 वर्ष घटना से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना की जानकारी होते ही गांव वालों तथा आसपास के लोगों की दिखी भीड़।

## वीडियोग्राफी करने जा रहे युवकों को ऑटो ने मारी टक्कर, जिला अस्पताल रेफर



**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मांगलिक कार्यक्रम में फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करने जा रहे युवकों को सीएनजी ऑटो ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पूरा कलंदर क्षेत्र स्थित भाईपुर के मजरे पूरे राम प्रसाद के रहने वाले लगभग 26 वर्षीय दुर्गेश कुमार पुत्र नन्हे शर्मा अपने साथी आलोक कुमार पुत्र श्याम लाल कोरी के साथ एक मांगलिक कार्यक्रम में वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी करने के लिए अपनी दो पहिया गाड़ी से जा रहे थे तभी मीठेगांव के पास निर्माणाधीन महाशय फिलिंग स्टेशन के पास विपरीत दशा से आ रहे सीएनजी ऑटो रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी 42 डी टी 3450 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एनएचएआई की एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर लाया गया जहां स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## दीपोत्सव क्षेत्र लक्ष्मण घाट वार्ड पर डेढ़ महीने से वार्ड की क़ई गलियों की सीवर लाइन चोक



**अयोध्या ।** दीपोत्सव क्षेत्र लक्ष्मण घाट वार्ड में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ,पूर्व पार्षद स्वर्गद्वार वार्ड महेन्द्र शुक्ला ने डेढ़ महीने से महापौर ,नगर निगम ,जलनिगम के अधिकारियों को वार्ड में सड़कों पर व स्थानीय जनता के घरों में बह रहे सीवर समस्या की जानकारी देने के बाद भी वार्ड में चोक सीवर लाइन की समस्या का निदान न कराने पर नगर अपर अपर आयुक्त अनिल सिंह और जलनिगम अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन के माध्यम से 04/12/2024 तक वार्ड की चोक सीवर समस्या के निदान की मांग की है अगर 04 तारीख तक वार्ड की चोक सीवर समस्या का निदान नही हुआ तो महेन्द्र शुक्ला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या आगमन पर उन्हें काला झंडा दिखाकर जनता की तरफ से विरोध प्रदर्शित करेंगे ।महेन्द्र शुक्ला ने कहा कि डेढ़ महीने से वार्ड की क़ई गलियों की सीवर लाइन चोक है जनता के घरों में सीवर का गंदा पानी भरा हुआ है मेले में आये श्रद्धालुओं को सड़क पर बह रही गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है ।डेढ़ महीने से पार्षद प्रिया शुक्लाऔर उनके प्रतिनिधि महेन्द्र शुक्ला ने महापौर, नगर आयुक्त,अपर नगर आयुक्त,जलनिगम के अधिशाषी अभियंता ,जलनिगम एई,तोशिबा सीवर सफाई कंपनी को चोक सीवर समस्या से पत्र,फ़ोन,व्हाट्स एप्प के माध्यम से अवगत कराया था किंतु किसी अधिकारी ने इस समस्या को गम्भीरता से नही लिया पार्षद का आरोप है कि अधिकारी पूर्णतया बेलगाम हो गए है जनता और जनप्रतिनिधि के माध्यम से बताए गए समस्याओं को बिल्कुल ध्यान नही देते ।अधिकारीगणो का पूरा ध्यान केवल लूट घसोट में लगा हुआ है जनहित के लिए कोई कार्य नही कर रहे है ।

# साहस क्रान्ति एक सोच भारत यात्रा का क्रांति स्थल महुआ डाबर में हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** साहस क्रान्ति एक सोच भारत यात्रा 15 अगस्त को दिल्ली से प्रारंभ हुई लगभग 4 महीने में सा स्टेट की यात्रा करके आज महुआ डाबर पहुंची जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ और क्रांतिवीर पिरई खां स्मृति चिन्ह भेंट किया आजादी आंदोलन में गुलामी की बेडियां तोड़ने और फिरंगियों से दो-दो हाथ करने के लिए यह पूरा इलाका एकजुट हो गया। धानेपुर स्टेट पिरई खां के नेतृत्व में लाठी-डंडे, तलवार, फरसा, भाला, किर्च आदि लेकर यहां के रहवासियों की टुकड़ी ने मनोरमा नदी पार कर रहे अंग्रेज अफसरों पर 10 जून 1857 को धावा बोल दिया। जिसमें लेफ्टिनेंट लिंडसे, लेफ्टिनेंट थामस, लेफ्टिनेंट इंगलिश, लेफ्टिनेंट रिची, लेफ्टिनेंट काकल और सार्जेंट एडवर्ड की मौके पर मौत हो गई थी। तोपची सार्जेंट बुशर जान बचाकर भागने में सफल रहा। उसने ही घटना की जानकारी वरिष्ठ अफसरों को दी। इस क्रांतिकारी घटना से ब्रिटिश सरकार हिल गई। आखिरकार 20 जून 1857 को पूरे जिले में मार्शल ला लागू कर दिया गया था। 3 जुलाई 1857 को बस्ती के कलक्टर पेपे विलियम्स ने घुड़सवार फौज की मदद से महुआ डाबर गांव को घेरवा लिया। घर-बार, खेती- बारी, रोजी- रोजगार सब आग के हवाले कर तहस- नहस कर दिया गया। इस गांव का नामो निशान मिटवा कर 'गैरचिरागी' घोषित कर दिया। यहां पर अंग्रेजो के चंगुल में आए निवासियों के सिर कलम कर दिए गए। इनके शवों के टुकड़े-टुकड़े करके दूर ले जाकर फेंक दिया गया। इतना ही नहीं अंग्रेज अफसरों की हत्या के अपराध में क्रांतिकारी नेताओं का भेद जानने के लिए भैरोपुर गांव के गुलाम खान तथा गुलजार खान पठान, नेहाल खान पठान, घीसा खान पठान व बदलू खान पठान महुआ डाबर से क्रांतिकारियों को 18 फरवरी 1858 को सरेआम फांसी दे दी गई थी। क्रांतिवीर पिरई ख़ाँ ने भूमिगत रहकर सआजादी की मशाल को जलाए रखा।

क्रांतिवीर पिरई खां के वंशज आदिल खान ने बताया आजाद भारत में महुआ डाबर एक्शन के महानायकों को बिसरा दिया गया। देश की सरकारों ने महुआ डाबर के शहीदों की याद में न तो कोई स्मारक बनवाया और न ही स्थानीय जिला प्रशासन ने सक्रांतिकारियों से जुड़े इस सगौरवशाली धरोहर को संरक्षित करने की कोई पहल की। यात्रा के बहुत सारे उद्देश्य हैं जिसमें सबसे प्रमुख उद्देश्य सबको शिक्षा मिले, जैसे जो अनाथ, या किन्हीं कारण स्कूल छूट गया या नशे में लिप्त रहने वाले भीख मांगने वाले देश के एक लाख बच्चों को स्कूल से जोड़नाद्ययात्रा 15 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से शुरू हुई और इसकी समाप्ति भी राष्ट्रीय राजधानी में लगभग 18 माह में संपूर्ण होने पर होगी जयपुर में जन्मे राधा गोविन्द जी जो वर्तमान मे यात्रा कर रहे है वे महाराष्ट्र, में रहते है वे और उनके 8वर्षीय बेटे सहज राधा गोविन्द "साहस क्रांति एक सोच यात्रा" भारत भ्रमण पर निकले है अधिवक्ता राधा गोविंद जी की यात्रा महुआ डाबर एक्शन के साथ देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले ज्ञात-अज्ञात बलिदानियों को नमन करके इलाहाबाद के लिए निकल गई उसके बाद बनारस और फिर बिहार प्रदेश में प्रवेश करेंगी इस कार्यक्रम में फकीर मोहम्मद मास्टर धर्मेन्द्र,हाफिज कलीम रजा, डा.ओम प्रकाश शर्मा, मो नदीम, आजाद,महताब जैद खान मौजूद रहे ।

# दिव्यांग बच्चों की खेल प्रतियोगिता: दौड़ में अमित, किशन अव्वल

● खेल से दिव्यांग बच्चों में सामाजिकता का विकास होता है - विजय आनन्द

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** परिषदीय विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों हेतु तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र हर्रैया के परिसर में सोमवार को किया गया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी हर्रैया विजय आनंद ने फीता काटकर किया। बीईओ ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं को उचित मंच नहीं मिल पाता, जिसके कारण वे अपनी काबिलियत को सही तरीके से नहीं दिखा पाते। कहा कि खेल प्रतियोगिता से दिव्यांग बच्चों में सामाजिकता का विकास होता है। उनके भीतर आत्मविश्वास जागृत होता है। इसलिए दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं। 100 मी. दौड़ श्रवण बाधित में अमित और मानसिक विकलांगता श्रेणी में किशन अव्वल रहे। कुर्सी दौड़ श्रवण बाधित बालक वर्ग में साहिल, बालिका वर्ग में सवीना और मानसिक विकलांगता में मनीष प्रथम रहे। छूकर पहचानो में साकिब ने प्रथम और सुमित सोनकर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुलेख में सृष्टि तथा कला प्रतियोगिता में दीक्षा अव्वल रहीं। रस्साकशी में साहिल, रोहित, कुशल और श्याम की टीम अव्वल रही। विजेता खिलाड़ियों सहित सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को खेल में एआरपी गिरिजेश बहादुर सिंह, उदय प्रताप सिंह और खेल अनुदेशक पवन मिश्र, दीपक सिंह, जितेंद्र, उत्तम वर्मा, संजीव, राजकुमार ने सहयोग किया। कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने में विशेष शिक्षक देवेंद्र ओझा, उर्मिला द्विवेदी, अनिल पाण्डेय, शिव शंकर, विवेक, संपूर्णानंद, संतोष सिंह, राम निहाल, अमर प्रकाश सिंह, रूद्रमणि पाण्डेय, अजय वर्मा, राजेश वर्मा ने अपना योगदान दिया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष रवीश कुमार मिश्र, जगदंबा द्विवेदी, मनोज उपाध्याय, हरी जी मिश्र, भारती शुक्ला, राकेश प्रकाश श्रीवास्तव, सुनील कुमार, दिवाकर सिंह, रवि, जमुना, राकेश आदि उपस्थित रहे।

# विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी व रैली का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** बस्ती विश्व एड्स दिवस के अवसर पर युवा विकास समिति, रूरल अवेयरनेस फॉर कम्युनिटी इवोलूशन व विवेकानंद लोक विकास संस्थान के द्वारा जागरूकता संगोष्ठी व रैली का आयोजन भानपुर नगर पंचायत क्षेत्र के पंडित दीनदयाल नगर में संपन्न।रूरल अवेयरनेस फॉर कम्युनिटी इवोलूशन अध्यक्ष नितेश शर्मा ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। "वैश्विक एकजुटता, साझा जिम्मेदारी "विषयक पर आधारित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बस्ती के मनोवैज्ञानिक राधेश्याम चौधरी ने कहा कि संक्रमित सिरिंज, रक्त या एचआइवी संक्रमित माता से संतान तक यह संक्रमण फैलता है। यह रोग शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है। जिससे मरीज टीबी, कैंसर और अन्य संक्रामक बीमारियों का शिकार हो सकता है।

उन्होंने कहा कि एचआइवी संक्रमण से बचने के लिए जीवनसाथी के अलावा अन्य किसी के साथ असुरक्षित संबंध न बनाएं। युवा विकास समिति के सचिव बृहस्पति कुमार पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को बताया कि लगातार बुखार, खांसी, वजन घटना, गले या बगल में सूजन, त्वचा पर खुजली वाले चकते, थकान और भूख न लगने जैसे लक्षण एचआइवी संक्रमण के संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। कार्यक्रम में संतोष पांडेय, विपिन कुमार, आकाश चौधरी, रेनू पांडेय, श्याम कुमार पांडेय, रविभूषण पांडेय, प्रभावती, अनिल कुमार पांडेय, राधेश्याम यादव प्रेमचंद्र यादव, विमला देवी, घनश्याम चौरसिया की मौजूदगी रही।

# कब्रिस्तान के बाउंड्री से सटकर दफनाये गये शव के स्थान पर चल रही पेड़ की कटान - राजेन्द्र प्रसाद डिप्टी रेंजर

●- बिना प्रक्रिया पूर्ण किये कब्रिस्तान की जमीन पर चल रही अवैध कटान - सूत्र

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्तीजिले केकप्तानगंज रेंज के अंतर्गत नगर पंचायत कप्तानगंज में कब्रिस्तान की जमीन पर तीन दिनों से पेड़ों की कटान चल रही है और कब्रिस्तान में पेड़ काटने की सूचना पर पहुंची कप्तानगंज वन विभाग की टीम जांच पड़ताल में जुट गई है । नगर पंचायत कप्तानगंज के अंतर्गत रतास गांव में पुरानी मस्जिद के पीछे कब्रिस्तान में लगे पेड़ों की कटान चल रही है । सूत्रों की माने तो कब्रिस्तान के जमीन में लगे पेड़ों की कटान के लिए लकड़ी ठेकेदार द्वारा उप जिलाधिकारी हर्रैया एवं वन विभाग कप्तानगंज को कोई लिखित / मौखिक सूचना नहीं दी गई है जबकि कब्रिस्तान में लगे पेड़ों की कटान के लिए उप जिला अधिकारी हर्रैया एवं कप्तानगंज वन विभाग को लिखित/ मौखिक सूचना देना आवश्यक होता है । सूचना देने के बाद सारी प्रक्रिया पूर्ण होने पर ही कब्रिस्तान में लगे पेड़ों की कटान होना चाहिए था लेकिन किसी प्रक्रिया के पूर्ण होने के पहले ही कब्रिस्तान में लगे पेड़ों की कटान होना जांच का विषय बना हुआ है । सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद कप्तानगंज वन विभाग की टीम जांच पड़ताल कर रही है । उक्त प्रकरण के संबंध में डिप्टी रेंजर राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि कब्रिस्तान की बाउंड्री से सट कर दफनाये गये शव के स्थान पर पेड़ों की कटान हो रही है जांच पड़ताल के दौरान लकड़ी ठेकेदार बुनियाद द्वारा कहा गया कि जिस स्थान पर पेड़ों की कटान चल रही है वह कब्रिस्तान के बाहर है और दफनाए गए शव का स्थान हमारे नाम से है हमने पेड़ों की कटान से संबंधित कोई विभागीय प्रक्रिया पूर्ण नहीं किया है । इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी कप्तानगंज राजू प्रसाद ने कहा कि उक्त प्रकरण की जांच की जा रही है ।

# पीड़ित ने पुलिस विवेचना पर उठाए सवाल, एसपी से मिलकर की निष्पक्ष जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात



**अंबेडकरनगर।** ग्राम गौरागूजर, थाना कोतवाली टांडा निवासी शिव प्रसाद मौर्य ने पुलिस विवेचना पर सवाल खड़े करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना 19 सितंबर 2024 की है, जब शिव प्रसाद के घर में घुसकर कुछ लोगों ने उनकी बेटियों के साथ अभद्रता की और गले से सोने की चैन छीन ली। शिकायत के अनुसार, करीब 20 लोगों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की। आरोपियों में बब्लू यादव, संजीव कुमार, संदीप कुमार, पंकज कुमार, पूनम कुमारी समेत कई अन्य लोग शामिल थे। ग्रामीणों के हंगामे के बाद आरोपी भाग गए, लेकिन एक कटर मशीन घटनास्थल पर छूट गई।

### पुलिस पर लगे गंभीर आरोप

प्राथी का कहना है कि उन्होंने घटना की एफआईआर दर्ज करवाई, लेकिन थाना कोतवाली टांडा के विवेचक और थानाध्यक्ष ने निष्पक्षता से जांच नहीं की। उनका आरोप है कि पुलिस ने ना तो उनका बयान दर्ज किया और ना ही मेडिकल रिपोर्ट को विवेचना में शामिल किया।

शिव प्रसाद ने बताया कि उन्होंने 25 सितंबर और 8 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक को साक्ष्य प्रस्तुत किए, लेकिन इन पर ध्यान नहीं दिया गया। यहां तक कि विवेचक ने बिना पूरी जांच किए झूठा आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

### धमकियों से सहमा परिवार

शिकायतकर्ता का दावा है कि उनके बेटे को थाने में डांट-फटकार कर धमकाया गया। घटना से उनका परिवार डरा हुआ है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी पंकज कुमार पर पहले से हत्या का मामला दर्ज है, जिससे गांव में दहशत का माहौल है।

### न्याय की गुहार

शिव प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक और न्यायालय से अपील की है कि उनके मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा दिलाई जाए। उन्होंने अभियुक्तों की गिरफ्तारी और उनके बेटियों के साथ हुई अभद्रता का न्याय दिलाने की मांग की है।

# बलरामपुर नाहरबालगंज गेलहापुर मार्ग पर जल रहा कूड़ा

● लोग बोले- कई बार की गई शिकायत लेकिन नहीं हुई सुनवाई,क्षेत्र में बढ़ रहा बीमारियों का खतरा

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** – नगर पालिका में समस्याओं की भरमार है जिसके चलते लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।महारबलगंज गेलहापुर मार्ग पर कूड़े का ढेर है जो दिन रात जलता रहता है जिसके चलते आसपास के क्षेत्रों में काफी प्रदूषण फैला हुआ है। वही स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन और जिला प्रशासन से इस समस्या से निजात दिलवाने की मांग की है। इस क्षेत्र में जल रहे कूड़े और गंदगी के चलते डेंगू मलेरिया जैसी बड़ी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। मामला बलरामपुर जनपद के आदर्श नगर पालिका से संबंधित है। जहां के महारबलगंज गेलहापुर मार्ग पर नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन कूड़ा फेंका जा रहा है जिसके चलते लोगों के आवागमन में काफी समस्या हो रही है। वही मार्ग पर पड़े कूड़े में आग लग रही है इसके चलते इस क्षेत्र में प्रदूषण फैला हुआ है। वही मामले को लेकर स्थानीय निवासी प्रकाश, जुम्मन, सिराज, राम प्रकाश सहित तमाम लोगों का कहना है की इस समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका प्रशासन से शिकायत की गई है लेकिन इस पर कोई सुनवाई अब तक नहीं हुई है स्थानीय लोगों का कहना है की क्षेत्र में प्रदूषण और गंदगी के चलते बीमारियों का खतरा बढ़ा हुआ आए दिन लोग दस्त जैसी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं साथ ही गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप बहुत ज्यादा बढ़ा हुआ है। लोगों का कहना है फैली हुई गंदगी के चलते पानी भी क्षेत्र का दूषित हो गया है जिस बर्तन काले पड़ जा रहे हैं सोना चांदी के आभूषण काले हो जा रहे हैं लोगों का कहना है क्षेत्र में काफी प्रदूषण फैला हुआ है सांस लेने में लोगों को काफी दिक्कत हो रही है वहीं स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से इस समस्या पर निजात दिलवाने की मांग की है। वही मामले को लेकर जब नगर पालिका बलरामपुर अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र मौर्य से संपर्क करने प्रयास किया गया संपर्क नहीं हो पाया वहीं जब फोन किया गया तो उनके द्वारा फोन ही नहीं रिसीव किया गया।

# डीजे संचालक को भोजपुरी गाना न बजाना पड़ा महंगा

● तहरीर मिलते ही इनायत नगर पुलिस ने शुरू की जांच

स्वतंत्र प्रभात

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** थाना इनायत नगर क्षेत्र के एक गांव में डीजे पर भोजपुरी गाना न बजाना डीजे संचालक और उसके सहयोगियों को मंहगा पड़ गया। थाना इनायत नगर क्षेत्र के सारी पूरे गड़ेरिया निवासी अर्जुन कुमार रावत ने प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर को दिए पत्र में आरोप लगाया कि बीते गुरुवार को डीजे बजाने के लिए ग्राम सभा शेखनपुर के मजरे गोसाई का पुरवा मे निखिल गोस्वामी के यहां गया था। डीजे लेकर द्वार पर पहुंचते ही गृहस्वामी ने डीजे पर भोजपुरी गाना न बजाने की सख्त हिदायत दी थी। लेकिन कुछ देर बाद गृह स्वामी के पड़ोसी उमेश गोस्वामी,दिनेश गोस्वामी व कपिल गोस्वामी आए और भोजपुरी गाना बजाने का दबाव बनाने लगे। जब मैंने गृह स्वामी की बातों का हवाला देते हुए भोजपुरी गाना बजाने से मना किया तो विपक्षी डीजे पर चढ़कर मेरी मोबाइल छीन ली। जब मैंने किसी तरह उनसे मोबाइल ली इससे नाराज तीनों ने मुझे डंडे से जमकर मारा पीटा। बीच बचाव के लिए आए डीजे संचालक जयप्रकाश गौतम व सहयोगी रोहित को भी जमकर मारा पीटा। मामले में शिकायत मिलते ही इनायत नगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# बलरामपुर के जुम्मनडीह मार्ग पर जलभराव को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

● लोग बोले कई बार की शिकायत नहीं हो रही सुनवाई, 10हजार की आबादी हो रही प्रभावित

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** – जनपद के विकासखंड उतरौला के एक ग्राम पंचायत में मार्ग पर जल भराव की समस्या है जिसको लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर उचित व्यवस्था की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है की इस मामले पर कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। ग्रामीणों के कहना है कि इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से कई बार शिकायत और प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई समस्या का निदान नहीं हो पाया है। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश दिख रहा है। जिसको लेकर स्थानीय लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। मामला बलरामपुर के विकासखंड उतरौला के ग्राम पंचायत महिली के जुम्मन डीह का है जहां पर गांव के मुख्य मार्ग पर वर्षो से जलभराव की समस्या बनी हुई है। जिसके चलते ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है। इस जल भराव के चलते लगभग 10हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। वहीं ग्रामीण का कहना है इस मार्ग से लोग प्रतिदिन आते जाते हैं लेकिन नालियों की गंदगी रोड पर बह रहा है जिसके चलते लोगों को इसी गंदगी में से हो कर आना जाना पड़ रहा है। इस मार्ग पर हर वर्ग और हर उम्र के लोग जाते हैं जिनको काफी समस्या हो रही है। वही मामले पर जानकारी देते हुए स्थानीय निवासी महिला रंजना, मोहम्मद सलीम, अमरनाथ, रामकिशन सहित तमाम लोगों का कहना है कि यह मार्ग की समस्या काफी दिनों से बनी हुई है वर्षो से मार्ग पर पानी बह रहा है। जिसको लेकर ग्राम प्रधान पंचायत सचिव सहित ब्लॉक स्तरीय उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है ।लेकिन इस पर कोई सुनवाई नहीं हुई है हम लोगों को प्रतिदिन इसी गंदे पानी से होकर आना जाना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां पर सिर्फ नेता चुनाव के समय में आते हैं और जीतने के बाद कभी नहीं आते ना ही ध्यान देते हैं कि इसका विकास होना चाहिए स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन से मार्ग की व्यवस्था करने की मांग की है।

# पुलिस अपनी वर्दी पर दाग न लगे लगाया पुरजोर ताकत समझौते का बनाया दबाव

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** पीड़िता थाना दोस्तपुर जनपद सुल्तानपुर की स्थाई निवासी है। पीड़िता द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल शिकायत किया गया था। पीड़ित सुरैया खातून के द्वारा आरोप लगाया है युसुफ नाम के व्यक्ति जो सिपाही थाना बेवाना में कार्य कर रहे है उनके साथ मेरी शादी तय हुई थी। मुझे शहजादपुर थाना कोतवाली अकबरपुर मे कपड़ा खरीदने के लिए बुलाया और मेरे साथ शारीरिक शोषण किये।जिसकी जांच उप निरीक्षक रमाशंकर सरोज थाना बेवाना वाना के द्वारा किया गया है आख्या में लिखा गया।जरिये दूरभाष के माध्यम से वार्ता की गयी तो बता रही है कि साहब युसुफ नाम के व्यक्ति जो सिपाही थाना बेवाना में कार्य कर रहे है उनके साथ मेरी शादी तय हुई थी। मुझे शहजादपुर थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अम्बेडकर नगर मे कपड़ा खरीदने के लिए बुलाया और मेरे साथ शारीरिक शोषण किये। अब शादी करने से मना कर रहे है। और यह भी बतायी कि अगुआ अंसार अहमद की पत्नी भी मेरे साथ कपड़ा दिलाने आयी थी वही से विपक्षी युसुफ आकर मुझे लेकर गये थे। और मेरे साथ गलत काम किये। मौके पर विपक्षी व अगुआ अंसार अहमद का मोबाइल नम्बर पूछा गया तो पीड़िता के द्वारा अगुआ का मोबाइल नम्बर 8528170737 दी। आवेदिका द्वारा बताये गये मोबाइल नम्बर पर बातचीत की गयी तो अगुआ अंसार अहमद पुत्र स्माइल निवासी ग्राम मिझौड़ा थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकर नगर से पूछताछ की गयी तो बता रहे है कि साहब मैने ही विपक्षी युसुफद्दीन खान पुत्र मोइनुद्दीन खा नि0ग्राम इस्लामपुर पर्ती थाना घोसी जनपद मऊ के साथ शादी करने हेतु बातचीत चलाया था। और डडवा पीड़िता की माता जिन्नतुल निशा पत्नी नन्हे खान के ननिहाल में देख दिखावा कराया था। युसुफुद्दीन खान ने बाद में शादी करने के मना कर दिये थे।उसी बात को लेकर सुरैया खातून गलत तरीके से इल्जाम लगा रही है। मेरी पत्नी उसके साथ कोई भी कपड़ा खरीदने नही गयी थी। मौके पर आवेदिका के घर जाकर बातचीत की गयी आवेदिका अपने घर पर मौजूद नही मिली। आवेदिका की माता जिन्नातुल निशा पत्नी नन्हे खान मौजूद मिली, जिनसे घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो बता रही है कि साहब मैने अपनी लड़की उम्र करीब 48 वर्ष की शादी हेतु अगुआ (मिडियेटर) अंसार अहमद पुत्र स्माइल के माध्यम से बातचीत हुई अगुआ ने मेरी लड़की की शादी हेतु युसुफ नाम के लड़के हेतु सुझाव दिया बातचीत के बाद मैं अपनी लड़की के साथ शादी की बातचीत हेतु गयी वहाँ लड़का भी आया और अगुआ भी मौजूद थे। बातचीत के बाद शादी की बात तय हो गयी थी मौके पर लड़के युसुफ ने शादी हेतु हाँ कर दिया था लेकिन बताया कि एक दो दिन में बताऊगाँ। और करीब 4-5 दिन बाद जब मैने अगुआ के पास फोन कर पूछा तो अगुआ द्वारा बताया गया कि लड़का शादी से मना कर दिया है।

### उप निरीक्षक रमाशंकर सरोज के जांच पर पीड़िता ने उठाया सवाल बयान में लगाया गंभीर आरोप

पीड़िता ने उप निरीक्षक रमाशंकर सरोज के जांच पर लगाया सवालिया निशान पीड़ित ने बयान में बताया उप निरीक्षक रमाशंकर सरोज ने हमारे परिवार के ऊपर बनाया दबाव अपनी वर्दी की साख बचाने के लिए मेरी माता के ऊपर खोलता हुआ दूध फेंक वाया गया पीड़िता ने बताया हमारे ननिहाल वाले समझौता का बना रहे हैं दबाव।

# संक्षिप्त ख़बरें

## अमेठी पुलिस द्वारा 03 नफर वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता गिरफ्तार



**अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह थाना अमेठी मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना व जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता अरुण पुत्र बृजलाल उम्र करीब 22 वर्ष, बृजलाल पुत्र रामसुख उम्र करीब 45 वर्ष, शीला पत्नी बृजलाल उम्र करीब 45 वर्ष निवासीगण ग्राम भीमी पश्चिम थाना व जनपद अमेठी को टिकरी चौराहा बीरमपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## दलित युवक को पीटने के आरोप में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

### पीड़ित युवक के रिश्तेदार की भी जमकर की पिटाई

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बरस गांव में गत 17 नवंबर की शाम को चार युवकों ने एक दलित युवक की जमकर पिटाई कर दी। आरोपियों ने उसे इतना मारा कि उसकी टांग टूट गई। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने चारों आरोपितों के विरुद्ध मारपीट सहित एससी एसटी की धाराओं में केस दर्ज कर मामले में छानबीन शुरू कर दी है। गांव निवासी रमेश पासी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गत 17 नवंबर को रंजिशन गांव के ही सत्यधीर सिंह, रोहित गुप्ता, आलोक व कमलेश रास्ते में घेर कर उससे गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपी हमलावर हो गए। चारों ने मिलकर उसकी जमकर पिटाई की। उनमें से एक आरोपी ने बल्ली से प्रहार कर उसकी टांग तोड़ डाली। आरोपियों पीड़ित के रिश्तेदार सुनील निवासी सुआखेड़ा से भी मारपीट की। उसने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई। लेकिन कोतवाली में उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। थक हारकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार लोगों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

## स्नातक के अंक पत्र में हुई त्रुटियों के सुधार हेतु महाविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन सौपा



**ओबरा(सोनभद्र)-** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा के सैकड़ों स्नातक के अंक पत्र में हुई त्रुटियों के सुधार हेतु महाविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन सौपा.छात्रों के स्नातक अंक पत्रों में गंभीर त्रुटियां पाई गई हैं. इन त्रुटियों के कारण छात्रों को आगे की पढ़ाई और रोजगार के अवसरों में काफी परेशानी हो रही है. इस समस्या को लेकर छात्र संगठन ABVP के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द समाधान की मांग की.छात्रों का आरोप है कि उनके अंक पत्रों में विषयों के अंक गलत दर्शाए गए हैं और कुछ छात्रों के नामों में भी त्रुटियां हैं. इन त्रुटियों के कारण छात्रों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन करने में मुश्किल हो रही है .A BVP के विभाग सह संयोजक सौरभ सिंह पंकज ने कहा, "हमने प्राचार्य महोदय से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने का आग्रह किया है. यदि हमारा मामला नहीं सुना गया तो हम सभी छात्र मिलकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे."

प्राचार्य महोदय ने छात्रों को आश्वासन दिया है कि वे इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और जल्द से जल्द सभी त्रुटियों को सुधारा जाएगा. उन्होंने कहा, "हम समझते हैं कि अंक पत्रों में त्रुटियां होना छात्रों के लिए कितनी बड़ी समस्या है. हमारी कोशिश है कि इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द हो जाए."

# लखन हृदय लालसा बिसेखी, जाइ जनकपुर आइअ देखी...

**● शुरु हुआ श्री कुड़वावीर बाबा का 4 दिवसीय ऐतिहासिक धनुषयज्ञ मेला**

**श्री कुडवावीर बाबा के मेले में रामलीला देखकर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक**



स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के शिवगढ़ नगर पंचायत अन्तर्गत ढेकवा,पहाड़पुर में आयोजित श्री कुडवावीर बाबा के चार दिवसीय ऐतिहासिक धनुष यज्ञ मेले का शुभारम्भ बुधवार को हवन पूजन के पश्चात मेला कमेटी के संरक्षक पंडित गिरिजाशंकर मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। मेले के पहले दिन आयोजित दिव्य रामलीला में राजा दशरथ दरबार, विश्वामित्र द्वारा राम और लक्ष्मण का मांगना दंडक वन में राक्षसों का विनाश,तत्पश्चात धनुष यज्ञ का भव्य मंचन किया जाता है, रामलीला देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। रामलीला में अयोध्या नरेश महाराज दशरथ के दरबार में राक्षसों द्वारा प्रताड़ित विश्वामित्र जी राम लक्ष्मण को मांगने के लिए जाते हैं। वशिष्ठ मुनि के कहने पर राजा दशरथ द्वारा राम-लक्ष्मण को विश्वामित्र जी के साथ वन भेज दिया जाता है। भगवान राम लक्ष्मण वन में ताड़का,सुबाहु जैसे भयंकर राक्षसों का वध करते हैं। सीता स्वयंवर में जाने पर लक्ष्मण गुरु विश्वामित्र से जनकपुर देखने की इच्छा प्रकट करते हैं।

रामलीला में अवनीश शुक्ला ने राजा दशरथ का, रौनक स्वास्थ्य ने राम का, श्रेयस शुक्ला ने लक्ष्मण का, विजय शुक्ल ने राक्षस का, प्रदीप अवस्थी ने विश्वामित्र का, शुभम अवस्थी ने वशिष्ठ का, लाल अवस्थी ने मरीच का, सुखेंद्र अवस्थी ने सुबाहु का, संतराम शुक्ला ने राक्षस का, विजय शुक्ला ने मानुस भक्षी का, जितेंद्र शुक्ला ने घनगरज का, रोशन मिश्रा ने मेहरुलवन का, विभू अवस्थी ने सुकरतनय का, नीरज अवस्थी ने दूत का, विनायक ने रामदास रुद्र का जीवन्त अभिनय कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पवन मिश्रा,राजेश त्रिवेदी, अनिरुद्ध शुक्ला,राकेश त्रिवेदी,प्रदीप अवस्थी शुभम अवस्थी, मिश्रा ,संतराम ,संदीप शुक्ला ,उमाकांत अवस्थी,दिलीप अवस्थी, राजकिशोर बाजपेई, शिवाकांत अवस्थी,हरिवंश द्विवेदी,सिविल अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की पहल, कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात




**अमेठी।** जनपद में कार्यरत कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निशा अनंत के निर्देशन में एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के मार्गदर्शन में स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर उनकी फोटो नाम सहित कलेक्ट्रेट में लगाई जाएगी। इसका उद्देश्य जनपद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यों एवं दायित्वों के प्रति प्रोत्साहित करना एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करना है। इसके तहत माह नवंबर 2024 में जनपद के अलग-अलग विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 स्टार परफॉर्मर को चिन्हित किया गया है जिनमें अमित विश्वकर्मा ईडीएम अमेठी, आशीष गुप्ता लाइनमैन विद्युत (संविदा), मोहनलाल सफाई कर्मचारी सवितापुर तिलोई, नूतन मिश्रा सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय पन्हौना, सीमा देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री आंगनबाड़ी केंद्र गोदें, श्याम सुंदर लेखपाल, अनिल कुमार सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी बहादुरपुर, मोहम्मद सफीर उल्लाह ग्राम विकास अधिकारी बहादुरपुर, उर्मिला तिवारी आशा ब्लाक जगदीशपुर, बेचू प्रसाद सफाई कर्मचारी नगर पालिका परिषद गौरीगंज के नाम शामिल हैं। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह चलाया जाएगा।

# कुर्सी दौड़ में अंजली, गुब्बारा युद्ध में अब्दुल्ला चम्मच दौड़ में आयुष रहे प्रथम

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** विश्व दिव्यांगता दिवस के मौके पर ब्लॉक संसाधन केंद्र में सोमवार को तहसील स्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें तीनों ब्लॉकों के कुल 45 दिव्यांग विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कुर्सी दौड़ में अस्थि दिव्यांग बच्चों में प्राथमिक विद्यालय जोगापुर की अंजली ने प्रथम और प्राथमिक विद्यालय सैदापुर सरेनी के आदर्श ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गुब्बारा युद्ध में कंपोजिट विद्यालय धन्नीपुर के अब्दुल्ला ने प्रथम स्थान, प्राथमिक विद्यालय लालगंज की तैयबा ने द्वितीय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालगंज ने अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चम्मच टॉफी दौड़ में कंपोजिट पलिया वीर सिंहपुर के आयुष ने प्रथम, मोहम्मद रेहान को द्वितीय स्थान मिला। कुर्सी दौड़ मानसिक दिव्यांग बच्चों की पूर्व माध्यमिक विद्यालय आनापुर के लवकुश प्रथम, कंपोजिट विद्यालय बन्नामऊ के आयुष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में शिवानी प्र प्रथम ,मानसी ने द्वितीय तो मधु को तृतीय स्थान मिला। सुलेख में दीपेश खीरो प्रथम अभी यादव द्वितीय और लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही। खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार ओझा ने विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष प्रताप सिंह, नवीन कुमार पांडेय, अर्चना तिवारी, राजेंद्र कुमार ,गोविंद वाजपेई, निर्मल तिवारी ने किया। राजेश कुमार, विशाल दीक्षित, सुधांशु तिवारी, सौरभ तिवारी, शुभम मोहित, हरिकेश, अभय सिंह ,दिलीप, राधेश्याम ने सहयोग किया।

# सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी ने की बैंकों की जांच पड़ताल।

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल एवं कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव पुलिस बल के साथ बैंकों का निरीक्षण किया इस दौरान पार्किंग में खड़े वाहनों को चेक किया तथा बैंकों में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए इसके अलावा उन्होंने बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया कि बैंक के बाहर सायरन हूटर आवश्यक तौर पर लगाया जाए। जिससे आपातकालीन सायरन बजने से घटना दुर्घटना की जानकारी हो सके।

बताते चलें कि सोमवार को क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल व कोतवाल जगदीश यादव के साथ क्षेत्र की बैंकों कस्बा स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के अलावा क्षेत्र के हलोर कस्बा स्थित ग्रामीण बैंक एवं यूको बैंक के साथ-साथ कोटवा मोहम्मदाबाद स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा एवं पंजाब नेशनल बैंक का गहनता से जांच पड़ताल किया उन्होंने अपराध रोकने की दृष्टि से बैंकों में पहुंचे तथा बैंक में संचालित सी.सी.टी.वी. कैमरे को जांचा साथ ही बैंक में लगे सायरन की भी जांच पड़ताल किया तथा मौके पर सुरक्षा गार्डों से जानकारी ली साथ ही उन्होंने बैंक कर्मचारियों को अपराध रोकने की दृष्टि से किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतने के निर्देश दिए। इसके अलावा



हलोर की ग्रामीण बैंक में सुरक्षा कर्मियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए और बैंक में आने जाने वाले व्यक्तियों को फटकार भी लगाई और बुजुर्ग लोगों से कुशल क्षेम भी पूछा और लोगों की चेकिंग भी की।उन्होंने कहा कि बैंक की चेकिंग अपराध रोकने की दृष्टि से की जा रही है। बैंकों में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

# फावड़े से मां बेटे पर जानलेवा हमला

**● शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे पाण्डेय की घटना**

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के शिवगढ़ नगर पंचायत अन्तर्गत पूरे पाण्डेय में नाली की सफाई करते समय निकाल करके रखे गए कचरे को लेकर 2 पक्षों में कहासुनी हो गई, कहासुनी इतनी बढ़ गई कि नाली की सफाई कर रहे युवक ने फावड़े से मां बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे मां बेटे घायल हो गए। मां की हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल अभिषेक पुत्र रामनाथ का आरोप है कि उनके पड़ोस के रहने वाले छोटू उर्फ राजकरन नाली की सफाई कर रहे थे जिन्होंने नाली का कचरा निकाल कर उनके गेट के पास रख दिया जिसको लेकर उनसे कहा गया तो गाली देने लगे तथा फावडे से उनके ऊपर हमला कर दिया यही नही छुड़ाने दौड़ी उनकी मां उमा देवी पत्नी रामनाथ पर भी फावडे से हमलाकर घायल कर दिया। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवगढ़ लाया गया, जहां चिकित्सक ने हालत गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात उमा देवी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि पुलिस मौके पर गई थी अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर तहरीर के हिसाब से मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने निर्माणाधीन राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**रायबरेली,** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जनपद में गोरा बाजार में निर्माणाधीन राजकीय सम्प्रेक्षण गृह जिसकी क्षमता 100 बेड है, का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यह कार्य माह अगस्त, 2017 से प्रगति पर है। इसकी पूर्व में मूल स्वीकृत लागत रू0 5.02 करोड़ थी, जिसमें चहारदीवारी का निर्माण सम्मिलित नहीं था। चहारदीवारी के निर्माण की लागत को सम्मिलित करते हुए कार्य की पुनरीक्षित लागत रू0 06.60 करोड़ है। अन्तिम किस्त कार्यदायी संस्था को मार्च, 2024 में प्राप्त हुई थी। कार्य को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 31 दिसम्बर, 2024 है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान निर्मित डारमेट्री में बोर्ड/अल्मारी की कोन-धार तिरछी है, प्रथम तल पर जाने वाली सीढ़ियों की ढाल अधिक होने के कारण उन्हें तोड़कर ठीक कराने, मुख्य भवन के बाहर की तरफ खिड़की के छज्जों की मोटाई एक धार में न होने के कारण ठीक कराने के निर्देश देने के साथ साथ निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। कार्यदायी संस्था के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्य भवन में रंगाई-पुताई, फिटिंग-फिक्सचर्स लगाने का कार्य प्रगति पर है, वार्डेन आवास, पम्प रूम, गार्ड रूम का फिनिशिंग कार्य भी प्रगति पर है, जोकि पूर्ण करते हुए इन्वेन्ट्री 20 दिसम्बर, 2024 तक जिला प्रोबेशन अधिकारी, रायबरेली को उपलब्ध करा दी जायेगी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया कि प्रत्येक परिस्थिति में समस्त कार्यों को पूर्ण कराते हुए इन्वेन्ट्री 20 दिसम्बर 2024 तक जिला प्रोबेशन अधिकारी को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अन्य कराये गये कार्यों की गुणवत्ता पर जिलाधिकारी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

# जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति की जिलाधिकारी ने की बैठक।

स्वतंत्र प्रभात

केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की ऋण सम्बन्धी पत्रावलियों का समय निस्तारण बैंक द्वारा किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

रावर्टसगंज/(सोनभद्र)- उत्तर प्रदेश - जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति की बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जो बैंकर्स जनमानस की सुविधा के अनुसार काम नहीं कर रहें हैं, वे अपने कार्य पद्धति में सुधार लायें अन्यथा की दशा में उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही हेतु उच्च स्तर पर पत्राचार किया जायेगा। जो बैंकर्स विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से सम्बन्धित पत्रावलियों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित नहीं कर रहे हैं और जनमानस को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभ नहीं मिल पा रहा है।ऐसे बैंकर्स अपने कार्यपद्धति में सुधार लायें।इस दौरान जिलाधिकारी ने एन0आर0एल0एम0 समूह के महिलाओं के खाता खोलने, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना के प्रगति की समीक्षा की तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि पत्रावलियों का निस्तारण समय से नहीं किया जा रहा है,

उन्होंने पत्रावलियों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दियें।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधान मंत्री सुरक्षा फसल बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैण्डअप इण्डिया, सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री नाबार्ड द्वारा प्री-पोटेन्शियल लिंक्ड प्लान, वित्तीय परामर्श केन्द्रों की प्रगति, आरसेटी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम, एक जनपद-एक उत्पाद, कर्ज वसूली, किसान क्रेडिट कार्ड, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ऋण वसूली की बिन्दुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकर्स रोजगार परक योजनाओं में सहयोग करते हुए स्थानीय रोजगार को



बढ़ावा देने हेतु पत्रावलियों का ससमय निस्तारण किया जाये।बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति के दौरान जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, एल0डी0एम0 सलन बागे, उप मण्डलीय प्रबन्धक के0के0 श्रीवास्तव, आर0बी0आई0 के एल0डी0ओ0 कुमार कौशल कौश्विक, जिला कृषि अधिकारी हरिकृष्ण मिश्र, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र आर0पी0 गौतम, डीडीएम नाबार्ड आनन्द कुमार पाण्डेय, स्टेट बैंक के मुख्य प्रबन्धक सौरभ श्रीवास्तव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सहित जिले के सम्बन्धित बैंक प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे।

# डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती के पूर्व संध्या पर अधिवक्ता दिवस मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र-**2 दिसंबर 2024 डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा कचहरी परिसर में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की मूर्ति पर माला अर्पण कर जयंती के अवसर पर डी बी ए के महामंत्री मोहम्मद सलीम कुरैशी एडवोकेट की अध्यक्षता में अधिवक्ता दिवस मनाया गया ! इस अवसर पर डी बी ए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अतुल प्रताप पटेल एड ने कहा कि डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद स्वयं एक विद्वान अधिवक्ता थे। वह भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे जिन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी अपना योगदान दिया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे। उन्होंने 12 वर्षों तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करने के पश्चात वर्ष 1962 में अपने अवकाश की घोषणा की। सम्पूर्ण देश में अत्यन्त लोकप्रिय होने के कारण उन्हें राजेन्द्र बाबू या देशरत्न कहकर पुकारा जाता था। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 1962 में उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि अधिवक्ता दिवस पर एसोसिएशन की तरफ से मांग किया की 18 से 80 साल के सभी अधिवक्ताओं का सामूहिक बीमा कराया जाएगा। अधिवक्ता कल्याण निधि की राशि 10 लाख करने व अधिवक्ताओं का पेंशन देने की मांग भी उठाई गई। इस अवसर पर राजेश यादव एड, वी पी सिंह एड, रियाज खान एड, प्रबोध कुमार सिंह एड, सचिन पटेल एड, अभिषेक कुमार मौर्य एड, सत्यम शुक्ला एड, हरि प्रसाद एवं सूरज यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# भवानीपुर में प्लास्टिक फ्री अभियान का डीपीआरओ ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र /**उत्तर प्रदेश- जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण के द्वारा शुरू किए गए प्लास्टिक फ्री पंचायत अभियान का असर अब दिखना शुरू हो गया है। आज 5 दिन में 61 ग्राम पंचायत से लगभग 3160 किलो प्लास्टिक एकत्र किया गया तथा 23322 घरों के सापेक्ष 4578 घरों पर बोरिया टांगी जा चुकी है। चार चरणों में चलाए जा रही इस अभियान में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 61 ग्राम पंचायत का चयन किया गया था। ग्राम पंचायत के प्रधान और कर्मचारियों के प्रशिक्षण के उपरांत गांव में प्रधान के नेतृत्व में सफाई कर्मी एवं गांव के लोगों के द्वारा बिखरे हुए प्लास्टिक बिनकर इकट्ठा किया जा रहा है। द्वितीय चरण में लोगों द्वारा अपने घर पर प्लास्टिक की बोरी टांग कर उसी में प्लास्टिक रखा जा रहा है। उक्त के क्रम में आज ग्राम पंचायत भवानीपुर में प्लास्टिक फ्री अभियान का निरीक्षण जिला पंचायत अधिकारी नामित शरण द्वारा किया गया जिसमें उनके द्वारा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया गया तथा गांव के लोगों से यह आह्वान किया गया कि अपना प्लास्टिक आप इसी बोर में रखें हमारे सफाई कर्मी ई रिक्शा के माध्यम से यह प्लास्टिक आपके बोर में से कलेक्ट कर आर आर सी केंद्र पर इकट्ठा कर लेंगे। जिससे कि यह प्लास्टिक हमारे खेतों, नालियों, तालाबों में नहीं जाएगा एवं हम अपने पर्यावरण को बचा सकते हैं। अब तक इस ग्राम पंचायत में 43 किलो प्लास्टिक इकट्ठा किया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा एक विशेष कार्य यह किया जा रहा है कि सभी बोरियों पर प्लास्टिक फ्री पंचायत लिख कर घर का नंबर दिया गया है जिससे कि यह पता चल सके कि कितने घरों पर बोरिया टांगी जा चुकी हैं जिसका डीपीआरओ ने प्रशंसा किया। जनपद में इन 61 ग्राम पंचायत में कुल 23322 घर है जिसमें से अभी तक 4578 घरों पर बोरिया टांगी जा चुकी है। जिला पंचायत अधिकारी नामित शरण ने खुद एक घर पर बोरी टांग कर इस अभियान में लोगों को बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। बैठक में डीपीआरओ ने बताया कि हम प्लास्टिक का प्रयोग करते हैं तथा उसको बाहर फेंक देते हैं जिससे की समस्याएं खड़ी होती हैं जनपद सोनभद्र एक प्राकृतिक संपदाओं से भरा हुआ जनपद है यहां पर हम जितना कम प्रदूषण करेंगे वह हमारे लिए फायदेमंद है विकास कार्य के साथ-साथ हमें पर्यावरण को संरक्षित करने वाले कार्य को भी प्राथमिकता पर किया जाना जरूरी है यह एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें कोई धनराशि ब्यय नहीं हो रही है तथा हम अपने गांव को प्लास्टिक फ्री ग्राम पंचायत बना रहे हैं। डीपीआरओ जनपद के सभी ग्राम पंचायत का आह्वान किया कि वह इस अभियान का हिस्सा बने तथा अपने गांव को भी प्लास्टिक फ्री बनाएं जिससे कि प्लास्टिक फ्री सोनभद्र का सपना साकार हो सके। जिससे जनपद का नाम प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो सक। बैठक में ग्राम प्रधान मुन्ना लाल मौर्य, कोटेदार अन्नपूर्णा सिंह, पंचायत सहायक संदीप, आंगनबाड़ी कार्यकत्री शकुंतला, किरणमती, अमरावती गांव के नागेंद्र सिंह, केयरटेकर सुमित्रा देवी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुनील यादव तथा डीसी स्वच्छ भारत मिशन अनिल केसरी उपस्थित रहे।

# जुगैल क्षेत्र में पहली बार श्री राम कथा का भव्य आयोजन, जुगैल रचा इतिहास

**● श्री राम कथा के दौरान भव्य भण्डारे का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात



**जुगैल/(सोनभद्र)** रेणुका नदी पर आदिवासी क्षेत्र कहा जाने वाला ग्राम पंचायत जुगैल ने रचा इतिहास बताते चले कि ग्राम जुगैल में पहली बार भव्य 8 दिवसी श्री राम कथा का आयोजन किया गया। श्री राम कथा को दिव्य मुखाड करते कथा वाचक पुज्य श्री दिलीप कृष्ण भारद्वाज महराज जी द्वारा किया जा रहा है महराज जी द्वारा प्रतिदिन श्रीराम कथा 2 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक ग्राम प्रधान जुगैल सुनीता यादव व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश कुमार यादव द्वारा किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा हजारों कि संख्या में कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। माताएं व बहनों ने श्री राम कथा में सम्मिलित होकर हजारो कि संख्या में श्री राम कथा में पुन्य के भागी बनी? और ग्रामीण आदिवासी क्षेत्र बहनो व माताएं बड़े ध्यान पुर्व श्री राम कथा सुनते दिखी। और इस कार्यक्रम अध्यक्ष विनोद तिवारी, सहयोगी कालीचरण, अशोक सिंह, अशोक तिवारी, सोनू सिंह गोड़, शिव गुलाब, गुलाब सिंह, सुरेन्द्र पनिका, जय मंगल सिंह गोंड, रवि यादव, नन्दलाल केशरी, राम प्रसाद, राजेश यादव, तुलसीदास कनौजिया, आदि हजारों कि संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सावधानः शादी समारोहों में चोरी करने वाला अन्तर्राज्यीय महिला गैंग सक्रिय

**थाना रिफाइनरी पुलिस ने नशीले पाउडर के साथ गैंग की 12 महिलाओं को किया गिरफ्तार**

**मथुरा।** शादी समारोहों में घुस कर चोरी करने वाला महिलाओं का अंतरराज्यीय गैंग मथुरा में सक्रिय है। लगातार मिल रहे इनपुट के बाद पुलिस ने इस गैंग की टोह लेना शुरू किया। पुलिस ने जाल बिछाया और गैंग की 12 महिलाओं को पकड़ने में कामयाबी मिल गई। एक किलो 300 ग्राम नशीला पाउडर डायजापाम व 3085 रुपये बरामद किये हैं।। पुलिस के मुताबिक अतिरिक्त भी देश के अन्य राज्यों से भी इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। थाना रिफाइनरी पुलिस टीम द्वारा वर्तमान समय में शादी समारोह के सीजन को दृष्टिगत रखते हुए विगत समय में हुई शादियों से कैश, जेवरात के बैग चोरी होने की घटनाओं के डाटाबेस से घटनास्थल को चिन्हित कर उनका मैप तैयार कर ऐसे शादी समारोह के मंडप होटल गैस्ट हाउस के आसपास थाना रिफाइनरी मथुरा पुलिस द्वारा पूर्व में शादी समारोह में चोरी की घटना करने वाले अपराधियों का डेटाबेस से चार्ट, बैनर तैयार कर मण्डपों के मालिक व प्रबंधक व स्टाफ से संपर्क कर मण्डपों के प्रवेश द्वार पर चस्पा कर उनसे इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सावधानी की अपील की गयी। साथ ही साथ थाना रिफाइनरी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में संभावित, संदिग्ध हॉटस्पॉट पर सतर्क निगरानी एंव चेकिंग की जा रही थी कि एक दिसम्बर को सूचना प्राप्त हुई कि शादियों में इस तरह की घटना कारित करने वाली कुछ महिलाएं घटना कारित करने की योजना बना रही हैं और उनके पास अवैध शस्त्र, सामग्री भी है। कार्यवाही करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रिफाइनरी सोनू कुमार, एसआई विपिन तोमर, एसआई अखिलेश कुमार, एसआई उत्तम भडाना, एसआई मोनालिसा सिंह, एसआई प्रिया सिवाच सभी थाना रिफाइनरी आदि थे।

## जरीब चौकी क्रासिंग पर जाम की समस्या का होगा स्थाई समाधान

● -पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने डीसीपी सेंट्रल व डीसीपी यातायात के साथ किया भ्रमण दिये आवश्यक दिशा-निर्देश





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** महानगर का व्यस्ततम चौराहा जरीब चौकी जहां पर रेलवे फाटक होने के कारण यातायात की समस्या अक्सर उत्पन्न हो जाती है, इसके दृष्टिगत स्थायी समाधान हेतु आज दिनांक पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा पुलिस उपायुक्त यातायात व पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल की मौजूदगी में निरीक्षण किया गया सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस संबंध में डीसीपी यातायात रवीन्द्र कुमार ने बताया कि आज वरिष्ठ अधिकारियों ने जरीब चौकी रेलवे क्रासिंग का निरीक्षण किया है ताकि यहां लगने वाले जाम का स्थाई समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि यहां जब रेलवे क्रासिंग बंद होती है तो दो पहिया वाहन उल्टे साइट से निकलकर क्रासिंग से निकलना शुरू कर देते हैं और जैसी ही क्रासिंग खुलती हैं तो इस तरह रांग साइड निकलने वालों के कारण जाम लगना शुरू हो जाता है। इसके लिए कैमरों की व्यवस्था की जा रही है ताकि इन पर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने बताया कि जनप्रतिनिधियों से भी बात की जायेगी तथा स्थानीय दुकानदारों से भी बातचीत की जा रही है ताकि वह व्यवस्था में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि इससे संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों से बात की जा रही है और उनके सुझाव भी लिए जाएंगे। क्रासिंग के बगल में बना मंदिर के कारण भी जाम लगता है। उन्होंने कहा कि मंदिर के लिए सर्व संबंधित से बातचीत की जाएगी जिससे कि उसका उचित समाधान निकाला जा सके।सम्बन्धित थाना प्रभारी व जोन के टीआई मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही व्यस्ततम चौराहा है और रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से हालात बिगड़ते हैं। लेकिन अब जल्द ही इसका हल सर्व सम्मति से निकाला जाएगा।

## कपड़ा व्यापार मण्डल बेकनगंज के सहयोग से लगे 39 सीसीटीवी





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** थाना बेकनगंज के नवनिर्मित प्रभारी निरीक्षक कार्यालय व बेकनगंज कपड़ा व्यापार मण्डल के सहयोग से बेकनगंज बाजार मे 39 सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये जिनके द्वारा बाजार के सभी मुख्य स्थानों जैसे चौराहे व अधिक भीड भाड वाले स्थानों की कवरेज होने लगी है। आप्रेशन त्रिनेत्र के लिए लगाए जा रहे कैमरों से बाजार में होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगेगा। कन्ट्रोल रूम व कार्यालय का लोकार्पण श्री दिनेश त्रिपाठी (आईपीएस) पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जोन कमिश्नरेट कानपुर नगर के कर कमलों द्वारा आज दिनांक 02.12.2024 दिन सोमवार को श्री मनोज कुमार पाण्डेय (पीपीएस) अपर पुलिस उपायुक्त महोदय सेन्ट्रल जोन कमिश्नरेट कानपुर नगर व डॉ0 अभिषेक कुमार राहुल (पी0पी0एस0) सहायक पुलिस आयुक्त महोदय अनवरगंज कमिश्नरेट कानपुर नगर की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

# संक्षिप्त ख़बरें

### विधायक राहुल सोनकर मिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से



**कानपुर।** लखनऊ में विधायक बिल्हौर राहुल बच्चा सोनकर ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से शिष्टाचार भेंट की। स्नेहिल भेंट के दौरान विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने विधायक को बिल्हौर क्षेत्र के हर संभव विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया।

### ककवन पुलिस ने पांच वारंटी किए गिरफ्तार

**कानपुर ।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त पश्चिम कमिश्नरेट कानपुर नगर, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम कमिश्नरेट कानपुर नगर व सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर कमिश्नरेट कानपुर नगर के कुशल नेतृत्व व में प्रभारी निरीक्षक थाना ककवन द्वारा गठित टीम ने दबिश देकर धारा 147/323/308/325/452 भादवि में वारंटी अभियुक्त धीर सिंह पुत्र रमेश, कुलदीप पुत्र सरमन, अंकित पुत्र सरमन, पातीराम उर्फ रोहित पुत्र रमेश, संगीत पुत्र महेश निगण म्योडा औरोताहारपुर को आज दिनांक 02.12.2024 समय 08.05 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों को अग्रिम कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय माती कानपुर देहात भेजा गया।

### राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई




**बांदा।** आदर्श बजरंग इंटर कालेज बांदा में संचालित एनसीसी इकाई के कैडेट्स के द्वारा 60 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल बृजेश पठानिया साहब के निर्देशानुसार राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य प्रदूषण से बचने के लिए जनमानस को जागृत करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडे ने एनसीसी कैडेट को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का प्रदूषण जैसे वायु प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण मृदा प्रदूषण आदि सभी हमारे जन जीवन को प्रभावित करते हैं आता है इनसे बचने के लिए आवश्यक सावधानी जरूरी है स्वयं बच्चे तथा इससे समाज को भी बचाएं जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और हम स्वस्थ एवं सुरक्षित रहेंगे। मुख्य अतिथि मेजर मिथिलेश कुमार पांडे ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली का नेतृत्व चीफ ऑफिसर मंगल प्रसाद लेफ्टिनेंट राम प्रसाद ने किया सीनियर कैडेट सत्यम सोनी योगेंद्र कुमार गौतम अहिरवार कौशिक अंकित यादव अरमान खान विष्णु गोविंद द्विवेदी सहित लगभग 95 एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे रैली पीली कोठी छावनी गुलर नाका बाबूलाल चौराहा होते हुए विद्यालय में समाप्त हुई।

### आतिशबाजी भण्डारण एवं बिक्री के संबंध में दर्ज करा सकते हैं आपत्ति

**अलीगढ़।** नगर मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी अधिकारी विस्फोटक राम शंकर ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि मैसर्स-÷ओम एन्टरपाईजेज÷, अंगनगंज, अलीगढ़-पलवल रोड खैर जिला अलीगढ़ के पार्टनर सुमित गर्ग, धीरज गर्ग पुत्रगण सुशील कुमार गर्ग, भावुक गर्ग, कपिल गर्ग पुत्रगण विजय कुमार गर्ग निवासी ओमनगर खैर व कुलदीप अग्रवाल पुत्र किशन स्वरूप अग्रवाल निवासी त्रिवेणी नगर, खैर के द्वारा कस्बा खैर, अलीगढ़ के गाटा संख्या 3016/3, 3016/4 जिला अलीगढ़ में आतिशबाजी भण्डारण के लिए 6 गोदाम व आतिशबाजी बिक्री के लिए 6 दुकान निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन किया गया है।नगर मजिस्ट्रेट ने उक्त के क्रम में सर्व साधारण से अपेक्षा की है कि यदि किसी पक्ष को कोई आपत्ति हो, तो वह विज्ञप्ति के प्रकाशन तिथि से एक माह के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में अपनी आपत्ति नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

## चकेरी में अवैध संबंधों के शक में पत्नी व सास का हत्यारा गिरफ्तार

● -घटना स्थल से ही गिरफ्तार किया गया हत्या के अभियुक्त को।





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** चकेरी थाना पुलिस ने हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अवैध संबंधों के शक में कल उसने अपनी पत्नी और पत्नी का पक्ष ले रही सासा की हत्या कर दी थी। इस संबंध में चकेरी थाने में धारा 103 बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। मुकदमा पंजीकृत होते ही चकेरी पुलिस ने हत्यारे की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने प्रेस नोट में बताया कि पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व पुलिस उपायुक्त पूर्वी व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी व सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी कमिश्नरेट कानपुर नगर के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक चकेरी के नेतृत्व में थाना चकेरी पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 778 / 24 धारा 103 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त जोसेफ पीटर पुत्र पीटर जेम्स निवासी 301 ए फ्रेंड्स कॉलोनी थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र करीब 40 वर्ष को दिनांक आज 2 दिसंबर को समय करीब 8.00 बजे 301 ए फ्रेंड्स कालोनी थाना चकेरी कानपुर नगर से अभियुक्त को मौके से घटना स्थल पर ही पुलिस हिरासत में लिया गया। बाद में विस्तृत पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपने द्वारा किये गय कृत्य, जुर्म की घटना स्थल पर ही कबूल किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी में उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों, निर्देशों का पालन किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को थाने लाकर विधिक कार्यवाही करते हुए नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे थाना चकेरी कानपुर नगर, उपनिरीक्षक विनीत कुमार त्यागी चौकी प्रभारी रामा देवी थाना चकेरी, उपनिरीक्षक रविशंकर थाना चकेरी कानपुर नगर, उपनिरीक्षक आनन्द कुमार द्विवेदी थाना चकेरी, कांस्टेबल अमन कुमार चकेरी थाना चकेरी कानपुर नगर, कांस्टेबल मो. सुहैल थाना चकेरी कानपुर नगर का नाम प्रमुख रुप से है।

## दबंगों की अड़चन से हर घर नल योजना प्रभावित, ग्रामीणों में आक्रोश

● - ग्राम गोंडा में विकास कार्यों पर दबंगों का साया



स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** तहसील कर्वी क्षेत्र के गोंडा पंचायत के यादव बस्ती में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर नल योजना 'दबंगों की अड़चन के कारण ठप हो गई है। राम किशोर पुत्र जवाहर समेत कुछ स्थानीय दबंग विकास कार्यों में बाधा डाल रहे हैं, जिसके चलते ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार, 'हर घर नल योजना' के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम प्रस्तावित था, लेकिन दबंगों ने गोंडा मोड़ पर काम रोक दिया है। इस समस्या के चलते न केवल पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है, बल्कि सड़क निर्माण कार्य भी रुका हुआ है।योजना के ठप होने से यादव बस्ती में पानी की समस्या विकराल रूप ले रही है। महेश और राजेश सहित कई ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत देकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि दबंगों के चलते विकास कार्य पिछड़ रहे हैं और उनकी समस्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं।महेश का कहना है, "दबंग विकास कार्य नहीं होने दे रहे हैं। पानी के बिना रहना मुश्किल हो रहा है। प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।" वहीं राजेश ने भी प्रशासन से दबंगों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है।

## कानपुर में हॉस्टल के बाथरूम में मिली जेईई मेंस की तैयारी कर रहे छात्र की लाश

● - छात्र की मृत्यु हार्ट अटैक से होने की आशंका ,अगली कार्रवाई के लिए पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** यहां छात्रों की संदिग्ध हालातो में मौत का सिलसिला लगाता जारी है। इसी क्रम में काकादेव थाना क्षेत्र के कोचिंग मंडी में चल रहे हॉस्टल में छात्र का शव मिलने से सनसनी फैल गई । जानकारी के मुताबिक वह नवीननगर स्थित हॉस्टल के रूम में रहकर जेईई मेंस की तैयारी कर रहा था । उसकी पहचान वाराणसी निवासी संतोष गुप्ता के पुत्र उत्कर्ष गुप्ता के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक घटना के बारे में पता तब चला जब सुबह काफी देर तक वह नजर नहीं आया, तो हॉस्टल में रहने वाले अन्य स्टूडेंट्स ने उसके मोबाइल पर कॉल की लेकिन किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिसके बाद अनहोनी की आशंका में काकादेव पुलिस को मामले की जानकारी दी गई।

इसके बाद जब काकादेव पुलिस पहुंची तो उत्कर्ष के रूम का दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पुलिस ने काफी मशक्कत का रूम का दरवाजा तुड़वाया। अंदर जाकर देखा तो उत्कर्ष का शव बाथरूम में पड़ा था। इसके बाद पुलिस उसे हैलट अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मृतक उत्कर्ष गुप्ता नवीन नगर स्थित हॉस्टल में रहकर जेईई मेंस की कोचिंग कर रहा था। उसके पिता मुजफ्फरनगर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। सूचना पाकर परिजन भी कानपुर पहुंच गए। आशंका है की छात्रा की मृत्यु हार्ट अटैक के चलती हुई है लेकिन सही जानकारी के लिए उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## मरौली खण्ड पांचः अवैध खनन ने तोड़े सारे रिकार्ड

●- किसानों की फसलों के तबाह करने के बाद भी बेधड़क जारी है अवैध खनन

- एनजीटी के निर्देशों को धता बताकर नदी की जलधारा में अवैध खनन जारी





स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** मटौंध थाना क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित मरौली खण्ड पांच के खनन कर्ताओं ने अवैध खनन के सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं। दो बार जांच में अवैध खनन मिलने पर जुर्माने से दण्डित होने के बाद भी खनन कारोबारी के गुर्गे सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। जीवनदायिनी केन नदी के अस्तित्व पर खतरे को बादल मण्डराने लगे हैं। उधर किसानों की फसलों को बर्बाद करने के बाद भी अवैध खनन के कोई कमी नहीं आयी है। उल्टा किसान पूरी तरह से परेशान हो चुके हैं।

अक्टूबर माह के शुरू हुई मरौली खण्ड पांच की खदान शुरू से ही विवादों के घेरें में है। खदान शुरू होने के चंद होने के बाद भी डीएम के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम ने जांच में अवैध खनन मिलने पर 54 लाख का जुर्माना लगाया कर शायद ये संदेश देना चाहा था कि अवैध खनन करने वालों को नहीं बख्शा जायेगा। लेकिन जुर्माना के बाद अवैध खनन के रफ्तार दो गुना और तेज हो गयी। जिसकी वजह से कभी समाचार पत्रों तो कभी टीवी चैनलों तो कभी सोशल मीडिया में अवैध खनन सुर्खिया बनने के बाद प्रशासन ने नवंबर माह समाप्त होते-होते फिर से जांच कर अवैध खनन मिलने पर लाखों का जुर्माना लगाया। लेकिन दो बार जुर्माना लगने के बाद भी अवैध खनन की रफ्तार में कोई कमी नहीं आयी। उल्टा खदान सूत्रों के अनुसार पूरी शिद्दत के साथ अवैध खनन के कार्य को अंजाम दिया जाने लगा। वहीं कार्यवाही के भय से चटगन के किसानों की बर्बाद हुई फसलों को मुआवजा न मिलने से किसान भी परेशान हो रहे हैं। किसान प्रशासन से मुआवजे की मांग कर चुके हैं। लेकिन उनको केवल आश्वासन ही मिला है। अब देखना यह है कि संयुक्त टीम फिर कब कार्यवाही करती हैं।

### शहदी सिपाई की पत्नी को डीएम ने 50 लाख की आर्थिक मदद दी



**बांदा।** विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन सांप्रदायिकता नियंत्रण प्रकोष्ठ गृह विभाग लखनऊ के निर्देशानुसार 32वीं वाहिनी भा.ति.सी. पुलिस बल से 14वीं वाहिनी भा.ति.सी.पुलिस बल के स्वर्गीय त्रिमोहन सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट अतरहट तहसील पैलानी जनपद बांदा की कर्तव्य पालन के दौरान शहीद होने के बाद आश्रित व वारिसान पत्नी श्रीमती पूनम सिंह को आज जिलाधिकारी बांदा नगेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता धनराशि का चेक प्रदान किया गया। जिलाधिकारी बांदा नगेंद्र प्रताप सिंह जी ने चेक प्रदान करते हुए आश्रित महिला को सांत्वना देते हुए कहा कि उक्त धनराशि का सदुपयोग कर अपने बच्चों एवं परिवार का भरण पोषण कर शिक्षा दीक्षा में खर्च करें एवं परिवार का भविष्य उज्जवल करें।

## आखों में काली पट्टी बांधकर जादूगर ने दौड़ाई मोटरसाइकिल

●- यातायात नियमों का खुला उलंघन,पुलिस बनी मूकदर्शक



स्वतंत्र प्रभात

**मऊ,चित्रकूट।** नवंबर माह भर चलने वाले यातायात जागरूकता अभियान के समापन दिवस पर मऊ थाना क्षेत्र में यातायात नियमों का खुला उल्लंघन देखा गया। जागरूकता फैलाने के नाम पर आयोजित एक बाइक रैली ने नियमों को ताक पर रख दिया, और इस दौरान पुलिस की भूमिका तमाशबीन से ज्यादा कुछ नजर नहीं आई है। मामला थाना मऊ कस्बा का है, जहां जादूगर ज्ञानेंद्र भार्गव ने अपने शो की शुरुआत अनोखी बाइक रैली से की है। खास बात यह रही कि इस रैली में मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रैली की शुरुआत जादूगर ने आंखों पर काली पट्टी बांधकर की। बिना हेलमेट पहने जादूगर के साथ कई अन्य बाइक सवार कस्बे की सड़कों पर दौड़ते नजर आए। रैली में यातायात नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई न केवल जादूगर, बल्कि अन्य बाइक सवार भी बिना हेलमेट के रहे। कई बाइकों पर तीन-तीन लोग सवार थे और कुछ तो वाहन चलाते हुए वीडियो बनाने में व्यस्त थे। यह भी पता चला कि इस रैली के लिए किसी प्रकार की प्रशासनिक अनुमति नहीं ली गई थी।चौंकाने वाली बात यह रही कि रैली के दौरान मऊ थाना पुलिस पूरी तरह मूकदर्शक बनी रही। यह स्थिति तब है जब पूरा नवंबर माह यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित था। स्थानीय लोगों ने इस घटना को जागरूकता अभियान की ÷विफलता÷ करार दिया। घटना के बाद अब यह सवाल उठ रहे हैं कि जादूगर और आयोजनकर्ताओं पर कार्रवाई होगी या नहीं।

## कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर प्रशासन एलर्ट

● - अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को दिये दिशा निर्देश।






स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राजेश कुमार की अध्यक्षता में नवीन सभागार, सरसैया घाट में शीतलहर एवं घने कोहरे के दृष्टिगत राहत एवं बचाव कार्यो से संबंधित एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश। कोहरे के दौरान सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु सड़कों पर गड्ढों के मरम्मत का कार्य, डिवाइडर की मरम्मत एवं मानक के अनुसार रंग रोगन, रोड सर्फ़िंग मार्किंग गतिरोधक, जेब्रा क्रॉसिंग इत्यादि पर पेंटिंग का कार्य, रेडियम स्टीकर, नव निर्माण रोडों पर बैरिकेडिंग इत्यादि का कार्य किए जाने के संबंध में पी0डब्ल्यू0डी0 के अधिकारियों को निर्देश दिये। प्रमुख सड़कों मार्गो एंव मोहल्लों में स्थापित प्रकाश बिंदुओं को तत्काल ठीक कराए जाने के संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। समस्त वाहनों पर नारंगी रंग का चेतावनी स्टीकर (रेडियम) लगवाए जाने हेतु, यातायात के नियमों का पालन किए जाने के संबंध में। सड़क किनारे पर सोते हुए व्यक्तियों को कंबल वितरण और उन्हें रैन बसेरों में सुरक्षित ले जाने के संबध में आर0टी0ओ0 के अधिकारियों को निर्देश दिये।

महत्वपूर्ण स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाना एवं उसकी पोर्टल पर प्रतिदिन फोटो सहित फीडिंग किए जाने के संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। जनपद में निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर से बचाने हेतु कम्बल का वितरण किया जाना एवं वितरण उपरांत प्रत्येक व्यक्ति का डाटा फोटो सहित 'राहत पोर्टल' पर फ़ीड किया जाने के निर्देश दिए। रैन बसेरों की साफ- सफाई एवं आवश्यक संसाधनों के साथ-साथ शौचालय, विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति, पेयजल, कम्बल, चादर, तकिया, गद्दा, आदि अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया जाए।

समस्त रैन बसेरों में नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाना एवं प्रत्येक कर्मचारी के नंबर रैन बसेरा गेट पर चस्पा किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव जलाए जाने के उपरांत अलाव को ठीक ढंग से बुझाये जाने के संबंध में लोगों को जागरुक किया जाए। गौशालाओं को चिन्हित करके पशुओं के लिए अलाव एवं आवश्यक सामग्री की व्यवस्था कर सूचना प्रेषित करना। पशुओं में निमोनिया डायरिया इत्यादि तथा टीकाकरण न होने के कारण खुरपका, मुंहपका आदि बीमारी होने की संभावना बनी रहती है। पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से किए जाने के संबंध में एवं दवाइयां का भंडारण सुनिश्चित किए जाने के संबंध में निर्देश दिए।

## छात्र संजीव बने असिस्टेंट कमांडेंट

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया जाता है। यहां के उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल का परिणाम है कि विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी देश में बहुत से बड़ों पदों पर आसीन होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हाल ही में मंगलायतन विश्वविद्यालय के छात्र संजीव को मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर एक नई ऊंचाई तक पहुंचने में सफलता मिली है। उन्होंने भारतीय तटरक्षक बल में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर चयनित होने की उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की है। संजीव की इस उपलब्धि पर स्वजन के साथ ही शिक्षकों और पूरे विश्वविद्यालय को गर्व है। कुलपति प्रो. पीके दशोरा, कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा सहित विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई है कि संजीव की इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी बड़ा मुकाम हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी। एमयू में बीएससी के छात्र रहे संजीव हमेशा से एक अनुशासित और महत्वाकांक्षी छात्र रहे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों व माता-पिता के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने बताया कि इच्छाशक्ति और मेहनत हो तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## एसटी मोर्चा महरौली जिला उपाध्यक्ष हिमांशु मीणा को सोशल मीडिया संयोजक की भी जिम्मेदारी




**नई दिल्ली।** महरौली जिला भाजपा के समर्पित, निष्ठामन युवा कार्यकर्ता हिमांशु मीणा महरौली जिला भाजपा एसटी मोर्चा के उपाध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का भरपूर निर्वाह कर रहे हैं। निस्वार्थ भाव से पार्टी की सेवा करने वाले हिमांशु मीणा को अब अंबेडकर नगर विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक की भी जिम्मेदारी दी गई है। श्री मीणा ने कहा कि पार्टी जो भी जिम्मेदारी मुझे देगी उसका मैं भरपूर निर्वाह करूंगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। इसके लिए वह घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर मोदी सरकार की उपलब्धियों, नीतियों एवं कार्यों के बारे में बता रहे हैं। आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली को किस तरह से धोखा दिया है, इसकी जानकारी भी वह जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। अंबेडकर नगर विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक बनाए जाने पर हिमांशु मीणा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## पूरनपुर में जाम से परेशान हुए राहगीर , स्कूली बच्चे घंटों कतार मे खड़े रहने को मजबूर

**घंटों से जाम मे फसे लोग और वाहन नगर मे अव्यवस्थाओं से कई घंटो से फसें लोगो ब अव्यवस्थाओं पर नहीं ध्यान दे रहे है जिम्मेदार**



**पूरनपुर** के माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग और शेरपुर क्रॉसिंग सहित अक्सर नगर के अन्य जगहों पर लगता है लम्बा जाम माधोटांडा क्रॉसिंग का हाल तो ये की दोपहर मे इधर स्कूलों की छुट्टी होती है उधर ट्रेन के आने की वजह से फाटक बन्द कई घंटे जाम में फंसे रहते है राहगीर और छोटे स्कूली बच्चे लोगो का कहना है कई बार प्रशासन को अवगत करा चुके है लेकिन प्रशासन कोई ध्यान नहीं है जाम की वजह से व्यापारी भी रहते है परेशान जाम की समस्याएं को को लेकर समाजसेवी भी कर चुके ओवरब्रिज की माँग।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक घायल।



**धौरहरा।** कस्बे के निघासन- धौरहरा बाईपास सोमवार की दोपहर करीब एक बजे दो बाइकों की टक्कर में दोनों बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को धौरहरा सीएससी भेजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दोपहर करीब एक बजे धौरहरा कस्बा के हाईवे स्थित विश्वनाथ फिलिंग स्टेशन सामने दो मोटर साइकिल आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गयी जिसमे आकाश40 निवासी रकेहटी को गंभीर चोट आई है और समसुददीन 45 व मतीन42 वर्ष निवासी ग्राम पंडित पुरवा धूसा का बाया पैर टूटा पाया गया और दूसरे घायल आकाश का दाहिना हाथ टूटने के चेहरे पर गंभीर चोटो आई इन तीनो को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा लाया गया है जहां डाक्टरों ने फास्ट्रेक ईलाज देकर तीनो को बेहतर ईलाज हेतु जिला चिकित्सालय ओयल लखीमपुर खीरी भेजा गया।

## बेरोजगार अभ्यर्थियों हेत रोजगार मेला का आयोजन

**भदोही** 02 दिसंबर 2024- जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, भदोही बेरोजगार अभ्यर्थियों हेतु दिनाक 04/12/2024 को प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेला का आयोजन श्री घनश्याम दूबे डिग्री कालेज सुरियांवा, भदोही, में किया जायेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को सेवायोजन पोर्टल (Rojgan sangam.up.gov.in) पर पजींयन करने के उपरान्त ऑनलाईन आवेदन भी करना अनिवार्य है। अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय अपने बायोडाटा के साथ समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं वोटर कार्ड तथा निवास प्रमाण-पत्र की छाया प्रति व एक फोटो साथ में अवश्य लावें। इस कार्य हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं हैं।

# सट्टा नीति के अनुसार छोटे किसानों को जारी हो रही गन्ना पर्ची, 52 प्रतिशत छोटे किसानों को जारी हो चुकी गन्ना पर्चियाँ।

**स्वतंत्र प्रभात**



**पीलीभीत।** जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव की अध्यक्षता में केन इंप्लीमेंटेशन कमेटी (सी.आई.सी.) की बैठक का आयोजन गन्ना भवन में किया गया, जिसमें जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि सट्टा नीति के अनुसार ही छोटे कृषकों को गन्ना पर्ची जारी हो रही हैं। जिले के 2,00,428 गन्ना कृषकों में से 71,677 छोटे किसान हैं, जिसमें 49036 के पास पेड़ी/शरदकालीन पौधा गन्ना उपलब्ध है। अब तक कुल 52 प्रतिशत (25,618) छोटे कृषकों को 74851 पर्चियाँ जारी हो चुकी हैं। बैठक में मौजूद गन्ना समिति के सचिवों को शत-प्रतिशत नये किसानो को कैलेंडरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव द्वारा बताया गया कि मिल गेट एवं वाह्य गन्ना क्रय केन्द्रो पर समानुपातिक गन्ना खरीद सुनिश्चित की जायेगी। सभी चीनी मिल गेट एवं वाह्य क्रय केन्द्रो पर तैनात 223 तौल लिपिकों का ऑनलाइन लाटरी से ट्रांसफर किया गया एवं सभी चीनी मिलों को निर्देशित किया गया कि सूची के अनुसार ही तौल लिपिक क्रय केन्द्र पर गन्ना तौल का कार्य करेंगे। सभी क्रय केन्द्रों के निरिक्षण के लिये टीमें गठित कर दी गयी है। सभी सचिव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, खांड़सारी निरीक्षक क्रय केन्द्रों का औचक निरिक्षण करेंगे। क्रय केन्द्र पर किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलने पर तत्काल टीम पहुंच कर जाँच करेंगी। यदि कोई अनियमितता मिलती है तो सम्बंधित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। जिले में अब तक अधिकारियों द्वारा कुल 96 निरीक्षण किये जा चुके हैं, जिसमें कोई अनियमितता नहीं पायी गयी। बैठक में दिग्विजय सिंह अध्यक्ष सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत द्वारा बताया गया कि क्रय केन्द्रों पर बिना पर्ची के कोई गन्ना ट्रॉली न खड़ी की जाये, जिससे यातायात में व्यवधान से बचा जा सके। क्रम से सभी के गन्ने की तौल की जाये। इसके लिए एक यार्ड रजिस्टर बनाया जाये। इसके अतिरिक्त बैठक में शरदकालीन गन्ना बुवाई, क्रय केंद्रों के निरीक्षण, फार्म मशीनरी बैंक की संचालन एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। बैठक मे राजेश सिंह अध्यक्ष बीसलपुर गन्ना समिति, सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सभी सचिव, खांड़सारी निरीक्षक, चीनी मिल पूरनपुर, बरखेड़ा, पीलीभीत, फरीदपुर, बीसलपुर, मकसूदापुर, एवं गुलरिया मिलों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# उपकार परंपरा की वाहक उपकार फाउंडेशन का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के माहौल में सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात**



**नई दिल्ली।** समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का सहारा उपकार फाउंडेशन (पंजी. )का शानदार वार्षिकोत्सव लाजपत भवन में हर्षोल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डी. आर. कार्तिकेन,आचार्य महामंडलेश्वर संत कमल किशोर जी महाराज, मालवीय नगर ब्रह्माकुमारी की डायरेक्टर बी. के. सुंदरी दीदी, नीरू दीदी, फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कर्नल मोनिल कुमार, डायरेक्टर वाई. एल. बांका के अलावा सरोज गुप्ता, अर्चना गुप्ता, विनोद खन्ना, मीता नारायण, वी. एस. गुप्ता, धर्मपाल अग्रवाल, अरुणा गुप्ता,अमिता खुल्लर, बल्लभ जोशी, जगविंदर सिंह, रामकुमार के अलावा सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर उपकार फाउंडेशन के फाउंडर चेयरपर्सन एवं डायरेक्टर महामंडलेश्वर डॉक्टर रेखा बांका जी महाराज द्वारा दीप प्रज्वलन के उपरांत मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए वार्षिक रिपोर्ट पेश की गई। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र के पांच ख्याति प्राप्त हस्तियों को लाइफ़ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किए गए।

जिसमें राजकुमारी ढींगरा, मीरा वोहरा, रूपलेखा कुकरेजा, आर. के. खेर, भीमसेन मुंजाल शामिल है। डॉ रेखा बांका एवं उनकी पूरी टीम द्वारा संस्था की सोवेनियर का भी लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चों को स्कॉलरशिप प्रदान किए गए। रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह को अपने कला प्रदर्शन से मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी जिसमें सभी उपस्थित जनों ने भाग लिया।

# चेकिंग के निर्देश पर प्रशिक्षण रत सीओ अजय कुमार यादव ने की चेकिंग

**स्वतंत्र प्रभात**



**बरेली/**क्यों लड़ियां थाने पर कार्यरत प्रभारी सीओ अजय कुमार यादव ने प्रशासन के निर्देशानुसार थाने की सीमाओं पर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके चलते संदिग्ध वाहनों को विशेष तौर पर चेक किया गया इसके लिए पुलिस ने पीलीभीत जनपद की सीमा थाना बरखेड़ा की सीमा पर बह रही देवहा नदी के पुल पर प्रभारी को गहन चेकिंग अभियान चलाया गया। क्योंकि इस मार्ग से बड़े वाहनों का आवा गमन जारी रहता है इसके चलते हाफिजगंज थाना क्षेत्र की सीमा फतेहगंज पुल पर भी चेकिंग की गई इसी तरह थाना भुता की सीमा पर भगवा बाजार नवाबगंज थाना क्षेत्र की सीमा पर वरखन चौराहे के पास वबूरी के पास पुलिस ने वाहनों को चेक किया ताकि किसी भी तरह की कोई भी वहांन अवैधानिक वस्तु लेकर सीमा में प्रवेश न कर सके इसके लिए प्रभारी सीओ ने साथ रहकर सभी स्थानों पर वाहनों को अपनी निगरानी में चेकिंग अभियान कार्यक्रम को संपन्न कराया।

इसमें सम्मिलित स्पेक्टर परमेश्वरी उपनिरीक्षक सुशील कुमार व अन्य पुलिस बल साथ में मौजूद था इस चेकिंग के दौरान वाहन चालक का ड्राइवरी लाइसेंस चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाए होना एवं वाहन के समस्त अभिलेख आदि का निरीक्षण किया गया और वाहन चालकों को बिना शराब पिए वाहन चलाने की चेतावनी दी गई ताकि किसी भी तरह की कोई घटना घटित ना हो सके इस तरह किए गए वाहन चेकिंग अभियान को देख कर अवैध कार्य करने वालों में दहशत उत्पन्न हो गई है यदि पकड़े गए तो दंडात्मक कार्यवाही झेलनी पड़ेगी।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन




**मनकापुर गोण्डा-** ग्राम सभा केशव नगर ग्रांट पश्चिमी अजय सिंह चौराहा पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य आयोजक अजय सिंह ने बताया कि इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्राम सभा के विभिन्न पुरवों से ग्रामवासियों ने प्रतिभाग किया। ग्रामवासियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण हुआ एवं उन्हें निःशुल्क दवाएँ वितरित की गयी। इस अवसर पर डॉक्टर एच आर कुरैशी, डॉक्टर शहजाद अली, डॉक्टर बाबूलाल,डॉक्टर राजीव कुमार, नर्स पूनम मौर्या, राजा सिंह, विक्रम सिंह,राम बहादुर पांडेय, जोखन राजभर,नन्हे राजभर, विक्की सिंह, हनुमान राजभर, गौतम जायसवाल, शकील अहमद,सनेही गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

## अमित पाठक बने देवीपाटन मंडल के नए डीआईजी,एपी सिंह का तबादला

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोंडा।** देवीपाटन मंडल गोंडा के पुलिस उपमहानिरीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह का तबादला कर दिया गया है। 2007 बैच के आईपीएस अमित पाठक पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र बनाए गए गए हैं। नवागत उपमहानिरीक्षक आईपीएस अमित पाठक उन्नाव के मूल निवासी हैं। इनकी पत्नी नीलम अग्रवाल आईआरएस अधिकारी हैं। प्रदेश के गाजियाबाद, मुरादाबाद,आगरा व वाराणसी समेत 8 जिलों मे अमित पाठक बतौर कप्तान रहे हैं। वह एसटीएफ में भी पांच साल बतौर एसएसपी रहे हैं। वर्ष 2016 में यूपी के बिजनौर में हुए सबसे चर्चित हत्याकांड एनआईए के डीएसपी तंजील अहमद और उनके पत्नी के मर्डरकेस का खुलासा कर सुर्खियों में रह चुके हैं।

उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के मूल निवासी 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी अमित पाठक का नाम तेजतर्रार आईपीएस अफसरों में शुमार है। उन्नाव में 22 जनवरी 1979 को जन्मे अमित पाठक केमेस्ट्री से एमएससी हैं। यूजीसी नेट क्वालीफाई कर वह कानपुर विश्वविद्यालय में ऑर्गेनिक केमेस्ट्री के लेक्चरर नियुक्त हुए थे। वर्ष 2007 में आईपीएस में चयनित होने के बाद बेहतर पुलिसिंग के कारण हमेशा सुर्खियों में रहे। एसटीएफ में एसपी रहते हुए इन्होंने कई सनसनीखेज का खुलासा किया। पेट्रोल पंपों पर घटतौली और चिप के मामले का भी उन्होंने खुलासा किया था। इसके अलावा सोशल मीडिया के 3700 करोड़ घोटाले में आरोपियों को गिरफ्तार कर 650 करोड़ बरामद किया था। जो अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी मानी जा रही है। अब इनको देवीपाटन मंडल का डीआईजी बनाया गया है।

## स्कूल बस पर पेड़ गिरने से चालक घायल




**लखीमपुर खीरी।** निघासन थाना क्षेत्र में सुबह एक स्कूल बस पर जामुन का विशालकाय पेड़ गिर गया। इससे बस चालक घायल हो गया। बस में सवार तीन बच्चे थे गनीमत रही कि उन्हें चोट नहीं आई। हादसे से बच्चे सहम गए थे। घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बताते चलें एडमाउंटेन पब्लिक स्कूल पलिया की बस निघासन कस्बे और आसपास के बच्चों को लेने आ रही थी। सड़क पर चलती बस पर अचानक बौद्धिया कलां क्रशर के पास जामुन का पेड़ गिर गया, जिससे बस क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बस चालक प्रमोद कुमार निवासी सिसैया घायल हो गया। बस में बम्हनपुर के तीन बच्चे भावना, युवराज और आराध्या सवार थे। गनीमत रही कि तीनों को चोट नहीं आई।

# स्व. श्री हंसराम जमुना देवी मेमोरियल जनपदीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**● जनपद स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में पूरनपुर ने मारी बाजी बना विजेता, सीतापुर उपविजेता**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी,** दिनांक 01 दिसम्बर, 2024 को श्री इंटरनेशनल स्कूल सैदापुर सढौना द्वारा स्व. श्री हंसराम जमुना देवी मेमोरियल जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन श्री इंटरनेशनल स्कूल सैदापुर सढौना में किया गया। प्रतियोगिता का संयोजन संतोष कुमार वर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा के जिला महामंत्री आशू मिश्र, युवराज दत्त महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य देवकीनंदन मालपानी और प्रमुख समाजसेवी राजेश दीक्षित द्वारा किया गया। प्रतियोगिता मे 16 टीमो ने प्रतिभाग किया उनके मध्य नॉक आउट मैच खेले गए। प्रतियोगिता में भीरा ,पूरनपुर, सीतापुर, तंबौर, रायपुर, खीरी खानपुर, शाहजहांपुर, मोहम्मदी, लखीमपुर आदि टीमों ने प्रतिभाग किया।

पहला सेमीफाइनल मैच बरबर व सीतापुर और दूसरा पूरनपुर व भीरा के बीच खेला गया। फाइनल मैच सीतापुर और पूरनपुर के बीच खेला गया। जिसमें पूरनपुर बाजी मारकर विजेता बना और सीतापुर उपविजेता। विजेता टीम को 8800 का नगद पुरस्कार, चैंपियन ट्रॉफी प्रदान की गई, उपविजेता टीम को 4400 रुपए नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और टी शर्ट प्रदान की गयी। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक योगेश वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर उनका सम्मान किया।इस अवसर पर विधायक योगेश वर्मा ने कहा खेल समग्र व्यक्तित्व का निर्माण करता है और जीवन को बेहतर तरीके से जीना सिखाता है। ऐसी गतिविधियों में शामिल होने से खिलाड़ियों के जीवन में अच्छे मूल्य, नैतिकता और कौशल का विकास होता है। व्यक्ति जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखना शुरू कर देता है और अपने जीवन में आने वाली बाधाओं से आसानी से निपट सकता है।

रेफरी की भूमिका का निर्वहन इरफान मलिक और अनिल वर्मा ने निभाया। कार्यक्रम में आशीष प्रताप श्रीवास्तव, सुमित वर्मा, सुनील आर्यन, मनोज शुक्ला, हरिओम अवस्थी, राजेश तिवारी, राजेंद्र तिवारी, प्रशांत दीक्षित, रविंद्र सिंह, रणजीत यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी फूलचंद, दिलीप मिश्रा आरिफ मोहम्मद अनूप वर्मा, दारा सिंह, दीपक सिंह, सुनील कुमार, रजनीश वर्मा, विवेक पटेल दानवीर परशुराम धर्मेश बंसवार, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटी एसयूवी, बाल बाल बचा चालक

**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) के प्रशासनिक भवन के निकट ट्रैवल कंपनी की एक एसयूवी अनियंत्रित होकर अचानक सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि उसमें सवार चालक बाल बाल बच गया। घटना के बाद परिसर में अफरा तफरी का माहौल हो गया। कार चालक शहनवाज कार से एडमिन ब्लॉक की तरफ जा रहा था तभी अचानक सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभे से उसकी कार टकरा गई और सड़क पर पलट गई। मौके पर मौजूद लोगों ने चालक को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में कार चालक को कोई गंभीर चोट नहीं लगी। आरपीएफ चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर अरविंद ने बताया कि वाहन चालक के अनुसार उसकी कार बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई। चालक पूरी तरह सुरक्षित है।

## स्वच्छता अभियान पर खुलेआम लगाया जा रहा पलीता।

**स्वतंत्र प्रभात**




**लखीमपुर खीरी** की अनेक ब्लॉक में ग्राम पंचायत में तैनात स्वच्छता कर्मचारी ब्लॉकों के ऑफिस में बैठकर कागजों के साथ कर रहे हैं अपने ड्यूटी डीपी आर ओ की मिली भगत से सफाई कर्मचारी नदारत आखिर जिलाधिकारी महोदय से क्यों नहीं संभाली जा रही जिले की कमान सफाई कर्मियों पर अंकुश लगाने में जिलाधिकारी सहित मुख्य विकास अधिकारी भी हो रहे नाकाम आखिर ग्राम पंचायत में हुई गंदगी व नालियों की कौन करें सफाई आखिर किसने दिया या अधिकार की सफाई कर्मी सरकारी दफ्तरों में काट रहे मौज क्या इसकी अनुमति जिला अधिकारी ने दिया या फिर मुख्य विकास अधिकारी ने दिया या फिर देखा जाए कि डीपीआरओ ने दिया। खुलेआम सरकार के पैसों की हो रही भ्रष्टाचारी जिस पर खीरी जिलाधिकारी महोदय के साथ-साथ मुख्य विकास अधिकारी भी लगाम लगाने में नाकाम। ग्राम पंचायत में फैली भारी संख्या में गंदगी को तैनात सफाई कर्मी नहीं कर रहे सफाई आखिर किस चीज का वेतन ले रहे सफाई कर्मी क्यों नहीं ध्यान दे रहे मुख्य विकास अधिकारी व जिलाधिकारी। ग्राम पंचायत में फैली गंदगी की वजह से फैल रही अनेक प्रकार की बीमारियां लेकिन फिर भी योगी जी के स्वच्छता अभियान को जिलाधिकारी के साथ-साथ मुख्य विकास अधिकारी डीपीआरओ लगा रहे खुलेआम पलीता भ्रष्ट कर्मचारियों पर कार्रवाई करने में नाकाम जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी।

## पुरनपुर बिकास खंड ग्राम पंचायत राजपुर सिमरा सामुदायिक शौचालय न खुलने को लेकर ग्राम पंचायत परेशान




**स्वतंत्र प्रभात**

**पुरनपुर** लाखों खर्च, सामुदायिक शौचालय पर लटक रहा ताला, जिम्मेदार बेखबर शासन का मकसद था शौचालय बनेंगे तो जिनके पास सुविधा नहीं है, वह लोग इनका कर सकेंगे उपयोग इसके लिए भारी भरकम धनराशि खर्च कर शौचालयों का कराया गया था निर्माण कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत करने के बावजूद भी महीनों से नहीं खुला सामुदायिक शौचालय- ग्रामीण लोग खुले में शौच जाने को विवश हैं। जंगल पास के लोगों को बारिश में बाहर जाना वन जीवो का बना रहता है खतरा वहीं, ग्राम प्रधान, जिम्मेदार अधिकारी गांवों को जाना और जन सुविधाओं व समस्याओं को जानना नहीं समझते उचित सामुदायिक शौचालय बना होने के बावजूद महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग खुले में शौच जाने को है। मजबूर लैहारी गांव में हो रहे कूड़ेदान के निर्माण में लगाई जा रही पीला ईट व घटिया सामग्री- ग्रामीण पूरनपुर विकासखंड क्षेत्र मैंनी गुलड़िया के मौजा लहरी गांव का पूरा मामला।

# बर्खास्तगी और निलबंन के बहाली को लेकर लेखपाल संघ ने दिया धरना

**स्वतंत्र प्रभात**



**सिद्धार्थनगर।** जिले में आठ लेखपालों के निलंबन और एक लेखपाल के बर्खास्तगी से नाराज जिले के लेखपालों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठे हुए हैं। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले धरनारत लेखपाल बर्खास्त और निलंबित लेखपालों के बहाली के साथ 9 सूत्रीय मांग को पूरा करने की मांग पर अड़े हुए हैं। इस मामले में सक्षम अधिकारियों से उनकी वार्ता भी हुई है लेकिन लिखित आश्वासन न मिलने की वजह से इनका धरना अनावरत जारी है।

जिले के लेखपालों की कार्यशैली से नाराज जिलाधिकारी ने पिछले दो महीना में लेखपालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की थी। जिलाधिकारी के कार्रवाई से नाराज़ लेखपालो ने 25 से 27 नवम्बर तक ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया था। लेकिन जब बात नही बनी तो लेखपालो ने पांचों तहसील मुख्यालयों पर 28,29 और 30 नवम्बर से धरना देना शुरू कर दिया और सोमवार को धरने को और बृहद करते हुए सभी लेखपाल कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठ गए। अपने मांगो को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के सिद्धार्थनगर जिले के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर यादव ने बताया कि पिछले कई महीनो से लेखपाल संघ 9 सूत्रीय माँगो को लेकर शासन से पत्राचार कर रहा था इस बीच जिले के 9 लेखपालों के विरुद्ध मनमाना रवैया अपनाते हुए जिला प्रशासन द्वारा निलंबन की कार्रवाई की गई। जिसकी वजह से उन्हें धरना देने के लिए विवश होना पड़ा। अपनी मांगों को लेकर जिले के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर यादव ने बताया कि भूमिहीन गरीब किसानों के पट्टे की भूमि को लेकर असंक्रमरिय भूमि को संक्रमणीय भूमि घोषित किए जाने का अधिकार उनसे छीन लिया गया है। साथ ही मृत्यु किसानों की विरासत खतौनी में दर्ज कर उनके वारिशन को निशुल्क खतौनी भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इसके अलावा वर्षो पूर्व मृतक लेखपालों के बकाया का भुगतान भी नहीं कराया जा रहा है इन सब बिंदुओं को लेकर वह धरना दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी माँगे और निलंबित लेखपालो की बहाली अगर नहीं की गई तो यह धरना मंडल स्तर और फिर प्रदेश स्तर पर किया जाएगा। इस दौरान आनंद गौतम जिला मंत्री, रमेश राठोर, नरेंद्र चौधरी, विनय पाण्डेय, भानु प्रताप, नवीन चौधरी, दीपक जायसवाल, आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण प्रेमी बच्चों ने स्कूल में पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** जनपद में पलिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बरेलीफ़ार्म एस एस बी कैम्प में स्थित केंद्रीय विद्यालय के छात्र दानियाल ख़ान ने अपना जन्मदिन स्कूल के अंदर आम का पौधा रोपकर मनाया और उन्होंने बताया कि पौधों से ही हमारा जीवन है बताते चलें संपूर्णानगर खीरी समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी डॉ आई ए ख़ान के पर्यावरण प्रेमी बच्चे मिस्बाह और दानियाल प्रत्येक वर्ष अपने जन्मदिन दिवस तथा पर्यावरण दिवस आदि ख़ास मौकों पर ज़्यादा से ज़्यादा पौधे लगाते हैं और लोगों को उपहार स्वरूप भेंट करते हैं प्रत्येक वर्ष अपने गुल्लक के पैसे लोगों की सेवा में लगाते हैं पिछले साल बच्चों ने अपने गुल्लक के पैसे से सभी धार्मिक स्थलों और सरकारी संस्थानों में पौधे लगाए एवं बाटे थे बच्चे मतदाताओं को जागरूक करने का भी काम करते हैं कोरोना काल के दौरान समाजसेवी बच्चों ने क्षेत्र में कोरंटीन लोगों को थाना संपूर्णानगर के माध्यम से कई कुन्तल संतरे बाटे थे। केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों ने दानियाल के कार्य की प्रसंशा की और पेड़ पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला इस मौक़े पर प्रभारी प्राचार्य राजेन्द्र कुमार, स्मृति गुप्ता, नीलिमा ठाकुर, शुभम सिंह, दीप्ती बंसल, विकेश तिवारी, तारा द्विवेदी, आकाश कालरा, अक्षय, जिंदल, प्रगति राणा, प्रिया प्रसाद, प्रगति सिंह, शिवम् गंगवार, अवधेश कुमार, रंजना आदि लोग मौजूद रहे।

# योगी जी के शासन में शिव मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा। जिलाधिकारी भी मौन।




**लखीमपुर खीरी** तहसील निघासन के बम्हनपुर चौराहे पर गाटा संख्या 118 की भूमि जो कि श्री शंकर भगवान के नाम दर्ज खतौनी हैं भू माफियाओं ने दबंगई के बल पर शिव मंदिर की भूमि पर जबरदस्ती कब्जा कर अपने अपने मकान बना रखे हैं। जबकि जिन लोगों का शिव मंदिर की भूमि पर है कब्जा उन सभी के पुस्तैनी मकान गांव के अंदर बने हुए हैं। आखिर योगी जी के शासन में भी मंदिरों की भूमि पर अवैध कब्जा। बड़ी विडंबना की बात है। आखिर कब चलेगा बाबा का बुलडोजर शिव मंदिर की भूमि पर जबरदस्ती अवैध कब्जा करने वालों पर। देखा जाए तो बम्हनपुर चौराहे पर सबसे ज्यादा बनी अवैध बिल्डिंगे लेकिन उन पर कार्यवाही करने में नाकाम शासन सत्ता में बैठे लोग व अधिकारी कर्मचारी। आखिर किसकी सह पर बम्हनपुर चौराहे पर स्थित शिव मंदिर की भूमि पर हुआ अवैध कब्जा। कौन खाली कराएगा शिव मंदिर की भूमि से कब्जा। तेज तर्रार इमानदारी से जाने जाने वाली जिलाधिकारी महोदया आखिर शिव मंदिर की भूमि खाली करा पाएगी या यूंही करते रहेंगे शिव मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जिलाधिकारी ने 50 सैय्यायुक्त नेत्र चिकित्सालय को जाने वाले सम्पर्क मार्ग का किया निरीक्षण



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने 50 सैय्यायुक्त नेत्र चिकित्सालय रमईपट्टी को जाने वाले सम्पर्क मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पार्किंग स्थल के बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य पूर्ण कराने तथा अस्पताल को जाने वाले सम्पर्क मार्गो के चैड़ीकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कराए जा रहे कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यदि कार्य की गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, अधिशासी अभियन्ता आवास विकास, सहायक अभियन्ता, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, एस0डी0ओ0 बी0एस0एन0एल0 उपस्थित रहें।

### विशाल जनसभा हेतु चलाया जन जागरण अभियान



**जनजागरण रैली निकालते बांग्लादेश अल्पसंख्यक सुरक्षा मोर्चा**

**अलीगढ़।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और निर्मम हत्याओं के विरोध में बांग्लादेश अल्पसंख्यक सुरक्षा मंच हरिगढ़ महानगर के बैनर तले तीन दिसंबर को होने वाली विशाल जनसभा में पहुंचने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है जबकि इसी क्रम में विगत शाम कार्यकर्ताओं ने फूल चौराहा, रेलवे रोड, मामू भांजा, बस स्टैंड, पड़ाव दुबे चौराहा पर लोगों से संपर्क किया और अगले दिवस भी ये अभियान चलाया जाएगा।इस दौरान बाजारों में जन जागरण अभियान के दौरान सभी से तीन दिसंबर को गांधी पार्क बस स्टैंड पहुंचने की अपील की गई। इस दौरान अपना विरोध दर्ज करते हुए राम अवतार शर्मा ने बताया यह निर्मम हत्या का क्रम चल रहा है वह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा क्योंकि आज हिंदू एकजुट हो चुका है और इसका जीता जागता उदाहरण तीन दिसंबर को गांधी पार्क बस स्टैंड पर देखने को मिलेगा। इस जनसंपर्क अभियान में राम अवतार शर्मा( आरडीएक्स), अजय गुप्ता, अशोक पाण्डेय, राहुल चेतन, वरुण कुमार, पृथ्वी वार्ष्णेय और चंद्रशेखर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### संभल की घटना को लेकर एकतरफा कार्रवाई से पनपा आक्रोश




**प्रदर्शन करते एएमयू के छात्र**

**अलीगढ़।** एएमयू में संभल की घटना को लेकर छात्रों में आक्रोश व्याप्त नजर आ रहा है अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों के द्वारा देश के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें छात्रों द्वारा मांग की गई है कि लंबे समय से देश में अराजकता का माहौल पैदा करने का काम किया जा रहा है। जो एक्ट पुराना बना हुआ है । उसको भी कुचलने का काम इंसानियत के दुश्मनों के द्वारा किया जा रहा है। यही कारण है संभल में जो घटना हुई है जिन लोगों की मौत संभल में हुई है । उसको लेकर देश भर में आक्रोश व्यवस्था है जल्द ही संभल की घटना को लेकर आरोपियों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो देश में अशांति पैदा हो सकती है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों के द्वारा राष्ट्रपति के मांग नाम ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल पूरे मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। जिससे देश में शांति का माहौल पैदा हो सके। वहीं छात्रों का कहना है जिस तरह से देश के संविधान में पुरानी इमारत को सहेज कर रखने का कानून बनाया गया है, लेकिन मोजूदा हालातो में ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला है। हर रोज तरह तरह के दावे सामने आ रहे हैं। जिसको लेकर कुछ लोगों के द्वारा देश में अशांति पैदा करने का सुनिश्चित तरीके से डोंग रचा जा रहा है। जिसको लेकर मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों के द्वारा आक्रोश व्याप्त करते हुए तत्काल पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट से भी स्वतं संज्ञान लेने की मांग की है।

# पढ़ाई के साथ-साथ के खेलकूद भी जरूरी-संजय सिंह

**● वार्षिक खेलकूद समारोह में भदोही पहुंचे कुश्ती संघ के अध्यक्ष**

स्वतंत्र प्रभात




**भदोही।** ऊंज क्षेत्र के मंगापट्टी में स्थित मनवासा विद्या पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह उर्फ़ बबलू सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद विद्यालय के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि समेत अन्य सभी अतिथियो का विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रकाश सिंह ने स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मनित किया। वार्षिक खेल में मुख्य अतिथि ने कबड्डी खेल का उद्घाटन किया और सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने आईटीआई के छात्रों को टैबलट का भी वितरण किया। कार्यक्रम में बच्चों के कार्यक्रम में लोगों का मन मोहा इस दौरान तमाम प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया तथा बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल हमारे जीवन में बहुत आवश्यक है। मन में बच्चे अगर ठान ले तो ऐसा कुछ नहीं है जिसको पूरा नहीं कर सकते है लेकिन इसके लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है। यदि लक्ष्य के अलावा केवल दाहिने बाएं घूमते रहेंगे तो लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाएंगे। कहा कि सर्वप्रथम तो अपना एक लक्ष्य निर्धारित करें। अभिभावकों से भी कहा कि बच्चे की रुचि किस क्षेत्र में हो इस क्षेत्र में उसको आगे बढ़ने में सहयोग करें। यदि अभिभावक और बच्चे किसी लक्ष्य को ठान ले तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। कहा कि बच्चे की जिस क्षेत्र में रुची है उसे उधर उसको जाने दें, क्योंकि अगर बच्चा ठान ले तो ऐसा कुछ भी संभव नहीं है जो ना हो पाए। संजय सिंह ने कहा कि वाराणसी में कुश्ती मैंने शुरू कराई जहां कई लड़कियां इंटरनेशनल खिलाडी बन चुकी है। पढ़ाई के साथ साथ खेल भी बहुत जरूरी है। कहा कि भदोही में बच्चों के लिए एक स्पोर्ट अकादमी के लिए प्रयास किया जाये जो मदद होगी पूरा सहयोग किया जायेगा। संजय सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए अपने समय की यादों को भी साझा किया। कार्यक्रम में ज्ञानपुर विधायक विपुल दूबे ने कहा कि प्रबंधक शिव प्रकाश सिंह के तपस्या और मेहनत के बल पर विद्यालय संचलित हो रहा है, इस विद्यालय के बच्चे देश में जनपद का नाम रोशन कर रहे है, यदि जिले में नेशनल स्तर का स्टेडियम बन जाये तो यहां के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को और नई दिशा मिलती है। डीघ ब्लॉक के त्रिस्तरीय संचालन समिति के अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की शिक्षा देना एक मिशाल है, कहा कि जिस तरह काम कर रहे है ऐसे ही करते रहे। पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिनेश सिंह ने भी लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में इस तरह के शिक्षा का केंद्र अपने आप में एक अलख जगा रहा है, किसी भी शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े, इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिले। इस तरह का प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों का विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रकाश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक विपुल दूबे, मनोज मिश्रा, दिनेश सिंह, महेंद्र सिंह, योगेंद्र त्रिपाठी, मिठाई लाल बिन्द, राम कृष्ण मिश्रा, दीपक तिवारी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रोफेसर माधवी शुक्ला बनीं राजकीय महाविद्यालय चुनार की प्राचाय



स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर ।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर में सोमवार को नवनियुक्त प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला का स्वागत एवं सम्मान महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्राचार्य का वाचिक स्वागत समारोहक डॉ चन्दन साहू ने किया। अपनी प्राथमिकताओं की चर्चा करते हुए नवनियुक्त प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है। नियमित रूप से कक्षाएं चलाना, महाविद्यालय में अनुशासन बनाये रखना एवं शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ राम निहोर, डॉ कुसुम लता, डॉ सूबेदार यादव, डॉ संकठा प्रसाद सोनकर, डॉ शेफालिका राय, डॉ दीपक कुमार सिंह एवं श्री कमलेश शुक्ल ने अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सह-समारोहक डॉ दीप नारायण एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ भास्कर द्विवेदी, डॉ मनोज कुमार प्रजापति,डॉ राजेन्द्र कुमार, डॉ मोहम्मद वकार रजा, डॉ नलिनी सिंह, डॉ गुरु प्रसाद सिंह, डॉ शैलेन्द्र कुमार, डॉ शिव कुमार, डॉ मंजुला शुक्ला, डॉ रीता मिश्रा, डॉ शिखा तिवारी, डॉ विद्या सिंह, धर्म चंद्र,रितेश केसरी, धर्मेन्द्र सिंह, रामकेश सोनकर, जय प्रकाश सिंह,पारस नाथ सिंह, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत भदोही पुलिस द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

स्वतंत्र प्रभात



कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अंतर्गत डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में आज दिनांक-02.12.2024 को थाना ज्ञानपुर एंटीरोमियो टीम द्वारा समई भटानी, थाना गोपीगंज एंटीरोमियो टीम द्वारा डेनिव पब्लिक स्कूल फूलबाग गोपीगंज व सीएचसी गोपीगंज, थाना कोईरौना एंटी रोमियो टीम द्वारा सीतामढ़ी मंदिर, थाना भदोही एंटी रोमियो टीम द्वारा रजपुरा,थाना सुरियावां एंटी रोमियो टीम द्वारा सुरियावां बाजार, थाना ऊंज एंटी रोमियो टीम द्वारा हरिहरपुरसानी तथा थाना औराई एंटी रोमियो टीम द्वारा महराजगंज व चकभौरा में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

# विकास खण्ड स्तरीय रबी गोष्ठी/किसान मेला का विधायक नगर ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** विकास खण्ड स्तरीय रबी गोष्ठी दिनांक 02 दिसम्बर 2024 से प्रारम्भ होकर 13 दिसम्बर 2024 तक आयोजित की जायेगी। जिसके क्रम में आज दिनांक 02.12.2024 को प्रातः 11.00 बजे से विकास खण्ड स्तरीय रबी कृषि गोष्ठी/किसान मेला विकास खण्ड छानबे के ग्राम-खम्हरिया कला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मा0 नगर विधायक श्री रत्नाकर मिश्र जी द्वारा दीप प्रज्जवलन करके किया गया। मा0 नगर विधायक द्वारा उपस्थित कृषकों को सम्बोधित करते बताया गया कि आज के परिवेश में गेहूँ के अलावा मोटे अनाज यथा- रागी, सांवा, कोदो, बाजरा, ज्वार आदि का प्रयोग भी अपने जीवन में करना चाहिए। जिससे जीवन स्वस्थ रहता है। किसानों को ज्वार, बाजरा, सांवा कोदो, रागी की खेती में वृद्धि करें जिससे उनकी आमदनी दूनी हो सके। जिला कृषि अधिकारी, डा0 अवधेश कुमार यादव द्वारा विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा यह भी बताया गया कि पहले विकास खण्ड स्तरीय गोष्ठी विकास खण्ड परिसर में होती थी जिससे दूरस्थ किसान पहुंच नही पाते थे इसलिए इस वर्ष रबी 2024-25 में विकास खण्ड स्तरीय गोष्ठी विकास खण्डों के ग्रामों में आयोजित करायी जा रही है। जिससे अधिक से अधिक किसान भाई गोष्ठी में पहुंच कर लाभ प्राप्त करें। कृषि कल्याण मंत्रालय भारत सरकार से आये डा0 एस0एन0 सिंह द्वारा उपस्थित कृषकों को रबी में बोयी जाने वाली फसलों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उनमें लगने वाले कीटों के उपचार के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। डा0 सुधीर श्रीवास्त, जनपद सलाहकार द्वारा उपस्थित कृषकों जैविक खेती व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी कि कैसे वह प्राकृतिक/जैविक खेती अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते है। कार्यक्रम का संचालन पंकज मिश्रा, व0प्रा0सहा0 ग्रुप-बी द्वारा किया गया। आयोजित रबी गोष्ठी में कृषि, पशुपालन व अन्य विभागों द्वारा अपने स्टाल लगाये गये। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### ग्राम सभा सुरसी के दर्जनों प्राचीन मंदिरों पर लगाया गया लाईट



**सीखड़, मीरजापुर।** विकास खंड सीखड क्षेत्र के निवासी प्रदीप कुमार शर्मा के पिता घनश्याम विश्वकर्मा द्वारा ग्राम सभा सुरसी के प्राचीन हनुमान जी मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर सुरसी बाजार प्राचीन शंकर जी मंदिर राजभर बस्ती, प्राचीन जौहरी माता मंदिर हरिजन बस्ती,अहिरा बीर बाबा मंदिर, हनुमान जी मंदिर राजभर बस्ती, चौरा माता मंदिर, डीह बाबा हथेरा बीर मंदिर, आदि मंदिरों पर आने वाले भक्तों को पूजा पाठ करने मे परेशानी ना हो और मंदिरों पर प्रकाश रहे जिससे देर साम भी भक्त को पाठ करने मे समस्या का समना ना करना पढे आराम से पूजा पाठ कर दर्शन कर मत्था चेक आशीर्वाद प्राप्त कर सके।

# कक्षा 9 से 12 तक के 10 विद्यालयों के विद्यार्थी वैज्ञानिक शोध प्रयोगशाला का करेंगे भ्रमण

स्वतंत्र प्रभात




**मीरजापुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता मे संचालित जिला विज्ञान क्लब मिर्ज़ापुर के द्वारा विज्ञान लोकप्रिय करण एवं संचार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के 10 विद्यालयों के 100छात्र वैज्ञानिक शोध प्रयोगशाला /औ द्योगिक संस्थान इंटर नेशनल राइस रीसर्च इंस्टिट्यूट साउथ एशिया रिजनल सेंटर वाराणसी मे विजिट 5दिस्म्ब र को कराया जायेगा।। इस आशय की सूचना देते हुए सुशील कुमार पाण्डेय जिला समन्वयक जिलाविज्ञान क्लब ने बताया कि विद्यार्थियों के दैनिक जीवन मे वैज्ञानिक सोच ,कार्य व्यवहार को बढ़ावा देने,विद्यार्थियो के मस्तिष्क मे उतपन्न होने वाले कौतुहल प्रश्नों एवं प्रयोगो का समाधान करने के उद्देश्य से वैज्ञानिक संस्थानों का भ्रमण कराया जाता है।

इन वैज्ञानिक संस्थानों मे कार्यरत वैज्ञानिक एवं तकनिकी विद के साथ विद्यार्थियों का संवाद स्थापित कराया जाता है और उनके वैज्ञानिक कार्य कलापो के साथ साथ तकनीकी के विकास के निर्माण आदि से जुड़ी प्रक्रियाओ से परिचित कराया जाता है। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा एक फीड बैक लिया जायेगा तथा इसी मे सीखे एवं देखे गये शोध से एक प्रश्नोत्री प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी ।जिससे यह पता चल पायेगा की बच्चों ने इस भ्रमण के दौरान क्या क्या सिखा। वैज्ञानिक संस्थान मे दो वैज्ञानिको द्वारा व्याख्यान भी आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम मे प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया जायेगा।

### 06 दिसम्बर को होगा पूरे चुनाव प्राचार के दौरान व्यय की गयी धनराशि के लेखे को दाखिल करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण

**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जारी अपने एक आदेश के तहत 397-मझवाँ विधानसभा उप-निर्वाचन 2024 में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों का पूरे चुनाव प्राचार के दौरान व्यय की गयी धनराशि के लेखे को दाखिल करने की प्रक्रिया (एक दिवसीय फैसिलिटेशन कार्यक्रम) पर एक प्रशिक्षण दिनांक 06.12.2024 को कार्यालय कोषागार मीरजापुर में स्थित मुख्य कोषाधिकारी कक्ष में दोपहर 12.00 बजे से आयोजित किया गया है। 397-मझवाँ विधानसभा उप-निर्वाचन 2024 में निर्वाचन लड़ने वाले समस्त प्रत्याशियों को निर्देशित किया जाता है, कि ससमय निर्धारित स्थान पर पहुँचकर प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करें।

# अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क दुर्घटना में पांच घायल

स्वतंत्र प्रभात




**शाहगंज, जौनपुर।** क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए पुरुष चिकित्सालय लाया गया। जिसमें तीन की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शनिवार की रात करीब 8 बजे क्षेत्र के भरौली मोड़ के समीप दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में बाइक सवार बेलाल (36) पुत्र ताजुद्दीन उसका साथी अनिल (24) पुत्र राम मूरत निवासी सबरहद व दूसरी बाइक पर सवार सूरज (25) पुत्र कपिलदेव, आशुतोष (25) पुत्र मुनिराम निवासी डिडोहा जनपद बस्ती घायल हो गए। दूसरी घटना रविवार की सुबह करीब 10 बजे नगर के हुसैनगंज मोहल्ला के मुख्य मार्ग स्थित यूनियन बैंक के समीप ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार अमानत (24) पुत्र अकबर अली निवासी मुहल्ला एराकियाना गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को उपचार के पुरुष चिकित्सालय लाया गया। जहां अमानत, अनिल व बेलाल की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# हिंदुत्व एकता की प्रतीक साध्वी सरस्वती और नूपुर शर्मा की मुलाकात

**● हिंदुत्व के लिए एकता और भावी रणनीतियों पर चर्चा का संकेत**

स्वतंत्र प्रभात



**दिल्ली-** विहिप नेता पूज्य साध्वी सरस्वती और नूपुर शर्मा की मुलाकात में हिंदुत्व और उसके आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता पर चर्चा अहम रही। अगर यह मुलाकात दिल्ली में महान व्यक्तित्व वाले वीर सावरकर की तस्वीर के सामने हुई तो इसका प्रतीकात्मक महत्व भी बढ़ जाता है। महान क्रांतिकारी वीर सावरकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी और हिंदुत्व की विचारधारा के प्रमुख स्तंभों में से एक थे। उनकी तस्वीर के सामने शपथ लेने का मतलब यह हो सकता है कि इन नेताओं ने अपने सिद्धांतों और विचारधारा के प्रति अटूट समर्पण दिखाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह मुलाकात हिंदुत्व के लिए एकता और भावी रणनीतियों पर चर्चा का संकेत हो सकती है। साध्वी सरस्वती विश्व हिंदू परिषद (विहिप) से जुड़ी एक प्रमुख हिंदुत्व नेता हैं। वह संगठन के अभियानों और विचारधारा को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाती हैं। साध्वी सरस्वती मुख्य रूप से अपने मजबूत और स्पष्ट हिंदुत्व वक्तव्यों के लिए जानी जाती हैं और विभिन्न मंचों पर वीएचपी के उद्देश्यों का समर्थन करती हैं। वे एक प्रभावशाली वक्ता और सनातन धर्म के प्रति समर्पित व्यक्ति के रूप में जानी जाती हैं, जो युवा पीढ़ी को हिंदुत्व के प्रति जागरूक करने का काम करती हैं।

### कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की सुनी समस्याएं



**मीरजापुर ।** जन समस्याओं को अधिक से अधिक निस्तारण व फरियादियों को न्याय दिलाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में आए हुए फरियादियो की जन समस्याओं को सुनने के दौरान निर्देशित किया कि सभी अधिकारी आने वाले जनता की समस्याओं को सुनकर, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीड़ितो की समस्याओं को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि इनकी समस्याओं को सुनते हुये तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करायें। यदि आवश्यकता हो तो मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण भी करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, डिप्टी कलेक्टर सौम्या मिश्रा, हेमंत मिश्रा उपस्थित रहें।

# भाकियू की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन जनपद मिर्जापुर के कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी जी के अध्यक्षता में उनके निज निवास स्थान ग्राम देवरिया ,अदलहाट, मिर्जापुर में संपन्न हुई जिसका संचालन जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह ने किया जिसमें निम्न वत समस्याओं पर चर्चा कर मांग हुई।

1. चुनार का पोस्टमार्टम हाउस (चीरघर) सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिला मिर्जापुर में स्थानांतरित हो रहा है, भारतीय किसान यूनियन इसका पुरजोर विरोध करता है पोस्टमार्टम हाउस को यथावत चुनार में ही रखा जाए।
2. डीएपी यूरिया जनपद के सभी सहकारी समितियो पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाए क्यों कि इस समय गेहूं के बुवाई तेज गति से किसान कर रहा है खाद का अभाव नहीं होने पाए।
3. जनपद में पारदर्शी तरीके से धान खरीद कराया जाए किसानों का शोषण किसी प्रकार से नहीं होना चाहिए।
4. गंगा नदी में चुनार डगमगपुर के बीच में पंप कैनाल लगाकर जरगो बांध को भरने से किसानों को हमेशा पानी मिलता रहेगा, सुखा से राहत मिलेगा, और जलस्तर भी ऊंचा रहेगा।
5. रवी की सिंचाई होने से पहले जनपद के सभी नहरो की सफाई हेड से टेल तक कराई जाए।
6. 11 दिसंबर 2024को जनपद बस्ती के मुंडेरवा में किसान महापंचायत व शहीदों के बरसी पर शहीद मेले में जनपद मिर्जापुर से किसान भी भाग लेंगे।

इस बैठक में प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह किसान, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह,जिला उपाध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह, पूर्वांचल सदस्य रामसूरत सिंह, तहसील अध्यक्ष रामवृक्ष सिंह, चूल्हन बिंद ब्लॉक उपाध्यक्ष, भोलानाथ गिरी प्रचार मंत्री, राजेश बिंद ग्राम इकाई अध्यक्ष, मुशई बाबा,अजीत कुमार शर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### चलती कार में लगी आग, बाल-बाल बचे चालक और सवार



**बरही–** बरही रेलवे ओवर ब्रिज पर रविवार को एक चलती चार पहिया वाहन (कार) में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। यह घटना उस समय हुई जब कार बरही से चौपारण की ओर जा रही थी। कार में मौजूद चालक और यात्री आग लगने की आहट सुनते ही सतर्क हो गए और समय रहते वाहन से बाहर निकल गए। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन प्राथमिक जांच में शंका जताई जा रही है कि यह आग शॉट सर्किट के कारण लगी होगी। घटना के दौरान आग इतनी तेजी से फैली कि वाहन के अंदर सवार लोगों को वाहन छोड़कर अपनी जान बचाने के लिए तुरंत बाहर कूदना पड़ा। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर रवाना हुई। हालांकि, जब तक फायर ब्रिगेड का वाहन वहां पहुंचा, तब तक आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन पूरी तरह से जलकर राख हो गया।

### दिव्यांग बच्चों की सुविधा के लिए रोटरी क्लब भुरकुंडा ने पैराडाइज पब्लिक स्कूल को दिया व्हीलचेयर



**भुरकुंडा–** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने दिव्यांग बच्चों की सुविधा के लिए सोमवार को हेहल स्थित पैराडाइज पब्लिक स्कूल को व्हीलचेयर प्रदान कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया है। मौके पर विद्यालय को व्हीलचेयर प्रदान करते हुए क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्मा और सचिव रोटेरियन रंजीत गुप्ता ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को बस से आने के बाद स्कूल जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बच्चों को बस से उतरने के बाद स्कूल जाने में सुविधा मिल सके इसी उद्देश्य से रोटरी क्लब ने विद्यालय को व्हीलचेयर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि पैराडाइज पब्लिक स्कूल हेहेल के छात्र दिव्यांग हार्दिक पांडेय, रौनक खान, रहमानिया खान आदि बच्चों के लिए यह व्हीलचेयर काफी लाभकारी सिद्ध होगा। मौके पर अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्मा, सचिव रोटरी रंजीत गुप्ता, अजय गोयल, डॉ. एनके सिंह, सुषमा शर्मा, रीना गुप्ता सहित विद्यालय के प्राचार्य मो. इकबाल जावेद और विद्यालय परिवार मौजूद थे।

### शहीद सैनिकों के परिवारों कल्याणार्थ अधिक से अधिक धनराशि करें दान:डीएम



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी विशाख जी0 ने शहीदों के परिवारों की मदद के उद्देश्य से 07 दिसम्बर को मनाए जाने वाले सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर जनपदवासियों से अधिक से अधिक धन दान कर धनराशि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जमा कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि झण्डा दिवस पर जमा धनराशि भूतपूर्व एवं शहीद सैनिकों के परिवारों के कल्याण के लिये उपयोग की जाती है। डीएम ने जिले के सभी गणमान्य व्यक्तियों, उद्योगपतियों, अधिकारियों व जनसामान्य से अपील करते हुये कहा है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक दान करें ताकि इस कोष में अधिक से अधिक धनराशि जमा की जा सके।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी एवं सेवानिवृत्त विंग कमाण्डर जितेन्द्र कुमार चौहान ने अवगत कराया है कि देश की सुरक्षा के लिये हमारे सैनिक दिन-रात एक कर अपना कर्तव्य निभाते हैं, लेकिन कई बार देश की सुरक्षा में सैनिकों को अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ती है। ऐसे में इन सैनिकों के घरवालों के दर्द को समझ पाना बहुत कठिन होता है। उन्होंने बताया है कि शहीदों के परिवारों की मदद के उद्देश्य से हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाएगा, ताकि देश की सुरक्षा में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले शहीद सैनिकों के परिवारों की मदद की जा सके।

# सॉफ्टेक में डिजिटल शिक्षा आज की मांग विषय पर परिचर्चा आयोजित, 999 योजना की हुई शुरुआत

**● आधुनिकता के दौर में डिजिटल शिक्षा जरूरी नहीं मजबुरी है - निदेशक**



स्वतंत्र प्रभात

**बरही–** विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस पर हजारीबाग रोड स्थित यूनियन बैंक के उपरी तल्ले पर अवस्थित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन में डिजिटल शिक्षा अनिवार्य क्यों विषय पर परिचर्चा आयोजित किया गया। जिसमे केंद्र कर्मी सहित दर्जनों विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने कंप्यूटर ऊर्फ डिजिटल शिक्षा के महत्व पर परिचर्चा करते हुए इसे आज का लाइफलाइन बताया। केंद्र की छात्रा अमृता ने बताया कि वह समय दूर नही जब लोग गुड मॉर्निंग से गुड नाईट के कार्य डिजिटली करेंगे।अजमेरी ने कहा कि बाजार को काम हो यह घर का सभी जगह डिजिटल कार्य हो रहे है। नूपुर ने कहा कि आज ई बाजार और ई पेमेंट गेटवे काफी विकसित हो चुका है, ऐसे में डिजिटल शिक्षा के अभाव में हम साइबर ठग के शिकार हो रहे है। छात्र जय किशन से इसे अनिवार्य श्री बताते हुए सभी को सीखने की नसीहत दिया। अन्य दर्जनों विद्यार्थियों ने भी कंप्यूटर शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी इस अनिवार्य शिक्षा से वंचित होगा वह पढ़कर भी निरक्षर है। लैब प्रशिक्षक रोहित कुमार ने कहा कि कंप्यूटर हमारे जीवन का आधार बन चुका है. हर एक विद्यार्थी या व्यक्ति को डिजिटल शिक्षा लेना ही होगा। सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी ने बताया कि डिजिटल एजुकेशन किसी भी कार्य को पारदर्शी बनाता है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए डिजिटल शिक्षा का प्रसार अनिवार्य है। केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस प्रकार जीने के लिए सांस आवश्यक है, ठीक उसी प्रकार आधुनिक समय में डिजिटल ऊर्फ कंप्यूटर शिक्षा अनिवार्य है। अन्यथा लोगो को अपने काम के लिए दूसरे पर निर्भर रहना होगा, जिसमे ठगीपन की संभावनाएं बढ़ेंगी।उन्होंने कहा कि कम से कम लोगो को कंप्यूटर साक्षर होना अनिवार्य है। बच्चे हो या बूढ़े अथवा स्त्री या पुरुष सभी को डिजिटल साक्षर होना ही होगा। मौके पर निदेशक ने 999 योजना की शुरुआत किया। जिसके तहत कोई भी विद्यार्थी या व्यक्ति अथवा महिला मात्र 999 रुपए में कंप्यूटर का प्रशिक्षण ले सकते है। यह योजना सीमित समय और सीमित विद्यार्थी के लिए ही सीमित है। कार्यक्रम में नूपुर कुमारी, अजमेरी प्रवीण, साक्षी कुमारी, जयकिशन कुमार,इशरत प्रवीण, अमृता कुमारी, सिंधु कुमारी, मुस्कान कुणारी, पुष्पा कुमारी, स्वाति कुमारी, रुखसार प्रवीण, अंजली कुमारी, जुली कुमारी, मनीषा कुमारी, भोला कुमार, रोहित कुमार, रूमी कुमारी आदि दर्जनों छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग के शिष्ट मंडल ने नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद से की शिष्टाचार भेंट

**● यह विद्यालय न केवल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि उनमें नैतिकता और संस्कारों का भी विकास करता है - प्रदीप प्रसाद**



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग–** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मालवीय मार्ग हजारीबाग के शिष्ट मंडल ने सोमवार को क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता, प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा, समिति सदस्य शैलेश चंद्रवंशी, वरिष्ठ आचार्य शैलेंद्र कुमार सिंह एवं आचार्य अमरेंद्र कुमार आनंद उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक महोदय का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और शुभकामना संदेश भेंट कर अभिनंदन किया। उन्होंने माननीय विधायक के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य और जनहितकारी कार्यकाल की कामना की। शिष्ट मंडल ने क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय की ओर से निरंतर प्रयासों की जानकारी दी। इस दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने विद्यालय के प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय न केवल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि उनमें नैतिकता और संस्कारों का भी विकास करता है। विधायक महोदय ने विद्यालय के विकास और शिक्षा के प्रति अपने सकारात्मक दृष्टिकोण को साझा करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस सौहार्दपूर्ण भेंट के दौरान शिक्षा, समाज और संस्कृति के क्षेत्र में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। विद्यालय प्रबंधन ने विधायक महोदय से शिक्षा और विद्यालय के विकास के संबंध में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सुझाव भी साझा किए। शिष्टाचार भेंट के इस अवसर ने जनप्रतिनिधियों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल और सहयोग को और सुदृढ़ किया।

# विधायक प्रदीप प्रसाद स्वयं वाहन चलकर पहुंचे सब्जी मंडी किया औचक निरीक्षण, जनता की समस्याओं का किया समाधान

**●गाड़ियों को सही ढंग से पार्क करें और शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने में सहयोग करें - प्रदीप प्रसाद**

**मेरे दरवाजे हमेशा क्षेत्र की जनता के लिए खुले हैं और हर संभव प्रयास करूंगा कि हजारीबाग के विकास में किसी भी प्रकार की बाधा न आए - प्रदीप प्रसाद**



स्वतंत्र प्रभात

**हज़ारीबाग–** हजारीबाग से सदर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को सुबह गुरु गोबिंद सिंह रोड स्थित डैली मार्केट का औचक दौरा किया। उन्होंने स्वयं अपनी गाड़ी चलाकर सब्जी मंडी पहुंचे और निरीक्षण किया और सब्जी विक्रेताओं, किसानों और आम जनता से सीधे संवाद किया। मंडी पहुंचने पर किसानों और सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा नो-एंट्री नियमों और गलत पार्किंग के कारण उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। सब्जी की गाड़ियों को मंडी में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था, जिससे उनकी बिक्री बाधित हो रही थी। इतना ही नहीं, कई गाड़ियों का चालान भी काटा गया था, जिनकी राशि 3000 रु से 3500 रु तक थी। प्रदीप प्रसाद ने मौके पर पुलिस अधिकारियों से वार्ता की और तुरंत प्रभाव से किसानों के हित मे फैसला लेने का निर्देश दिया। किसानों और विक्रेताओं को मंडी तक अपनी गाड़ियां पहुंचाने में कोई परेशानी न हो। श्री प्रसाद ने मंडी में मौजूद आम जनता और विक्रेताओं से अपील की वे गाड़ियां सही तरीके से पार्क करें, ताकि यातायात बाधित न हो और सभी को समान रूप से सुविधाएं मिल सकें।विधायक श्री प्रसाद ने प्रशासन से आग्रह किया कि शहरी क्षेत्र में किसानों कि गाडियों के लिए कोई व्यवस्था किया जाए।नो-एंट्री का नियम लागू किया जाए, ताकि किसानों और सब्जी विक्रेताओं को समय पर मंडी पहुंचने में दिक्कत न हो।

**जनता ने जताया आभार**

सब्जी विक्रेताओं, किसानों और स्थानीय नागरिकों ने विधायक प्रदीप प्रसाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके इस त्वरित और प्रभावी कदम ने उनकी समस्याओं को तत्काल दूर किया है। प्रदीप प्रसाद का यह कदम उनके जनहितैषी दृष्टिकोण और स्थानीय समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। उनका यह प्रयास निश्चित रूप से क्षेत्र में व्यावसायिक और सामाजिक व्यवस्था को सुधारने में मील का पत्थर साबित होगा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की मैंने सोमवार को गुरु गोबिंद सिंह रोड स्थित डैली सब्जी मंडी का दौरा किया और वहां किसानों, सब्जी विक्रेताओं, वेंडरों और आम जनता की समस्याओं को समझा। मेरी प्राथमिकता है कि किसी भी व्यक्ति को अपने कार्य में अनावश्यक बाधाओं का सामना न करना पड़े। मंडी में नो-एंट्री और चालान जैसी समस्याओं ने किसानों और विक्रेताओं के लिए कठिनाई पैदा की थी। मैंने तुरंत पुलिस प्रशासन से चर्चा कर इन समस्याओं का समाधान करवाया और चालान रद्द कराए। इसके साथ ही, मैंने सुनिश्चित किया कि किसानों की गाड़ियों के प्रवेश के लिए तय समय निर्धारित किया जाए। मंडी का संचालन सुचारू रूप से हो सके। मैं आम जनता से भी अपील करता हूं कि गाड़ियों को सही ढंग से पार्क करें और शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने में सहयोग करें। हम सब मिलकर ही एक व्यवस्थित और सुलभ व्यवस्था बना सकते हैं। हमारा लक्ष्य है कि किसानों और व्यापारियों को हर संभव सहायता मिले और हजारीबाग क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हों। मेरे दरवाजे हमेशा क्षेत्र की जनता के लिए खुले हैं और मैं हर संभव प्रयास करूंगा कि हजारीबाग के विकास में किसी भी प्रकार की बाधा न आए।

# 5 दिसंबर को आरएनवाईएम कॉलेज बरही में मनाई जाएगी प्रख्यात समाजसेवी स्व. रामनारायण यादव की पुण्यतिथि

**●महाविद्यालय परिवार करेगा नवनिर्वाचित विधायक मनोज यादव का सम्मान समारोह**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही–** आरएनवाईएम कॉलेज, बरही में आगामी 5 दिसंबर को प्रख्यात समाजसेवी स्वर्गीय रामनारायण यादव की पुण्यतिथि महाविद्यालय प्रांगण में श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर बरही के नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव के सम्मान में एक विशेष समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विमल किशोर ने दी। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय रामनारायण यादव का जीवन समाजसेवा और सामाजिक विकास के लिए प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने समाज के लिए जो योगदान दिया, वह हमेशा याद किया जाएगा। डॉ. किशोर ने कहा कि पुण्यतिथि के इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार स्व. यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करेगा और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेगा। साथ ही, क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक मनोज यादव को सम्मानित कर उनके नए दायित्वों के प्रति शुभकामनाएं दी जाएगी। यह कार्यक्रम समाज में आपसी सहयोग, शिक्षा और विकास के संदेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय परिवार ने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, और क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# हेलमेट अनिवार्यता - एंजल्स हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल परिवार की अनुकरणीय पहल

**● हेलमेट पहनना जीवन रक्षक होने के साथ जिम्मेदार नागरिक होने का भी कराती है एहसास - निशा जायसवाल**



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग–** समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जीवन की रक्षा के लिए एंजल्स हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल परिवार ने एक सराहनीय कदम उठाया है। अब से हेलमेट के बिना स्कूल में प्रवेश पूरी तरह वर्जित होगा। यह पहल न केवल बच्चों और उनके अभिभावकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि समाज को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने का एक प्रयास भी है। अभिभावकों के लिए अनिवार्यता, स्कूल प्रबंधन ने यह सुनिश्चित किया है कि जो अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल लेकर आएं या उन्हें स्कूल से वापस लेकर जाएं, वे हेलमेट पहनकर ही आएं। कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए भी नियम लागू, सिर्फ अभिभावक ही नहीं, बल्कि स्कूल के सभी शिक्षक, कर्मचारी और अन्य स्टाफ सदस्यों के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। यह एक जिम्मेदारी और अनुशासन का संदेश देता है। बिना हेलमेट स्कूल में प्रवेश को सख्ती से रोका जाएगा। स्कूल परिसर के अंदर भी यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी नियमों का पालन हो। यह कदम एक दर्दनाक घटना के बाद उठाया गया है। बीते दिनों शंकरपुर क्षेत्र के पास हुई सड़क दुर्घटना में डीपीएस स्कूल के एक छात्र और उनकी माता का निधन हो गया था। यह घटना पूरे स्कूल परिवार के लिए गहरे दुख का कारण बनी। इसी ने स्कूल प्रबंधन को यह निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस पहल के बारे में स्कूल की प्रबंधक निशा जायसवाल ने कहा हमारा उद्देश्य केवल बच्चों को शिक्षा देना नहीं है, बल्कि उनके और उनके परिवार की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देना है। हेलमेट पहनने की आदत न केवल जीवन की रक्षा करती है, बल्कि यह जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर पहला कदम है। इस पहल के माध्यम से हम सड़क सुरक्षा के महत्व को हर व्यक्ति तक पहुंचाना चाहते हैं। यह पहल न केवल स्कूल परिसर तक सीमित है, बल्कि यह समाज में एक नई सोच को जन्म देने का प्रयास है। स्कूल परिवार का मानना है कि यदि हर कोई सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करे, तो दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। स्कूल प्रबंधन ने सभी अभिभावकों, छात्रों और कर्मचारियों से अपील की है कि वे इस नियम का पालन करें और दूसरों को भी सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करें। हमें विश्वास है कि इस कदम से न केवल बच्चों और अभिभावकों का जीवन सुरक्षित रहेगा, बल्कि यह पहल समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने में भी सफल होगी।

# समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने बिजली दर के बढोत्तरी के विरोध में जताया नाराजगी, की वापस लेने की मांग

**● झारखंड में बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव व्यावहारिक नहीं है, महंगी बिजली जनता कैसे वहन कर पायेगी - राकेश गुप्ता**



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग–** हजारीबाग के प्रसिद्ध समाजसेवी सह जनता दल युनाइटेड के वरीष्ठ नेता राकेश गुप्ता ने दिन सोमवार को अपने कालीबाड़ी स्थित आवासीय कार्यलय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड में बिजली दर के बढोत्तरी के विरोध में नाराजगी जताया। जदयू नेता राकेश गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड वर्ष 2025-26 के लिए बिजली दरों में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव पेश किया है। अगर यह प्रस्ताव लागू होता है तो शहरी के साथ ग्रामीण इलाकों के बिजली उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। राज्य में घरेलू बिजली दर वर्तमान में 6.85 रुपये प्रति यूनिट है जिसे बढ़ाकर 8.85 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव रखा गया है। इससे शहरी उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 2.00 रुपये अधिक देना होगा। वहीं ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए यह दर 6.30 रुपये प्रति यूनिट से बढ़ाकर 8.00 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया कि झारखंड में बिजली दर में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव प0र लोगों में काफी गुस्सा एवं नाराजगी है। झारखंड में बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव व्यावहारिक नहीं है। दूसरे राज्यों से तुलना करें तो गुजरात में प्रति व्यक्ति आय झारखंड से तीन गुना है और वहां बिजली की दर 250 यूनिट से अधिक खर्च होने पर 5 रुपये प्रति यूनिट है। झारखंड में इतनी महंगी बिजली जनता कैसे वहन कर पायेगी। यूपी में 500 यूनिट तक बिजली खर्च करने पर 6.5 रुपये और 600 यूनिट से अधिक खर्च होने पर 7 रुपये की टैरिफ है। इसलिए झारखंड सरकार को इस प्रस्ताव को वापस लेना चाहिए।

# सिक्स लेन सड़क निर्माण में अनियमितता का मामला पहुँचा दिल्ली, सांसद ने एनएचआई से की शिकायत

**● चौपारण से गोरहर तक वर्षो से सड़क निर्माण कार्य अधूरा**

**संवेदक की लापरवाही से सैकड़ो लोगों की गई जान - मनीष जायसवाल**



स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड–** हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने सोमवार को दिल्ली भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कार्यालय पहुँचकर अध्यक्ष संतोष कुमार यादव से मुलाकात की। सांसद ने चौपारण से गोरहर तक बन रहे सिक्सलेन सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य मे बरती जा रही अनियमितता से अवगत कराया। सांसद ने कहा कि विगत 6 वर्षो से निर्माण कार्य जारी है बावजूद अभी तक आधे से ज्यादा कार्य अधूरा है। चौपारण और बरकठा में फ्लाईओवर का अधूरा कार्य दुर्घटना का कारण बन रहा है। बरसात के दिनों में चौपारण के दुकानों व मकानों में पानी घुस जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य मे जहाँ तहाँ गड्ढे सड़क दुर्घटना का करना बना हुआ है। सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही के कारण इन 6 वर्षो में सैकड़ो लोगों की जान चली गई। कई वाहन छतिग्रस्त हुई है कितने लोग दुर्घटना में घायल हो गए है। बावजूद निर्माण कार्य मे शिथिलता बरती जा रही है। सांसद ने कहा कि स्थानीय स्तर पर संवेदक या राष्ट्रीय राजमार्ग के क्षेत्रीय अधिकारियो से कई बार शिकायत भी की गई लेकिन आश्वाशन के बावजूद कोई सुधार नही हुआ। मालूम हो कि बीते दिनों दिल्ली प्रवास के दौरान बरही विधायक मनोज यादव व बरकठा विधायक अमीत यादव ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से सिक्सलेन सड़क चौड़ीकरण की शिकायत की थी।

## 45 झारखंड बटालियन के तत्वाधान में संविधान प्रस्तावना शपथ समारोह आयोजित

स्वतंत्र प्रभात



**बरही–** 45 झारखंड बटालियन, कोडरमा हजारीबाग ग्रुप के तत्वाधान में संविधान की प्रस्तावना का शपथ समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विजय कुमार, सेना मेडल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. अजय कुमार रंजन ने एनसीसी कैडेट्स और महाविद्यालय के कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विमल किशोर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी कैडेट्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसमें महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और एनसीसी कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. अरुणा रानी, डॉ. संजय कुमार बरनवाल, डॉ. अजय रविदास, डॉ. गिरधारी यादव, डॉ. कुमारी सुषमा, प्रो. हीरामन साव, डॉ. बद्री साव, डॉ. नैयर इकबाल, डॉ. सरिता सिन्हा, प्रो. संजय बक्शी, डॉ. ए. सी. बसु, डॉ. अंजली कुसुम ओम, डॉ. संगीता चौधरी, डॉ. बी. डी. मोदी, डॉ. महेश यादव, प्रो. अब्बास, प्रो. तमन्ना परवीन, प्रो. बबिता और डॉ. सीमा सिन्हा शामिल हुए।गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों में दिनेश्वर प्रसाद यादव, हरेंद्र सिंह, दिनेश यादव, त्रिभुवन यादव, और निर्मला की उपस्थिति ने कार्यक्रम को मजबूती दी। एनसीसी कैडेट्स में सीनियर कैडेट किशोर कुमार दास, इरफान अंसारी, अनिल कुमार, रानी कुमारी, काजल, मनीषा, निशा, राजन, सन्नी, सुमित, रंजन, और रूबी ने विशेष रूप से योगदान दिया। यह कार्यक्रम देश के संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रतिभागियों ने इसे बेहद प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद बताया।

# पलामू पुलिस की बड़ी कार्रवाई - सुजीत सिन्हा गिरोह के छह अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद

स्वतंत्र प्रभात



**पलामू, झारखंड–** सुजीत सिन्हा गिरोह के छह अपराधियों को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने तीन देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा और तीन जिंदा गोली बरामद किया है. गिरफ्तारी के बाद आरोपियों ने एटीएस और पलामू पुलिस के समक्ष कई खुलासे किए हैं। इसकी पुष्टि पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने की है। गिरफ्तार आरोपियों में पलामू के शाहपुर निवासी अशफाक खान, पांकी के खपरमंडा निवासी कुश कुमार यादव , पांकी के चापी का रहने वाला दीपक भुईयां, सतबरवा के पोची निवासी गुलशन कुमार, चैनपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला आशिफ अहमद और शाहपुर निवासी फरहान कुरैशी शामिल है। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पलामू के चैनपुर में पिछले दिनों एक माइंस क्षेत्र में फायरिंग हुई थी. घटना के बाद स्पेशल टीम ने छापेमारी कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है और हथियार बरामद किया है। एसपी ने बताया कि कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा के नाम पर कई लोगों से रंगदारी की मांग की गई थी, जिसके बाद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. कुछ दिनों पहले छत्तरपुर के इलाके से भी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दीपक भुईयां जेजेएमपी का कमांडर रह चुका है. हाल के दिनों में वह सुजीत सिन्हा से जुड़ा था। एसपी ने बताया कि पुलिस को गिरोह से जुड़ी कई अहम जानकारी मिली है. जिसके आधार पर पुलिस और एटीएस छापेमारी कर रही है। पलामू के कई इलाकों में सुजीत सिन्हा और दीपक सिंह के नाम से रंगदारी मांगी गई थी। छापेमारी में इंस्पेक्टर जीतराम महली, सब इंस्पेक्टर श्रीराम शर्मा, सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, अनिल विद्यार्थी, राजकुमार मेहता समेत कई पुलिस अधिकारी शामिल थे।

# राजनीति में खोखले विमर्श के दिन खत्म




महाराष्ट्र के चुनाव परिणाम मतदाताओं की राजनीतिक कुशाग्रता की बेहतरीन अभिव्यक्ति हैं। मनगढ़ंत विमर्श के जरिए जनता का भरोसा जीतने की सियासी कोशिश भले ही कुछ समय के लिए राजनीति में करंट पैदा कर दे, लेकिन उससे न तो देश का भला और न ही ऐसा करने वाले राजनीतिक दलों का उद्धार होगा। इस चुनाव में प्रदेश की जनता ने एक बार पुनः महायुति गठबंधन (एनडीए) को सेवा का अवसर प्रदान किया है। ओडिशा और हरियाणा के बाद महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों ने पूरे देश को एक नया विश्वास दिया है, इस चुनाव परिणाम ने पीएम मोदी के पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस के मंत्र पर मुहर लगायी है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 के बाद ही यह मान बैठी थी कि अब अगले सभी विधानसभा चुनाव में उसकी जीत तय है। विपक्ष जहां अति आत्मविश्वास में घिरा रहा वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर पर काम करती रही। अमित शाह पर्दे के पीछे रहकर खुद इस चुनाव की कमान संभालते रहे। जो सीट जितनी मुश्किल थी, वहां उतने ही बड़े नेता को जिम्मेदारी देकर जीत सुनिश्चित करने का टास्क दिया गया। विधानसभा सीटों के सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जिन कमजोर सीटों की पहचान की गई उन सीटों पर माइक्रो मैनेजमेंट के विशेष रणनीति अपनाई गई। जून महीने के शुरुआती सर्वे में बीजेपी की जीत के लिहाज से जो 80 कमजोर सीटें सामने आई, उन सभी सीटों के हर बूथ पर पार्टी ने बीजेपी के लिए 100 अतिरिक्त वोट जुटाने का लक्ष्य रखा और इस रणनीति को लागू करने के लिए बीजेपी के दमदार कार्यकर्ताओं को काम सौंपा गया।

सीएम के बावजूद फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पद स्वीकार कर पार्टी और महाराष्ट्र के लिए जमीनी स्तर पर काम किया, भाजपा ने जहां माइक्रो मैनेजमेंट के जरिए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से लेकर प्रदेश स्तर के नेताओं को एकजुट रखा वहीं अति आत्मविश्वास से लबरेज कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार पर इस कदर निर्भर रही कि पार्टी के दूसरे नेता अपने-अपने गुट के नेताओं के लिए प्रचार करते नजर आए। पार्टी ने दर्जन भर सीटों पर अपने बागियों से बात करना तक मुनासिब नहीं समझा। चुनावी नतीजे से पहले ही मुख्यमंत्री बनाने में जुटी कांग्रेस के सामने अब ईवीएम का रोना रोने का अवसर भी नहीं है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में महाविकास आघाड़ी के साथ 17 में 13 सीट जीतकर ओवर कॉन्फिडेंस में रही। यूबीटी के नेता संजय राउत जहां अनर्गल बयानबाजी करते रहे वहीं भाजपा ने भूपेंद्र यादव को चुनाव से काफी पहले सक्रिय किया। महाराष्ट्र में एनडीए एवं बीजेपी से देवेंद्र फडणवीस जैसे नेताओं की विश्वसनीयता भी काम आयी, यहां भी पार्टी ने हरियाणा और ओडिशा की तरह दिग्गज नेताओं को जमीन पर कार्यकर्ताओं के बीच, बूथ स्तर पर अहम जिम्मेदारी दी। ओडिशा में जिस तरह धर्मेंद्र प्रधान ने काफी समय से एक-एक विधानसभा पर संगठन को खड़ा किया वहीं हरियाणा और महाराष्ट्र में भी यह फार्मूला काम आया। खास बात यह है कि इन राज्यों में विपक्ष के पास जो बड़े चेहरे थे वह बयानबाजी में आगे रहे, फिर चाहे वह हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा, रणदीप सुरजेवाला, ओडिशा में नवीन पटनायक मीडिया में गढ़ी गई अपनी छवि से बाहर नहीं निकल पाए।

विपक्ष का यही हाल महाराष्ट्र में हुआ, जहां शरद पवार, उद्धव ठाकरे भाजपा और हिंदुत्व पर हमलावर हो गए। महाराष्ट्र चुनाव इसलिए भी याद किए जाएंगे क्योंकि काफी समय बाद दोनों दलों के दिग्गज नेताओं के बजाय चुनावी जंग उनके राजनीतिक दलों के बीच थी। इस चुनाव में भाजपा किसी भी चेहरे के साथ आगे नहीं बढ़ी बल्कि सामूहिक नेतृत्व से कांग्रेस की रणनीतियों को पस्त किया। पिछले पांच साल में महाभारत की रणभूमि रहे हरियाणा और फिर महाराष्ट्र में कभी संविधान को खतरे में बताया गया तो कभी झूठ की प्रयोगशाला स्थापित करने की नाकाम कोशिश हुई। हरियाणा चुनाव में विपक्ष के नैरेटिव को ध्वस्त करने में अहम रोल रहा। बीजेपी के बड़े ओबीसी फेस प्रधान सांगठनिक कौशल और माइक्रो मैनेजमेंट से ओडिशा में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के साथ हरियाणा की ऐतिहासिक जीत पार्टी को दिलाने में अहम भूमिका निभाई। हरियाणा की ऐतिहासिक जीत ने अन्य राज्यों में बीजेपी की जीत का रास्ता प्रशस्त कर दिया, हरियाणा चुनाव नतीजों ने विशेषज्ञों को चौंकाया। चुनावी जनादेश यह बताने के लिए पर्याप्त है कि इस जीत के असल वाहक किसान, युवा और महिलाएं रही हैं। 2014 में प्रधानमंत्री के रूप में संट्रेल हॉल में प्रवेश करते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था उनकी सरकार किसान, गरीब, महिलाओं और युवाओं की सरकार है। पीएम मोदी के लिए यह सिर्फ भाषण के शब्द नहीं थे, पिछले दस वर्ष के कार्यकाल में केंद्र और राज्यों की भाजपा सरकारों के प्रत्येक निर्णय में यह परिलक्षित हुआ है। किसान सम्मान निधि, विभिन्न फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य से लेकर केंद्रीय व राज्य की किसान हितैषी योजनाएं किसानों के जीवन स्तर में गुणवत्ता का कारण बनीं हैं। ऐसे में किसानों के नाम पर राजनीतिक फसल काटने की कोशिश करते हुए कांग्रेस ने न सिर्फ नकारात्मक छवि बनाई बल्कि किसानों की आय बढ़ाने का वह कोई विकल्प भी पेश नहीं कर सकी।

मौजूदा कांग्रेस न तो जमीन पर नजर आती है और न ही जनता के बीच। उसके मुद्दे जनता के जनसरोकार के बजाय कुछ खास तबके तक सिमटे नजर आते हैं। इस तरह के सियासी शॉर्टकट से भले ही उसे छोटी-मोटी सफलताएं मिल जाए लेकिन दीर्घकालिक रूप से उसे हमेशा मुंह की खानी पड़ेगी। देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने न सिर्फ संवैधानिक संस्थाओं के विरुद्ध अभियान चलाया बल्कि देश के लिए गर्व पहलवान और एथलीट को भी राजनीति का मोहरा बनाया है। देश के एथलीट जब अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं तो वह किसी दल नहीं देश के अभिमान होते हैं। भारत के ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को किस तरह विपक्ष ने राजनीतिक हित साधने के लिए इस्तेमाल किया, यह किसी से छिपा नहीं है। अंतत~हरियाणा और फिर महाराष्ट्र की जनता ने जनादेश से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक प्रतिबद्धता पर मुहर लगाते हुए खोखले विमर्श स्थापित कर जनता को भ्रमित करने वालों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकारों के द्वारा लागू की जी रही जनकल्याणकारी नीतियां एक नया वोट बैंक विकसित कर रही हैं। योजनाओं के हितग्राहियों की शक्ल में मौजूद यह वोट बैंक जाति, मजहब, पंथ और क्षेत्र की राजनीति से ऊपर है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान जैसी योजनाओं के साथ भाजपा शासित राज्यों की विकासपरक नीतियों पर सवार यह वोटर अपने जीवन स्तर में गुणवत्ता को देख रहा है। अपने स्वयं और समाज के जीवन में आए परिवर्तन के आधार पर मतदान कर रहा है। कांग्रेस जहां जाति जरिया बनाकर समाज को बांटते हुए सत्ता की सोशल इंजीनियरिंग करने में मदमस्त है वहीं भाजपा सांस्कृति राष्ट्रवाद, अंत्योदय, देश की एकता और अखंडता से लेकर लोककल्याण के मंत्र पर विकास का सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी मॉडल खड़ा कर रही है। भारतीय जनता पार्टी को मिलने वाली चुनावी राजनीतिक सफलताओं के पीछे किसी एक रणनीति को श्रेय देना जनादेश की सीमित व्याख्या होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में प्रतिबद्धता और कथनी-करनी में एकरुपता का एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिससे पार्ट टाइम पॉलिटिक्स करने वाले दलों और नेताओं को अब पुनर्मूल्यांकन करना होगा। देश की बागडोर तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ सौंपने से लेकर हरियाणा और उसके बाद महाराष्ट्र का जनादेश भरोसे की राजनीति की प्रमाणिक अभिव्यक्ति है।

# संपादकीय

## मोहन की भागवत का नया अध्याय 'बच्चे बढ़ाओ '



वेदव्यास की श्रीमद् भागवत कथा में 18 हजार श्लोक, 335 अध्याय व 12 स्कंध हैं, लेकिन आरएसएस के डॉ मोहन भागवत की कथा में न श्लोकों की संख्या तय है और न अध्यायों की और न स्कन्धों की। ये लगातार घटते-बढ़ते रहते हैं। डॉ मोहन भागवत की भगवत कथा भारतीय संविधान की तरह लचीली है। डॉ भगवत ने अपनी भागवत में एक नया अध्याय जोड़ा है 'तीन बच्चे पैदा करो 'का । अब उनके इस नए अध्याय से पूरा देश आल्हादित भी है और चिंतित भी।

संघ प्रमुख कहने को पशु चिकित्स्क हैं किन्तु वे मानवता से ओतप्रोत हैं। उन्हें पशुओं से ज्यादा मनुष्यों की फ़िक्र रहती है । आजकल उन्हें बहुसंख्यक हिन्दू समाज के अल्पसंख्यक होने की चिंता सता रही है इसीलिए उन्होंने देश की जनता से आव्हान किया है कि हर कोई कम से कम 3 बच्चे तो पैदा करें ही , अन्यथा उनका वजूद मिट जाएगा। डॉ भागवत को शायद पता नहीं है कि आजकल बच्चे पैदा करना तो दूर शादी करना भी कठिन हो गया है । देश में बच्चों से ज्यादा बेरोजगारों की सख्या बढ़ रही है और बरोजगारों की शादी आसानी से नहीं होती। ये बेरोजगार तीन बच्चे पैदा करने के राष्ट्रयज्ञ में कैसे शामिल हो सकते हैं ?

गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम चरित मानस में लिखा है कि - 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे अचरहिं ते नर न घनेरे। 'डॉ भागवत इन्हीं घनेरे नरों में से एक हैं। डॉ भागवत को नहीं पता कि शादी करना और विवाह करना कोई आसान काम नहीं है। यदि होता तो वे खुद शादी न कर लिए होते। उनके मित्र प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी ने तो शादी की भी लेकिन भाग खड़े हुए । वे तीन क्या, एक बच्चा भी इस देश को नहीं दे पाए। समाज की संरचना में इस लिहाज से डॉ भागवत और डॉ मोदी जी का कोई योगदान नहीं है। इसलिए उन्हें ये कहने का भी अधिकार नहीं है कि लोग तीन बच्चे पैदा करें। इस देश को 'हम दो, हमारे दो 'का नारा देने वाली देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने शादी भी की और दो बच्चे भी देश सेवा के लिए दिए। यानि भागवत और मोदी के मुकाबले इंदिरा गाँधी का योगदान ज्यादा महत्वपूर्ण है।


सवाल ये है कि डॉ भागवत को आबादी बढ़ने की सलाह देने की जरूरत आखिर पड़ी क्यों ? क्या डॉ भागवत समाजशास्त्री हैं ? क्या डॉ भागवत अर्थशास्त्री हैं ? नहीं हैं। वे पशु चिकित्स्क हैं। इसलिए उन्हें आबादी के बारे में बात करने की न पात्रता हासिल है और न किसी ने उन्हें ये अधिकार दिया है। देश की आबादी 2024 में 144 करोड़ थी, जो भविष्य में घटना नहीं है, भले ही देश की प्रजनन दर घटकर 2 प्रतिशत ही क्यों न हो जाये। आबादी बढ़ाने की फ़िक्र उन देशों की हो सकती है जिन देशों में लगातार आबादी घट रही है । भारत तो जनसंख्या के मामले में विश्व चैम्पियन है। नंबर वन, यानि चीन से भी आगे। इस पर भी डॉ भागवत कह रहे हैं कि देश का काम केवल दो बच्चों से चलने वाला नहीं ही, कम से कम 3 बच्चे हर विवाहित जोड़े को पैदा करना चाहिए।

संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत लगता है अपने प्रधानमंत्री के हम उम्र प्रचारक तो हैं किन्तु हम ख्याल बिलकुल नहीं है। उन्हें माननीय प्रधानमंत्री जी की योजनाओं और चिंताओं का पता नहीं है, यदि पता होता तो वे आबादी बढ़ाने की बात ही न करते । शायद किसी ने डॉ भागवत को ये नहीं बताया कि इस देश में आज भी सरकार को 85 करोड़ लोगों को पेट भरने के लिए मुफ्त में अनाज देना पड़ रहा है। यानि इस आबादी के एक बड़े हिस्से के पास न दो जून की रोटी है, न रहने को घर, चिकित्सा, शिक्षा और दीगर सुविधाओं की तो बात ही दूर है। ऐसे में यदि लोगों ने आबादी बढ़ाना शरू कर दी तो ये मुफ्तखोरों की तादाद और नहीं बढ़ा देंगे !

देश को तीन बच्चे पैदा करने का 'गुरु मंत्र 'देने वाले डॉ भागवत को अपना समान्य ज्ञान बढ़ाना चाहिए, क्योंकि शायद वे नहीं जानते कि दुनिया की कुल आबादी का कोई 18 फीसदी हिस्सा तो अकेले भारत के पास है। डॉ भागवत को पशु चिकत्सा शिक्षा के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ की वो रिपोर्ट नहीं पढ़ाई गयी होगी जिसके मुताबिक दुनिया में दुनिया के 1 अरब गरीबों में से 23 करोड़ से ज्यादा लोग अकेले भारत में रहते हैं। इनमें भी बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा यानि आधी है। डॉ भागवत को ये नहीं पता कि इस वर्ष की रिपोर्ट संघर्ष के बीच गरीबी पर केंद्रित है, क्योंकि 2023 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे अधिक संघर्ष हुए और युद्ध, आपदाओं और अन्य कारकों के कारण अब तक की सबसे अधिक संख्या यानी 11.7 करोड़ लोगों को अपने घरों को छोड़कर विस्थापित होना पड़ा। इनमें मणिपुर की विभीषिका में बेघर हुए लोग शामिल नहीं हैं। मुझे पता नहीं है कि डॉ भागवत ने आधुनिक जनसंख्या विज्ञान किस विश्व विद्यालय से पढ़ा है ? मोहन भागवत ने कहा, "आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज दुनिया से नष्ट हो जाता है जब कोई संकट नहीं होता है। इस तरह से कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए हैं. जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। " मै डॉ मोहन भागवत के ज्ञान को कोई चुनौती देना नहीं चाहता,मेरी हैसियत भी नहीं है चुनौती देने की । लेकिन एक बालक बुद्धि के हिसाब से मै भी एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की तरह जानना चाहता हूँ कि वह अधिक बच्चे पैदा करने वालों को क्या देंगे. क्या वह अधिक बच्चे पैदा करने वालों के बैंक खातों में 1500 रुपये देंगे ? क्या वह इसके लिए कोई योजना लाएंगे ? बहरहाल 3 बच्चे पैदा करने के मश्विरे के बारे में मै तो सोचने से रहा क्योंकि मेरे यहां तो फुलस्टाप लग चुका है, लेकिन जो अभी इस उद्यम में लगे हैं, वे सोचें ,समझें और खुद कोई निर्णय करे। डॉ भागवत की बातों में बिना समझे न आ जाएँ, अन्यथा उनका तीसरा बच्चा भी मुमकिन है उस कतार में बैठा हो जिसे पांच किलो मुफ्त का अनाज खाकर जीवित रहना पड़ता है।

**राकेश अचल**

# नई दिल्ली में 'शोर' पुरानी में सुकून




इन दिनों जब राजनैतिक शोरोगुल एवं उठापटक और तेज़-तर्रार बयानबाज़ी से देश की राजधानी नई दिल्ली में तनाव व टकराव का माहौल बन रहा है, बेहतर है कुछ सुकून के लिए हम अपने अतीत की गलियों में घूम आएं। दरअसल, हमारी केंद्रीय राजधानी की पुरानी दिल्ली, लुटियन-दिल्ली से भी व्यापक विरासत लिए हुए हैं। पुरानी-दिल्ली की हवेलियों की समृद्ध विरासत सम्भवत~लुटियन को भी विवश करती रही हैं कि उन्हें कम न आंका जाए। दरअसल मुगलिया-सल्तनत के साथ-साथ हमारी गंगा-जमुनी तहज़ीब की समृद्ध जीवनशैली उस काल-खण्ड की सुरूचिपूर्ण जीवनशैली की गवाही देती है। कभी तनाव भरी ज़िंदगी में राहत के चंद लम्हे तलाश करते करते हों तो इन हवेलियों में थोड़ा घूम आइए। अगर आप मुगल काल के दरबारियों या सम्पन्न लोगों की शानो-शौकत का करीब से दीदार करना चाहते हैं तो आपको दिल्ली के इन महलों और हवेलियों में घूमने ज़रूर जाना चाहिए। इन ऐतिहासिक भवनों की खास बात ये है कि बाहर से बंद और अंदर से खुले हुए हैं। इनमें बड़े-बड़े कमरे, खूबसूरत मेहराब, जालीदार झरोखे और हर हवेली के बीचों-बीच एक बड़ा चौक देखकर आप आसानी से तत्कालीन समय की कल्पना कर सकती हैं। इनमें से कुछ भवनों में शादी के मौकों पर बारात के लिए मेजबानी भी दी जाती है। अगर आपकी इतिहास में रुचि है तो आपको इन भवनों में कम से कम एक बार घूमने जरूर जाना चाहिए। इनकी छतों को विशेष तरीके से बनाया गया है ताकि गर्मियों में इनमें ठंडक बनी रहे। यहां जाने पर आपको तहखाने भी देखने चाहिए जिनके बारे में कई तरह के किस्से-कहानियां प्रचलित हैं। तो आइए जानते हैं अपने समय में चर्चित रहे इन महलों और हवेलियों के बारे में- लोधी काल में बने इस भवन का नाम 'जहाज महल' पड़ने की पीछे एक दिलचस्प कहानी है। महरौली के 'हौज-ए-शम्सी' (पानी के टैंक) के किनारे ही स्थित है जहाज़ महल। बारिश के दिनों में हौज-ए-शम्सी के पानी में जब यह महल देखा जाता है तो ऐसा लगता है कि जैसे झील में कोई जहाज चल रहा हो। इस महल में बलुआ पत्थर के खंबों पर बने डिजाइन, छत पर अलग-अलग रंगों की टाइल्स और छतरियां देखकर आपको किसी और ही दुनिया में होने का अहसास होगा। यहां पर हर साल प्रसिद्ध 'फूलवालों की सैर' उत्सव का आयोजन भी होता है जिसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों ही बड़े श्रद्धाभाव से सम्मिलित होते हैं। इस मौके पर यहां ख्वाजा बख्तियार काकी की दरगाह और इसके पास ही स्थित योगमाया मंदिर में फूल चढ़ाए जाते हैं। यह विशेष पर्व दो सदी पूर्व आरंभ हुआ था, जब बेगम मुमताज महल अपनी मन्नत पूरी होने पर यहां की दरगाह में चादर चढ़ाने के लिए आई थीं।

यह इमारत मुगलों के आखिरी महलों में से एक है। 'जफर महल' को मुगल शासक अकबर शाह द्वितीय ने 19वीं सदी की शुरुआत में बनवाया था और यह महरौली में बनी सूफी संत कुतुबद्दीन बख्तियार काकी की दरगाह के नजदीक स्थित है। इसे बनवाए जाने के कुछ समय बाद ही आखिरी मुगल शासक बहादुरशाह जफर ने इसे दोबारा बनवाया था जिनका नाम भी इस महल के नाम के साथ जुड़ा है। महल के अहाते में संगमरमर की बनी भव्य मोती मस्जिद है और इसमें कई शाही कब्रें भी हैं। इनमें शाह आलम और शाह आलम द्वितीय जैसे मुगल शासकों की कब्र भी शामिल हैं। मगर बादशाह ज़फर को बड़े चाव से बनवाए इस महल में दो गज़ ज़मीन भी नसीब नहीं हो पाई। उन्हें रंगून में ही दफन होना पड़ा था। चांदनी चौक की पुरानी गलियों में फतेहपुरी मस्जिद से कुछ ही दूरी पर स्थित है जीनत महल जिसकी देखरेख पर लंबे वक्त तक ध्यान नहीं दिया गया। इतिहास बताता है कि यह महल को बहादुर शाह जफर ने खास तौर ने अपनी रानी जीनत महल के लिये बनवाया था। इसमें जटिल जालीदार काम आज भी देखा जा सकता है। कहा जाता है कि जब जीनत हुस्न की मलिका थीं और जब वह महल के भीतर दाखिल होती थीं, तब उनका स्वागत शहनाई की धुनों से किया जाता था। बहादुर शाह अपनी पत्नी जीनत से सबसे ज्यादा प्यार करते थे लेकिन जीनत की मौत के बाद उन्होंने यहां आना छोड़ दिया था। अगर आप भूत-प्रेतों के बारे में सुनकर रोमांचित होते हैं तो आपको यहां का तहखाना भी देखना चाहिए। अंग्रेजों के समय में इस तहखाने में कई लाशों को दफना दिया गया था जिसकी वजह से लोग मानते हैं कि यहां रूहों का साया है और रात में सिसकियों की आवाजें सुनाई देती हैं।

1806 में निर्मित बेगम समरू का महल अब भागीरथ पैलेस कहलाता है। किनारी बाज़ार की नौघरा हवेलियां भी विलक्षण हैं। 18वीं सदी की ये जैन-हवेलियां उस काल की निर्माण कला के संदर्भ याद करा देती है। शाहजहां के कोषाध्यक्ष की हवेली अब भी खज़ांची हवेली के नाम से चर्चा में है। इस हवेली से एक लम्बी सुरंग भी निकलती है, जो लाल किले में खुलती है। इसी श्रृंखला में कटरा नील की चुन्नामल हवेली व लाल कुआं बाज़ार स्थित ज़ीनत महल-हवेली भी चर्चा में बनी रही है। इसी बाज़ार के कूचा सैदुल्लाह खान में स्थित हवेली-नाहरवाली के नसीब उस दिन चर्चा में आई जब लगभग डेढ दशक पूर्व पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जनरल परवेज़ मुशर्रफ अपनी जड़ों की तलाश में यहां आए। इसी नाहरवाली हवेली में मुशर्रफ ने पहली बार इस दुनिया में आंख खोली थी। मुशर्रफ ने अपनी भारत-यात्रा के मध्य इस हवेली में जाने की विशेष इच्छा जताई थी। वह वहां उस बुज़ुर्ग औरत से भी मिले थे, जो उनके जन्म के समय घर में मौजूद थी। बाज़ार सीताराम स्थित हक्सर हवेली ने भी चांदनी-चौक में अपनी विशेष पहचान सन् 1916 में बनाई थी। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उस वर्ष यहीं कमला नेहरू के साथ विवाह किया था।

सर्वाधिक चर्चित रही गली कासिम जान में स्थित उर्दू के महान शायर मिर्जा गालिब की हवेली। इस हवेली में ही इस महान उर्दू शायर ने उर्दू साहित्य के इतिहास को एक ऐसा संकलन दिया जो 'दीवाने-गालिब' के नाम से पिछली लगभग डेढ शताब्दी से शायरी के दीवानों व शोधार्थियों के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। इस गली को 'गली-बल्लीमारान' के नाम से भी जाना जाता है। 19वीं शताब्दी के इस महान शायर की यह चर्चित हवेली अब पुरातत्व द्वारा संरक्षित क्षेत्र घोषित हो चुकी है। हवेली मुगल काल के उस स्वाभिमानी शायर की जीवनशैली का बयान है। इसकी दीवारों पर गालिब का एक विशाल 'पोट्रेट' चस्पां है। दीवारों पर उनके कुछ बेहद लोकप्रिय शेअर भी खुदे हैं। जब से दिल्ली सरकार ने इसे गालिब-स्मृति संग्रहालय का रूप दिया है, तब से इसकी हालत संवर गई है। अब तो हवेली में गालिब के बहाने से उनके समकालीनों उस्ताद ज़ौक, अबू जफर, मोमिन व मीर के 'पोट्रेट' भी लगा दिए गए हैं। 27 दिसम्बर, 2001 को दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने बहुचर्चित मूर्तिकार भगवान रामपुरे द्वारा निर्मित मिर्जा गालिब के एक बुत्त का भी अनावरण इसी हवेली में किया था। यह बुत्त कलाकार भगवान रामपुरे ने प्रख्यात शायर गुलज़ार के आग्रह पर बनाया था। हवेली में एक और विशाल पोर्ट्रेट भी लगा है जिसे देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ज़ाकिर हुसैन ने स्वयं बनवाया था। मिर्जा गालिब आगरा से आने के बाद इसी हवेली में रहने लगे थे। इसी हवेली में उन्होंने अपनी अधिकांश गजलें हस्तलिखित पांडुलिपियां, हवेली के संग्रहालय में संजोकर रखी गई हैं। जिन दिनों गालिब वहां रहते थे, हवेली का रखरखाव उस शान से नहीं हो पाता था जिनके वह काबिल थी। अब पुरातत्व विभाग वालों ने मशक्कत की है कि गालिब काल निर्माण कला, हवेली में बहाल हो। अब एक बार फिर से 'मुगल-लाखोरी' ईंटें व पत्थर लगवाए गए हैं ताकि गालिब को 19वीं सदी वाले दिन लौटाए जाएं।

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

**संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,**
**मो0: 7499472288**

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# देश ड्रग् के नशे न बन जाये उड़ता भारत

**नशा देश के लिए गंभीर चुनौती।**



**देश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन हुआ है। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। गुजरात, मुंबई और अन्य प्रदेशों नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं। वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है। साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नसे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है।**

**निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए। मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं। देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके, शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उग्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते । केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं । उससे ज्यादा दोषी नशीले पदार्थों के तस्करी करने वाले भी है, तस्कर समूह को चिन्हित कर उस पर बड़ी कार्रवाई करने की देश को गंभीर आवश्यकता है, देश में शराब जहां ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ी बुराई है उससे ग्रामीण आमजन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक नुकसान भी बहुत बड़ा होता है, इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में खासकर बड़े शहरों में सुखा नशा एक बडी सामाजिक बीमारी की तरह अत्यंत गंभीर चुनौती बन गई है, इसे रोकने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए तभी इस सामाजिक गंभीर समस्या पर कुछ राहत और निदान मिल सकता है।**

**संजीव ठाकुर**

## संक्षिप्त ख़बरें

### पत्रकार को मारने-पीटने के आरोप में तीन के खिलाफ दर्ज हुआ केस

**–एसपी ने दिया आदेश**

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के राम लक्षन चौराहे पर बीते 24 नवंबर को हुये मारपीट के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एक दैनिक अखबार के पत्रकार अरुण यादव की इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर मारपीट की घटना घटित हुई थी। इसके बाद पुलिस ने एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए पत्रकार व उसके भाइयों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया था। पीड़ित पत्रकार तहरीर लेकर थाने पहुंचा तो रुद्रपुर पुलिस ने उसे बैठा लिया और शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। सोमवार को पत्रकार अरुण यादव अपने साथी पत्रकारों को लेकर पुलिस अधीक्षक से मिले। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने रुद्रपुर कोतवाल को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। जिसके क्रम में पत्रकार की तहरीर पर रामलक्षन चौकी अंतर्गत सूरजपुर निवासी तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### फिट इंडिया थीम के अंतर्गत सलाद व फल सजावट प्रदर्शनी



**रुद्रपुर, देवरिया।** स्थानीय रामजी सहाय पी जी कॉलेज में फिट इंडिया थीम के अंतर्गत सोमवार को गृह विज्ञान विभाग के द्वारा सलाद व फल सजावट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य प्रो. बृजेश कुमार पांडेय ने किया। डॉ.पूनम मिश्रा ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्र- छात्राओं में स्वस्थ आहार आदतों का निर्माण करना है। जो कि अच्छे स्वास्थ्य के लिये बहुत आवश्यक है। अच्छी आहार आदतें शरीर में विभिन्न प्रकार के विटामिन्स की कमी को दूर कर शारीरिक स्वस्थता प्रदान करती है। इस प्रदर्शनी का अन्य उद्देश्य पौष्टिक आहार के बारे में जागरूक करवाना भी है। महिलाओं के साथ ही पुरुषों को भी अपने शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए संतुलित मात्रा में पोषक तत्वों की पूर्ति करनी चाहिए। इस प्रदर्शनी में बी ए प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं दीप्ति मल,संजू गुप्ता,पूजा यादव ने विभिन्न तरीकों से फ्रूट एवं सलाद की सजावट की।

### युवती संग दुराचार का असफल प्रयास

**खुटहन जौनपुर** –थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की रात घर के बरामदे में सो रही युवती संग गांव के ही एक युवक के द्वारा दुराचार के प्रयास किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवती के शोर मचाने पर आरोपित युवक भाग गया। युवती की माता ने थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। गांव निवासी युवती की माता का आरोप है कि सयानी हो चुकी बेटी घर के बरामदे में सो रही थी। शनिवार की आधी रात को गांव का ही युवक दबे कदमों से उसके बिस्तर पर पहुंच मुंह दबाकर दुराचार का प्रयास करने लगा। उसके चंगुल से किसी प्रकार से बचकर युवती ने शोर मचा दिया। मौके पर स्वजनों के पहुंचने तक आरोपित फरार हो गया। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है घटना की छानबीन कराई जा रही है।

### झपकी आ जाने से कार गिरी नहर में,चालक सुरक्षित




**खुटहन जौनपुर**– गोसाईपुर नहर पुलिया के पास शनिवार की रात एक कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। नहर में पानी न होने से चालक सुरक्षित बच गया। अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। बुलडोजर व ग्रामीणों की मदद से कार बाहर निकाला गया। चकबेसहूदास माफी गांव निवासी विनय कुमार गोसाईं के घर शादी की बारात आई थी। आधी रात को वे अपनी कार से किसी रिश्तेदार को शाहगंज रेलवे स्टेशन पर छोड़ वापस घर लौट रहे थे। उक्त पुलिया के पास झपकी आ जाने से कार अनियंत्रित होकर नहर में उतर गई। चालक विनय कार से नीचे कूद अपनी जान बचाने में कामयाब रहा। शोरगुल सुन मौके पर ?तमाम ग्रामीण जुट गए। दूसरे दिन बुलडोजर बुलाकर कार बाहर निकाला गया।

# मंदिर के अतिक्रमण की पैमाइश में फर्जीवाड़ा करने के मामले में जनसुनवाई में शिकायत

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला तहसील एवं थाना उरुवा बाजार अंतर्गत ग्राम धुरियापार निवासी राजेश कुमार पुत्र केशव प्रसाद जायसवाल ने अपने गांव में स्थित ऐतिहासिक चतुर्भुजी नाथ मंदिर की जमीन के अतिक्रमण की पैमाइश में फर्जीवाड़ा करने के मामले को लेकर जनसुनवाई पोर्टल पर संदर्भ संख्या 40018824048798 पर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। अपने प्रार्थना पत्र में राजेश कुमार ने लिखा है कि कानूनगो उरुवा रमेश कुमार पांडे, हल्का लेखपाल अमित शुक्ला ने अपने द्वारा तैयार किए गए स्पाट मेमो में ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों के आवेदन पर मंदिर की पैमाइश दिखाकर हस्ताक्षर कराया गया। परंतु दी गई रिपोर्ट में प्रॉपर्टी डीलर बिसमिल्लाह के आवेदन की जांच दिखाकर अवैध तरीके से मंदिर की जमीन से 12 फीट का रास्ता प्रॉपर्टी डीलर को दे दिया गया। राजेश कुमार ने गैर कानूनी तरीके से मंदिर की जमीन से प्रॉपर्टी डीलर को 12 फीट का रास्ता देने के मामले में कानून उरुवा रमेश कुमार पांडे, हल्का लेखपाल अमितशुक्ला, सेवानिवृत्त चैन मैन सुभाष सिंह, प्रॉपर्टी डीलर बिस्मिल्लाह एवं उनके सहयोगी उदयभान मिश्रा व इब्राहिम तथा मंदिर व सरकारी खाते की जमीन को अवैध तरीके से खरीदने व बेचने में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु जनसुनवाई पोर्टल पर प्रार्थनापत्र दिया है।

## भगवान सबके अंतःकरण में विराजमान- डॉ कौशलेश

**● गोला क्षेत्र के देवकली गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा**

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाजार गोरखपुर ।** ईश्वर आराधना ही भगवान तक पहुंचने की मार्ग हैं और ईश्वर को जानने के लिए ईश्वर में लीन होना बहुत जरूरी है। भगवान सभी के अंतःकरण में विद्यमान है। अगर कोई प्रतिक्षण ईश्वर को अपने अंतःकरण में महसूस करे तो कोई पाप होगा ही नहीं ।पाप तभी होता जब हम भूल जाते हैं परम पिता परमेश्वर के अधीन हैं और वह प्रतिक्षण हमारे कार्यों को देख रहा है। उक्त बातें गोला विकास खंड के देवकली गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा में व्यास पीठ से डॉ कौशलेश मिश्र ने उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कही।आगे उन्होंने कहा कि काम क्रोध मद लोभ मोह यह पांच व्यक्ति के व्यक्तित्व के शत्रु है।यह व्यक्ति के स्वाभाविक गुण नहीं है यह सभी मनुष्य के पतन के कारण हैं। इसके पूर्व मुख्य यजमान भान प्रताप दुबे द्वारा व्यास पीठ की आरती करके कथा का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर भगवान दास दुबे अनिल दुबे रवीन्द्र तिवारी दया शंकर दुबे कोमल दुबे चंद्र भूषण दुबे दुलारे यादव रवीन्द्र नाथ यादव करुणेश मिश्र प्रवीण दुबे दुर्गेश मिश्र दयानंद यादव विपिन दुबे आदित्य दुबे प्रशांत दुबे सहित अधिक संख्या में श्रोतागण उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

## गांव में मजनू की धुनाई, मौसा के घर शादी के बहाने पहुंचा प्रेमिका के घर

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर ।** ख़जनी थाना क्षेत्र के एक गांव मे मजनू की जम कर धुनाई हो गई , मजनू रविवार की रात अपनी प्रेमिका से मिलने उसके गांव पहुंचने का खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। प्रेमिका के परिजनों ने उसे देखते ही जमकर पीटाई कर प्रेम का भूत उतार दिया। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। सोमवार को ख़जनी थाना में घायल मजनू की डॉक्टरी परीक्षण हुआ । वही मजनू के सिर व चेहरे पर गम्भीर चोट है, आंख पर गम्भीर चोट आई है । मिली जानकारी के मुताबित ख़जनी क्षेत्र एक गांव में दीपक कुमार सिंह पुत्र मदन सिंह निवासी करहल थाना बांसगांव अपने मौसा के घर आता जाता था, उसी गांव में उसका प्रेम मौसा के गांव की लड़की से हो गया । सभांत परिवार में मजनू का बार बार दखल देना परिजन का को नागवार लगा, उसी गांव के निवासी साहब सिंह के लड़की का वैवाहिक कार्यक्रम 3 दिसम्बर को होना है, मटीमंगरा के दिन आशिक उसी गांव में शादी के बहाने पहुंच गया, आरोप है मनचला गांव में अपने प्रेमिका के घर पहुंच गया ,देर रात मजनू और प्रेमिका को देख परिजनों को शक हुई, मौके का नजरा देख लड़की के परिजनों ने पकड़ कर धनाई कर दी, मौके पर आशिक के प्रेम का भूत उतर गया, लेकिन उसको गम्भीर चोट आई है , सोमवार को देर शाम तक दोनों पक्ष थाना पहुंचा, लेकिन आशिक को चोट अधिक थी, जिसके वजह से पुलिस को डॉक्टरी परीक्षण करना पड़ा , फिरहाल सोमवार के देर शाम तक मुकदमा दर्ज नही हुआ था । वहीं घायल दीपक सिंह ने बताया प्रेम प्रपंच चल रहा था अब इस समय ब्रेक था, मैं मौसा के घर शादी में कपड़े की खरीदारी कर समान देने आया था मुझे गांव में पकड़ कर बांध कर मारे पिटे, हम बेहोस हो गए, किसी तरह मेरा जान बचा ।

## खजनी क्षेत्र में रहस्यमय हालात में महिला की मौत, पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर** – खजनी थाना क्षेत्र के बिसुनपुरा में एक महिला की रहस्यमय हालात की मौत होने का मामला सामने आया है. बताया गया रविवार को देर शाम महिला का अचेत हाल में कमरे में मिली ,बच्चो ने शोर किया तो परिजन आनन फानन में जिलाचिकित्सालय ले गए जहाँ चिकित्सक मृत घोषित कर दिए , किसी ने सोमवार को सुबह पुलिस को सूचित कर दिया मौके पर पुलिस जांच पड़ताल में लगी हई है ,फिरहाल मौत कैसे हुई क्यो हुई सवाल बना हुआ है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कुछ स्पस्ट होगा । मिली जानकारी के मुताबित ख़जनी थाना क्षेत्र बिसुनपुरा निवासी विवेकानन्द की पत्नी बबिता देवी उम्र 32 बर्ष रविवार को देर शाम अचेता हाल में देखा गया । परिजन आनन फानन में महिला को हॉस्पिटल ले गए ,जहाँ चिकित्सक मृत घोषित कर दिए , घटना की सूचना किसी ने सोमवार को सुबह खजनी पुलिस को दे दिया, मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज कर जांच में जुट गई, महिला का मौत कैसे हुआ कुछ स्पस्ट नही हुआ । फिरहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोट के बाद कुछ स्पस्ट कह पाने की बात कर रही है। खबर लिखे जाने तक मृतक के मौत का कारण कुछ स्पस्ट नही हुआ था ।

मौके पर पहुंचे ख़जनी थानेदार सदानन्द सिन्हा ने बताया बबिता पत्नी विवेकानन्द उम्र 32 बर्ष का शव कमरे में मिला है ,फांसी लगाने का साक्ष्य नही मिला है, महिला की मौत कैसे हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पस्ट होगा, घर मे केवल 70 वर्षीय रामबृक्ष और उसकी छोटी बहू है, मृतक महिला का पति विवेक नन्द विदेश रहता है, देवर दिल्ली कमाता है, बताया जा रहा है ,रविवार को देर शाम अचेत हालत में थी, आस पास के लोग इलाज के लिए भागे,जहां चिकित्सक मृत घोषत कर दिए, सुबह मौके पर पहुंच का जांच पड़ताल कर अग्रिम कार्यवाही में लगे हुऐ है।

**फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी, सीओ ने की पूछ ताछ**

रहस्यमयी मौत को लेकर ख़जनी पुलिस साथ फॉरेंसिक टीम सहित सीओ ख़जनी उदय प्रताप सिंह घटना स्थल पहुंचे मौके से जांच टीम साक्ष्य जुटाने में लग गई । कमरे के अंदर से फिंगर प्रिंट सहित अन्य कई पहलुओ पर जांच किया गया , सीओ ख़जनी आस पास के लोगो से पूछ ताछ किये ।

# अंधविश्वास में बच्ची कि नृसंश हत्या

**● पति पत्नी ने मिलकर घटना को दिया अंजाम**

**चाकू बरामद**

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया।** जनपद कि भटनी थाने कि पुलिस ने हत्या प्रकरण में 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है साथ ही हथियार बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि भटनी क्षेत्रान्तर्गत एक बालिका का शव बरामद होने के सम्बन्ध में एक दिवस पूर्व लड़की की गुमशुदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 369/2024 धारा 103(1) बीएनएस में धारा 3(5),238 बीएनएस बढ़ाते हुए जाँच चल रही थी। क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस टीमों का गठन किया गया था । जिसके क्रम में पुलिस टीम ने घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों शेषनाथ यादव पुत्र स्व0 कतवारु यादव व उसकी पत्नी सविता देवी निवासीगण बेहराडाबर थाना भटनी जनपद देवरिया को उनके घर से गिरफ्तार करते हुए उनकी निशानदेही पर घर के छज्जे पर छिपाकर रखा चाकू व दो खुन से लथपथ कपड़े बरामद कर लिया।

बताया जाता है कि मृतका अपने पिता अवधेश यादव निवासी भरहे चौरा स्थित ननीहाल में मामा के घर विवाह समारोह में सम्मलित होने हेतु आई थी, अभियुक्ता सविता देवी ने बताया कि मेरा पुत्र संजय जो मानसिक रुप से बिमार रहता है, के लिए यूट्यूब एवं अन्य माध्यम से मैनें तंत्र-मंत्र की विद्या सीखी है। मेरे सपने में देवी ने आकर कहा था कि अगर किसी नाबालिक की बली दे दोगी तो तुम्हारा पुत्र स्वस्थ्य हो जायेगा। मेरे पति के बड़े भाई गेनालाल यादव का नया मकान पुराने मकान से कुछ दूर पर है जिनके यहां शादी पड़ा हुआ था। विवाह में सम्मलित होने आयी मृतका के पिता अवधेश के हम लोग मामा मामी हैं। मृतका उस दिन खेलते हुए पुराने घर पर आ गई थी, हम लोगों ने उसे बहला फुसला कर अपने घर रोक लिया एवं जब सब नये घर पर चले गए तब मेरे व मेरे पति ने मिलकर घर के आंगन में अपने दरवाजे के पास बच्ची की बली दे दी एवं शव को घर से कुछ दूर पर मक्के के डंठल में छिपा दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम कि इस उपलब्धि पर पुलिस महानिदेशक ने प्रशंसा चिह्व से सम्मानित करने की संस्तुति की है एवं उप महा निरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र ने पुलिस टीम को 50 हजार रुपये से पुरस्कृत किये जाने की घोषणा की है।

# बाल विवाह रोकने के लिए सजग रहे धर्मगुरु- डीएम

**●बिना आयु प्रमाणपत्र के न कराये विवाह**

**बाल विवाह रोकने के लिए जिलाधिकारी ने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया ।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने धार्मिक स्थलों पर बाल विवाह को रोकने के लिए सभी धर्मगुरुओं और धार्मिक स्थल संचालकों से सजग रहने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि बिना आयु प्रमाण पत्र देखे धार्मिक स्थल पर विवाह न कराये। धर्मगुरुओं की सजगता से बाल विवाह पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। जिलाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह में किसी भी प्रकार की भागीदारी एक गंभीर अपराध है। बाल विवाह केवल एक कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि यह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गहरा प्रभाव डालता है।

जिलाधिकारी ने धार्मिक स्थलों पर बिना विधिक आयु प्रमाण पत्र के विवाह न कराए जाने की अपील की। उन्होंने सभी धर्मगुरुओं से आग्रह किया कि विवाह से पहले वर-वधू के आयु प्रमाण पत्रों की जांच सुनिश्चित करें। साथ ही, बाल विवाह के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए धार्मिक स्थलों पर दीवार लेखन और अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करें। जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ प्रकरणों में जागरूकता की कमी के कारण बाल विवाह संपन्न हो जाते हैं। ऐसे मामलों को रोका जा सकता है, बशर्ते समुदाय सजग हो। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे बाल विवाह से संबंधित किसी भी जानकारी को प्रशासन तक अवश्य पहुंचाएं। समाज के हर वर्ग को इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

**बाल विवाह की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर**

जिलाधिकारी ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सीयूजी नंबर 7052097681, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति-8299541747, संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई-9452274299, जिला परिवीक्षा अधिकारी-9795094880, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी (अपर जिलाधिकारी प्रशासन)-9454416254, पुलिस अधीक्षक-9454458032 एवं जिलाधिकारी देवरिया-9454417543 के नंबर पर बाल विवाह से जुड़ी सूचना दी जा सकती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐसी सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी जलालपुर का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी जलालपुर का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि कार्यालय परिसर में सीमा स्तम्भ रखे गये थे जिन्हें 15 नवम्बर 2024 तक राजस्व परिषद के निर्देश के क्रम में गांव की सीमाओं पर आवश्यकतानुसार तथा जहॉ सीमा स्तम्भ क्षतिग्रस्त हो गये थे वहां लगाये जाने थे, लेकिन अब तक नही लगाये जाने पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी केराकत और खण्ड विकास अधिकारी को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी जलालपुर के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए 03 दिवस के भीतर सभी सीमा स्तम्भ लगवाने के निर्देश दिये और जियो टैग फोटो पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए।फैमिली आईडी में कम प्रगति पाये जाने पर खण्ड विकास अधिकारी के प्रति नाराजगी व्यक्त की और प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थिति पंजीका तथा निरीक्षण पंजीका का भी अवलोकन किया। निरीक्षण पंजीका के अवलोकन के दौरान नियमित निरीक्षण नही होना पाये जाने पर नाराजगी व्यक्ति करते हुए निर्देश दिया कि जिला स्तरीय अधिकारी 15 दिन के भीतर निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि कर्मचारी और अधिकारी समय से आकर लोगो की समस्याओं को सुनते हुए पात्रों को शासन की योजनाओं के लाभ दें। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा वृद्धावस्था पेंशन से सम्बन्धित पोर्टल पर लम्बित आवेदनों की जानकारी लेते हुए निस्तारण कराने के निर्देश दिया जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि अभिलेखो का रख-रखाव उचित ढंग से किया जाए और कार्यालय में नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिये। इस दौरान कर्मचारीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चौहान शिक्षा समिति ने सैदपुर गड़उर में बहुआयामी कार्यक्रम का किया आयोजन

**●छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को कंबल वितरित**

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** करंजाकला ब्लॉक क्षेत्र के जयकरन पूर्व माध्यमिक विद्यालय, सैदपुर गड़उर में चौहान शिक्षा समिति, जौनपुर उत्तर प्रदेश द्वारा एक बहुआयामी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नारी सशक्तिकरण, धर्म और राजनीति, पर्यावरण, तथा संविधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जयकरन पूर्व माध्यमिक विद्यालय ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि खो-खो में जनपद स्तरीय स्थान हासिल किया। इन उपलब्धियों पर मुख्य अतिथि डॉ. राजमणि मिश्रा (पूर्व डीन, पूर्वांचल विश्वविद्यालय) ने विजेता विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रामसेवक चौहान ने की, जबकि संचालन विद्यालय के प्रबंधक लालजीत चौहान ने किया। अतिथियों के रूप में डॉ. साधु सिंह बौधन (पूर्व प्राचार्य मिहरावा), भाजपा नेता समरनाथ चौहान, लक्ष्मण चौहान, दिनेश सिंह, उदयराज चौहान, अरविंद चौहान, राजेश प्रधान, राजेंद्र चौहान, रामनारायण दिवाकर चौहान, दुष्यंत सिंह बरका, सतीश सिंह, शिक्षक वीरेंद्र यादव, सुनीता सिंह, मधु कुमारी समेत कई गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संविधान पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अंजनी चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नारी सशक्तिकरण पर अनन्या चौहान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि पर्यावरण विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।इसके अतिरिक्त, चौहान शिक्षा समिति ने गरीब बच्चों और उनके परिवारों को कंबल वितरित किए। इस पहल से अभिभावकों और बच्चों के बीच खुशी का माहौल बना रहा।कार्यक्रम ने न केवल शिक्षा और खेल के क्षेत्र में विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित किया, बल्कि समाज में जागरूकता और सशक्तिकरण का संदेश भी दिया। चौहान शिक्षा समिति की यह पहल गांव के विकास और सामाजिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# अनुसूचित/अनुसूचित जन जाति वर्ग के दशमोत्तर छात्र/छात्राओं की छात्रवृत्ति योजना हेतु समय सारिणी निर्गत

स्वतंत्र प्रभात




**कुशीनगर।** वित्तीय वर्ष शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति वर्ग के छात्र/छात्रों के छात्रवृत्ति योजना में आनलाईन से लेकर वितरण तक समस्त कार्यवाही हेतु समय-सारणी जारी कर दी गयी है। जो छात्रवृत्ति https://scholarship.up.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है। जिला समाज कल्याण अधिकारी विनय कुमार ने अवगत कराया है कि शिक्षण संस्था द्वारा मास्टर डाटा तैयार करना 31 दिसंबर 2024 तक। विश्वविद्यालय / एफिलियेटिंग एंजेसी/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा फीस आदि का सत्यापन 06 जनवरी 2025 तक। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन 10 जनवरी 2025। छात्र स्तर से आनलाइन आवेदन / भुगतान आदि की प्रक्रिया, छात्र द्वारा रजिस्ट्रेशन करने की तिथि 28 मार्च 2025 तक, छात्र द्वारा आनलाइन आवेदन 31 मार्च 2025 तक, छात्र द्वारा फाइनल प्रिन्ट आउट निकालना 05 अप्रैल 2025 तक, शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना 16 अप्रैल 2025 तक। जनपदीय समिति द्वारा डाटा लॉक करना 10 दिसंबर 2024 से 10 जून 2025 तक, पी0एफ0एम0एस0पर छात्रों का बैलिडेशन 02 दिसंबर 2024 से 02 जून 2025 तक, प्रथम चरण के क्रम में उन्होंने बताया कि छात्र द्वारा आनलाइन आवेदन 18 नवंबर 2024 तक, शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना 30 नवंबर 2024 तक, विश्वविद्यालय / एफिलिएटिंग एजेंसी/ जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन व अपात्र छात्र पाठ्यक्रम व संस्था का ब्लॉक करना 02 दिसंबर 2024 से 09 दिसंबर 2024 तक। द्वितीय चरण के अंतर्गत छात्र द्वारा आनलाइन आवेदन 15 जनवरी 2025 तक। हार्ड कापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था में जमा किया जाना 18 जनवरी 2025 तक । शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित्त एवं अग्रसारित करना 25 जनवरी 2025 तक। विश्वविद्यालय / एफिलिवेटिंग एंजेसी / जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन व अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम व संस्था को ब्लाक करना 27 जनवरी 2025 से 20 फरवरी 2025 तक विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एंजेसी द्वारा रिजल्ट अपलोड करना 10 फरवरी 2025 तक। त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों के स्तर से सही करना 05 फरवरी से 10 फरवरी 2025 तक। छात्रों द्वारा सही आवेदन को जमा करना एवं संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित कराना 13 फरवरी 2025 तक। जनपदीय समिति द्वारा डाटा लॉक करना 05 मार्च, 2025 तक। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद के समस्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति संस्था/विद्यालयों / समस्त छात्र-छात्राओं को अवगत कराया है कि छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्रदर्शित समय-सारणी के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सीडीओ ने पार्क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया



**सिद्धार्थनगर।** मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा सोमवार को विकास खण्ड बांसी के ग्राम पंचायत जमलाजोत में निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत पार्क की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पार्क में मिट्टी पटाई एवं समतलीकरण व अन्य कार्य कराया गया। मनरेगा योजना से कराया जाना है। निर्देशित किया गया कि अतिशीघ्र मिट्टी पटाई कार्य कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान बीडीओ कुमार कर्तिकेय मिश्र, अवर अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, तथा ग्राम प्रधान ,तकनीकी सहायक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मृत्यु

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र के अन्तर्गत एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मृत्यु हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के चचेरे भाई सुरेश ने बताया कि तेजपाल पुत्र करुआ निवासी नौगांव थाना छाता जो कि रोजाना की तरह शनिवार को भी मथुरा से मजदूरी करके बाइक से घर लौट रहे थे। तभी सांय करीब आठ बजे चौमुहां फ्लाईओवर के आगे पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के तीन बच्चे हैं दीपक, विवेक और शिवानी हैं। स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। क्योंकि परिवार का भरण पोषण करने वाले तेजपाल ही थे।

### ट्रक से मिला 180 किलो गांजा

**मथुरा।** एसटीएफ फील्ड यूनिट गौतमबुद्ध नगर व थाना हाईवे पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर जमशेद पुत्र जमील निवासी ग्राम सिरोही थाना घोंच जिला फरीदाबाद हरियाणा व जाहुल पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम धुलावट थाना तावडू जनपद नूंह हरियाणा को ट्रक आरजे 11 जीसी 1098 से गिरफ्तार किया। ट्रक में 185 किलो ग्राम गांज था। ट्रक को ग्राम मुडेसी के आगे से गिरफ्तार किया गया।

### हाईवे पर डीसीएम से बरामद की लाखों की शराब

**आरोपितों को किया गिरफ्तार, 79 पेटी शराब की बरामद की**



**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग 19 से पुलिस ने एक डीसीएम के अंदर से लाखों रुपये की शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। डीसीएम को कब्जे में लेकर शराब को जब्त कर लिया गया है। सोमवार को थाना छाता पुलिस को सूचना मिली कि कस्बा चौकी एनएच 19 छाता के पास से दो अभियुक्त जितेश कुमार पुत्र स्व. प्रभू साहनी निवासी ग्राम रेवा थाना सरईयां जिला मुज्फ्फरपुर बिहार व रमन कुमार पुत्र सियाराम साहनी निवासी ग्राम कोवा मौहम्मद थाना लालगंज जिला वैशाली बिहार डीसीएम बीआर जीडी 7240 से तस्करी कर शराब ले जा रहे हैं। डीसीएम में बडी मात्रा में शराब है जिसकी कीमत लाखों रुपये में है। इसके बाद छाता पुलिस ने तस्करी कर ले जाई जा रही शराब को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और डीसीएम को पकड़ लिया। डीसीएम के अंदर 79 पेटी शराब की भरी हुई थी। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्यागी थाना छाता, एसआई हरेन्द्र सिंह, एसआई सहेन्द्र सिंह एसआई यूटी अक्षय कुमार थाना छाता आदि थे।

**आठ लीटर कच्ची शराब पकडी**

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने एक व्यक्ति को आठ लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा के मुताबिक सौख गोवर्धन रोड से महमदपुर गांव की ओर रास्ते से एक अभियुक्त श्याम पुत्र बाबूलाल निवासी मौहल्ला जाटव ग्राम महमदपुर (परासौली) थाना गोवर्धन जनपद मथुरा को आठ लीटर अवैध कच्ची शराब सहित किया गिरफ्तार। आरोपित के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# असम श्रीभूमि (करीमगंज) जिले के दुल्लभछड़ा के कई इलाकों के लोग बंदरों के आतंक से परेशान।

**● - बंदरों की समस्या के समाधान के लिए वन विभाग के अधिकारियों और दुल्लाब्छा क्षेत्र के लोगों ने एक समिति बनाई।**

स्वतंत्र प्रभात



**असम श्रीभूमि (करीमगंज)** काफी समय से श्रीभूमि (करीमगंज) जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र के लोग बंदरों के आतंक से परेशान हैं। 11 नवंबर को 'ग्रेटर दुल्लभछड़ा के जीडीपीसीएफ' के सभापति ने मुख्यमंत्री, वन मंत्री, राताबाड़ी के विधायक बिजय मालाकार, मुख्य सचिव और श्रीभूमि (करीमगंज) के जिला डीसी सहित डीएफओ को एक पत्र भेजा। श्रीभूमि के डीएफओ ने 22 नवंबर को चेरागी वन रेंज के रेंजर को पत्र लिखकर जीडीपीसीएफ के साथ बैठक कर लोगो के में क्षति की मात्रा के साथ बंदरों को कैसे भगाया जाए, इसके लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिया था. तदनुसार, आज 2 दिसंबर (सोमवार) को दोपहर 3:30 बजे दुल्लभछड़ा मोटर स्टैंड 'राय-शर्मा' परिसर में वन विभाग, जीडीपीसीएफ और स्थानीय लोगों की एक बैठक आयोजित की गई। चेरागी वन रेंज के रेंजार मनोज सिंह को अध्यक्ष, जीडीपीसीएफ के अध्यक्ष अंशुमान पाल को कार्यकारी अध्यक्ष, जीडीपीसीएफ के कार्यकारी अध्यक्ष हेमचंद्र चाटार्जी को उपाध्यक्ष, दुल्लभछड़ा वन विभाग के बीट अधिकारी अशफाक अहमद को सदस्य सचिव और अमित दास, भानु चंद, अमर नामशूद्र, संतोष रॉय,देवब्रत सिन्हा, चंदन भर को सदस्य शामिल किया गया। बैठक, में प्रमुख पत्रकार सचिन्द्र शर्मा मौजूद थे 11 सदस्यों वाली ग्रेटर दुल्लभछड़ा क्षेत्र के लिए एक केंद्रीय समिति का गठन किया गया। बाद में क्षेत्र के आधार पर स्थानीय स्तर पर कमिटी का गठन किया जायेगा. चेरागी वन रेंजार मनोज सिंह ने स्थानीय लोगों को बंदरों से बचाने के लिए फिलहाल बंदर विशेषज्ञों को क्षेत्र में लाने का वादा किया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने राताबाड़ी के लोकप्रिय एवं सक्रिय विधायक विजय मालाकार से चेरागी 'रिजर्व' रेंज को 'वर्ल्ड-लाइफ' रेंज में पदोन्नत करने की मांग की।

### जमीनी विवाद में हुई मारपीट में चार महिलाएं घायल

**मथुरा।** थाना जैंत के गांव राल में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। एक पक्ष की ओर से जमकर चले लाठी डंडों से दूसरे पक्ष की दो महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। घायल पूजा ने बताया कि उसके पिता घर के बाहर बैठे हुए थे। तभी पड़ोस के रहने वाले लोकमन व उसके परिजनों ने एक राय होकर लाठी से हमला बोल दिया।

उसके अन्य परिजन बीच बचाव करने आए तो उन पर भी लाठिया बरसा दी। घटना में ब्रजो,पूजा, लक्ष्मी, भूप सिंह घायल हुए है। पीड़ित पक्ष ने लोकमन, श्याम नेता, हर्रो,प्रताप, छल्लों, भोजराज, पप्पी, पंकज के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। घटना में घायल हुई पूजा ने बताया कि उसके पिता ने गांव राल में जमीन खरीदी थी, उक्त लोग उस पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। जिसका विरोध करने पर नामजदों ने मारपीट की है।

# दंडवत यात्रा के लिए अनुमति न मिलने पर, अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

स्वतंत्र प्रभात




अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन के पदाधिकारी बैठे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर

**मथुरा**–अखिल भारतीय समता फाउंडेशन एवं महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति मथुरा द्वारा समान शिक्षा लागू कराने एवं जाति जनगणना लागू कराने व नागरिकों की उन्नति व खुशहाली के लिए मथुरा राजघाट दिल्ली तक आयोजित दंडवत यात्रा की शासकीय अनुमति प्रशासन द्वारा दो बार निरस्त किए जाने के खिलाफ एवं अनुमति जारी कराने की मांग को लेकर रमेश सैनी व लुकेश कुमार राही द्वारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल राजकीय छात्रावास निकट कमांड हाउस मथुरा पर शुरू की। अपने संबोधन में पवन चतुर्वेदी राष्ट्रीय प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन (सुनील )ने कहा कि सरकार संविधान और मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है अगर आज प्रशासन ने अनुमति जारी नहीं की तो समस्त यूनियन के लोग दंडवत यात्रा के समर्थन में भूख हड़ताल करेंगे।

**भूख हड़ताल के प्रथम दिन पवन चतुर्वेदी राष्ट्रीय प्रवक्ता भाकियू ( सुनील), मुकेश धनगर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी**

मथुरा, उदय भान जाटव प्रमुख महासचिव उत्तर प्रदेश भाकियू (सुनील), ताराचंद गोस्वामी अध्यक्ष किसान मजदूर सभा, अभिमन्यु सैनी राष्ट्रीय सचिव मेरी आवाज संस्था, सलीम खान महानगर अध्यक्ष भाकियू (टिकैत), चित्रसेन मौर्य, राजेश कुमार आकाश कुमार, जितेंद्र कुमार, अजय कुमार,नरेश सर, एड विवेक कुमार, संजू सैनी, भोपाल सैनी, मुकेश सैनी, गौरव कुमार, दिलीप कुमार, एड दीपक कुमार, आकाश बाबू, एड भानु प्रताप सिंह, डॉ रुपेंद्र कुमार, एड दिनेश कुमार, रोहतास बोरा, जिनेंद्र कुमार, कृष्णा महावन, सुभाष सैनी, भिक्को बाबा कांग्रेसी, हेमराज सिंह,आदि लोगों ने भूख हड़ताल की मांगों का समर्थन किया है।

## पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश हुए घायल, तीन गिरफ्तार

**● - थाना रिफाइनरी क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई नकबजन की मुठभेड़**

स्वतंत्र प्रभात




मुठभेड के बाद गिरफ्तार चोरी आरोपित और बरामद चोरी की बैट्री।

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर नकबजन लुटेरे अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से दो अवैध तमंचे आठ कारतूस (04 जिन्दा व 04 खोखा) 315 बोर एवं बेट्री व्यापारी की दुकान में नकबजनी कर चुरायी गयी पांच बेट्री व वायर व चोरी किये गये नौहजार रूपये व घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद किया है। एक दिसम्बर की रात को करीब 11 बजे घटनास्थल बाद रेलवे स्टेशन रोड के पास गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई।

मुठभेड़ के दौरान कपूर उर्फ कपूरा पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम कटुकपुर शेरपुर थाना नसीरपुर फिरोजाबाद व समीर पुत्र कल्लू निवासी खंडारी व थाना न्यू आगरा जिला आगरा मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये। राहुल पुत्र वासुदेव निवासी 324 मेन गली बापू नगर खंदारी न्यू आगरा को भी दौरान गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ के दौरान घायल हुए युवकों को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। कपूर के खिलाफ आठ, समीर के विरूद्ध सात और अभियुक्त राहुल के खिलाफ चार आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

# ट्रेन की तरह अब रोडवेज बसों की भी मोबाइल पर मिलेगी लोकेशन

**● - मथुरा की 154 रोडवेज बसों की लोकेशन मिलेगी एप पर, 10 दिसम्बर मिलने लगेगी सुविधा चालू होगी लाइव एप की सुविधा**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** ट्रेन की तरह अब रोडवेज बसों की लोकेशन भी आप को मोबाइल पर मिलेगी। घर बैठे आप पता लगा सकेंगे कि जिस बस से आपको यात्रा करनी है उस बस की लोकेशन कहां है। किस समय वह अब आप को किस पॉइंट पर मिलेगी। इससे रोडवेज बस से सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। कोहरे और बरसात के दिनों में यह सुविधा यात्रियों के लिए मुसीबत कम करने वाली साबित होगी।

अब उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को बसों की लाइव लोकेशन के बारे में एक एप के माध्यम से जानकारी मिलेगी। इसकी जीपीएस डिवास लगाने का कार्य कराने की तिथी अब 10 दिसम्बर तक बढ़ा दी गई है। यह कार्य पूरा होने के बाद अब घर बैठे यात्री बसों का लोकेशन जान सकेंगे। इसके साथ मथुरा के चार बस अड्डों को भी इस सुविधा से जोड़ा जा रहा है। इसकी तैयारियों में मथुरा डिपो जुटा हुआ है। अभी तक यात्री बस अड्डे पहुंच जाते या रास्ते में खड़े होकर यूपी रोडवेज की बसों का इंतजार करते रहते लेकिन बसें समय से नहीं मिलती थीं। इसके लिए उत्तरप्रदेश परिवहन निगम प्रयागराज कुंभ से पूर्व सभी रोडवेज बसों की जानकारी देने के लिए एक एप यात्रियों की सुविधा के लिए जारी करने वाला है। जिससे प्रदेश की सभी बसों को इस एप से जोड़ा जाएगा।

यह कार्य पूरा करने की तिथी 30 नवम्बर थी। लेकिन अभी एस एप को जोड़ने का कार्य सभी डिपो की बसों में पूरा नहीं हो




मथुरा में बस स्टेण्ड पर खडीं रोडवेज की बसें।

सका है। इस कारण इसकी तिथी 10 दिसम्बर तक बढा दी गई है। मथुरा डिपो के एआरएम मदन मोहन शर्मा ने बताया कि रोडवेज बसों में सफर करने वाले पैसेंजरों को लाइव लोकेशन के लिए तैयार किए गए एप की सुविधा से डिपो की बसों जोड़ने का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि डिपो की सभी 68 अनुबंधित बसों को इस एप से जोड़ दिया गया है। जबकि रोडवेज की तीन दर्जन बसें इस एप से जुड़ गई हैं। इस सुविधा का लाभ मथुरा जिले के भूतेश्वर बस अड्डे, पुराना बस अड्डे, वृंदावन और गोवर्धन के बस अड्डों पर बड़ी टीवी स्क्रीन लगाई गई है। जिस पर भी ऑन लाइन बसों की जानकारी यात्रियों को मिलेगी। वरिष्ठ संचालन प्रभारी संतोष अग्रवाल ने बताया कि मथुरा डिपो के बस बड़े में 86 रोडवेज और 68 अनुबंधित बसें संचालित हो रही हैं। इनमें प्रतिदिन 20 ये 22 हजार यात्रियों के द्वारा सफर किया जा रहा है। इस एप के आने के बाद यात्री ट्रेन की तरह बस की भी लाइव लोकेशन देख सकेंगे।

## किसान कांग्रेस ने किया डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**● - डिप्टी कलेक्टर को दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात



जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देते किसान कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

**मथुरा।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जनपद के किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए डिप्टी कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष नरेश पाल सिंह जसावत ने ज्ञापन देने के बाद बताया कि जिले के अधिकांश ग्राम पंचायतों में पोखरों व तालाबों पर अवैध अतिक्रमण हो रहे हैं, नालियां व सीवर का पानी इन्हीं तालाबों व पोखरों में आ रहा है। इसलिये इन तालाबों व पोखरों की नापतौल कराई जाए और इनमें गंदा पानी जाने से रोका जाए, सिंचाई विभाग द्वारा रजवाह एवं माइनर की खुदाई एवं सफाई समय पर नहीं की जा रही है, जिससे किसानों को सरसों एवं गेहूँ की फसल की सिंचाई करने के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसान नेताओं ने सरकार द्वारा विद्युत विभाग दक्षिणांचल का निजीकरण का विरोध करते हुए कहा कि विद्युत निगम का निजीकरण नहीं किया जाए। इस मौके पर वरिष्ठ किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ठा. हेमन्त सिंह एडवोकेट, पूर्व किसान कांग्रेस अध्यक्ष ठा. बच्चू सिंह तरकर, राधा मोहन शर्मा, ठा. शेर सिंह, ठा. गिर्राज सिंह, ठा. लाखन सिंह तरकर, ठा. रविन्द्र सिंह सिसौदिया, ठा. बदन सिंह, ठाकुर दास महाराज बड़ौता, कन्हैया लाल शर्मा, पवन उपाध्याय, पंकज चौधरी, धर्मेन्द्र वैष्णव, अश्विनी शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, महावीर गुर्जर, शमसू खान, खेम सिंह पहलवान व रवि, ठा. बब्बन सिंह, संजीव वर्मा, तिलकराज गौतम, रामनेता महोली, ठा. प्रताप सिंह (बड़ौता), हरिओम सोलंकी, केके उर्फ कृष्णकांत ठाकुर एवं नरेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे।

### मथुरा जनपद में सिविल डिफेंस ने चलाया स्वच्छता अभियान



सिविल डिफेंस के स्वंसेवक सफाई अभियान चलाते हुए।

**मथुरा।** नागरिक सुरक्षा विभाग मथुरा के सहायक उप नियंत्रक जितेन्द्र देव सिंह के नेतृत्व में वार्डन पोस्ट संख्या एक में स्थित नागरिक सुरक्षा पार्क और गोकुल के घाटों पर लाईफ जैकिट पहन कर डिविजनल वार्डन भारत भूषण तिवारी एवं पोस्ट वार्डन अशोक यादव की टीम के द्वारा नागरिक सुरक्षा विभाग के स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया सफाई अभियान में नागरिक सुरक्षा मथुरा के सहायक उप नियंत्रक जितेन्द्र देव सिंह, डिविजनल वार्डन भारत भूषण तिवारी, पोस्ट वार्डन अशोक यादव, अरविंद चौधरी, सैक्टर वार्डन राम सैनी, गोविन्द, रिंकी, शुभम् कुमार, राकेश, रिंकी, जवर सिंह एवं आदि वार्डन स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# पहली बार भारतीय मुद्रा परिषद के राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा मथुरा

**● - कल से देश भर के पुरातत्वविद पांचजन्य प्रेक्षागार में तीन दिन करेंगे मंथन, मुद्रा प्रदर्शनी भी लगेगी**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय, लखनऊ (संस्कृति विभाग) द्वारा भारतीय मुद्रा परिषद का 106 वां वार्षिक सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी व मुद्रा प्रदर्शनी का तीन दिवसीय आयोजन 03 से 05 दिसम्बर के मध्य मथुरा के पांचजन्य प्रेक्षागृह डैम्पियर नगर में होगा। वार्षिक सम्मेलन व मुद्रा प्रदर्शनी का शुभारंभ 03 दिसम्बर को पूर्वाह्न 09 बजे पांचजन्य प्रेक्षागृह में होगा। शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि प्रदेश के संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह हैं। विशिष्ट अतिथि प्रदेश के गन्ना मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी होंगे। वार्षिक सम्मेलन स्थल पर प्रेक्षागृह परिसर में प्राचीन सिक्कों की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। इस प्रदर्शनी में लोग प्राचीन समय के सिक्कों की जानकारी ले सकेंगे। सम्मेलन में भाग लेने देश के अनेक पुरातत्वविद मथुरा आ रहे हैं। वार्षिक सम्मेलन के मध्य में बाहर से आ रहे प्रतिनिधिगण मथुरा के राजकीय संग्रहालय, वृंदावन के वृंदावन शोध संस्थान और कुसुम सरोवर आदि स्थलों का शैक्षिक भ्रमण भी करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय की निदेशक रेनू द्विवेदी ने स्कूली बच्चों के अलावा इतिहास व पुरातत्व में रुचि रखने वाले लोगों से वार्षिक सम्मेलन में तीनों दिन भाग लेने का आह्वान किया है। अधिवेशन का समन्वय व संयोजन प्रभारी क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डा राजीव त्रिवेदी कर रहे हैं। परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में ऑस्ट्रेलिया के विद्वान प्रो. आरमंड बोपेराची, भारतीय विरासत संस्थान के उप कुलपति प्रोफेसर बी आर मणि, भारत कला भवन वाराणसी के डॉ बी डी सिंह, मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय हैदराबाद के डॉ इकराम उल हक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ मुकेश कुमार सिंह, डा पंकज शर्मा, बसंत कन्या महाविद्यालय काशी हिंदू विश्वविद्यालय की डॉ संवेदना सिंह, प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन विश्वविद्यालय कोलकाता की डॉ स्मिता हालदार कोलकाता विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सुष्मिता बसु मजूमदार, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर विजय लक्ष्मी सिंह, असम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर प्रोजीत कुमार पालीत, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय नोएडा के डॉ मुकेश कुमार वर्मा, काशी हिंदू विश्वविद्यालय की प्रो बिंदा परांजए, पटना विश्वविद्यालय की डॉ नवीन कुमार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डॉ राघवेंद्र प्रताप सिंह, जौनपुर विश्वविद्यालय के संदीप सिंह, शिवांश तिवारी, पीयूष मित्र के अतिरिक्त लगभग 200 से अधिक प्रतिभागी अपना शोध प्रस्तुत प्रस्तुत करेंगे।

## सतह पर आई किशनपुर ग्राम पंचायत की रार

**● - अनियमितता के आरोपों के बाद ग्राम प्रधान व सचिव को जारी हुए नोटिस**

**आरोपी प्रधान के प्रतिनिधि ने बताया कि आरोप झूंठे है**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** किशनपुर ग्राम पंचायत की रार अब सहत पर आ गई है। लगातार शिकायतों के बाद जिलाधिकारी ने बलदेव ब्लाक की ग्राम पंचायत किशनपुर के प्रधान पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा लगाए गए आरोपों पर नोटिस जारी करके एक माह पूर्व प्रधान से स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी ने बताया कि प्रधान को नोटिस जारी किया गया है उनके द्वारा जवाब दिए जाने के बाद ही आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जबकि शिकायत कर्ता का अरोप है कि अभी तक अधिकारी दोषी गांव प्रधान के विरूद्ध कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। गांव निवासी शिकायतकर्ता एडवोकेट नंदकिशोर ने जिलाधिकारी से शिकायत की कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए शासन से प्राप्त धनराशि का गांव प्रधान किशनपुर शीला देवी के द्वारा दुरुपयोग किया गया है। नंद किशोर ने बताया कि ग्राम प्रधान पर प्रारंभिक जांच में आरोप तय हो चुके हैं। लेकिन शिकायत र्ता ने आरोप लगाया है कि अधिकारी अब उस प्रधान को बचाने में लगे हैं। जिलाधिकारी ने प्रारंभिक जांच आख्या के बाद 23 अक्टूबर को संबंधित ग्राम प्रधान को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

डीपीआरओ किरन चौधरी ने बताया कि नोटिस का जवाब आने पर गांव प्रधान के खिलाफ जिलाधिकारी के माध्यम से कार्रवाई की जाएगी। वहीं आरोपी ग्राम प्रधान की प्रतिनिधि मनीषा पाराशर ने बताया कि शिकायतकर्ता के पिता गांव के दस साल प्रधान रहे हैं। उन्होंने गांव सभा की खसरा नम्बर 141 व 138 पर कब्जा कर रखा है। गांव प्रधान ने 142 नम्बर की भूमि खरीदी थी। इस भूमि के आगे 142 व पीछे 138 खसरा की भूमि है। उसने दोनों को अपनी भूमि में मिला लिया है। तहसीलदार ने हर घर जल योजना में 138 खसरा भूमि को पानी की टंकी बनाने के लिए चयनित किया गया है। उस दौरान तहसील प्रशासन ने उक्त भूमि से पूर्व प्रधान व शिकायत कर्ता के पिता का कब्जा हटवाकर वहां पानी की टंकी का निर्माण कराया गया लेकिन शिकायत कर्ता ने पानी की टंकी को तोड़ दिया। शिकायत कर्ता के पिता की मांग पर तहसील प्रशासन की टीम दो बार उक्त भूमि की नाप कर चुकी है।

## बांग्लादेशी हिन्दुओं को लेकर बढी चिंता




राया में बांग्लादेष की घटना पर प्रदर्षन कर नाराजगी जताते लोग।



बरसाना में बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाते ग्रामीण।

**● - साधु संतों से होकर आम जनता की जुबान पर चढा यह मुद्दा**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** बांग्लादेशी हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढी है। साधु संतों से लेकर यह मुद्दा अब आम जनता की जुबान पर चढ रहा है। गांव देहात में भी लोग इसे लेकर अपनी चिंता जता रहे हैं और अपने तरीके से हिंसा के खिलाफ विरोध जता रहे हैं। बरसाना में हिन्दू स्वाभिमान मंच मथुरा द्वारा नन्दगाव खण्ड की श्रीजी गार्डन में एक सभा आयोजन बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहा अत्याचार के खिलाफ चार दिसंबर को होने वाले धरना प्रदर्शन को लेकर रणनीति तैयार की गई। गौ भक्त चंद्रशेखर बाबा, घनश्याम शर्मा, मान मंदिर संस्था के सचिव सुनील उर्फ ब्रजदास, गोपाल, गौरव शर्मा, कान्हा, टिंकू, नरेन्द्र अग्रवाल उर्फ गुड्डू सैठ, लक्ष्मण सिंह आदि इस दौरान मौजूद रहे। राया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित विभिन्न हिंदू संगठनों ने सोमवार को संयुक्त रूप से बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, कत्लेआम, महिलाओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के विरोध में प्रदर्शन करते हुए कस्वे के रेतिया बाजार स्थित श्यामलाल मदनलाल धर्मशाला पर एकत्रित होकर एक रैली निकाली। राकेश बंसल, कृपाल सिंह, राकेश बंसल, मूली शर्मा, मनोज शर्मा, हरिमोहन सोलंकी, मुकेश पाठक, कालीचरन, प्रमोद कुमार, उत्तम सभाषद, भूपेंद्र, मान सिंह, मोहित अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल पंकज गुप्ता, आकाश भट्ट आदि सेकड़ों कार्यकर्ताओं प्रमुख रूप से साथ रहे।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com